आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति रिपोर्ट

Report on Trend & Progress of Housing in India

2021

भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति रिपोर्ट – 2021

एस. के. होता
प्रबंध निदेशक

S. K. Hota
Managing Director

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

पत्र प्रेषण

रा.आ.बैंक(नदि)/एमडी/आउट 00714/2022
24 फरवरी, 2022

वित्त सचिव
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
जीवनदीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट
नई दिल्ली–110 001

महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 42 के प्रावधानों के अनुसार, मैं इस पत्र के साथ वर्ष 2021 की भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति की रिपोर्ट की एक प्रति आपको सहर्ष अग्रेषित कर रहा हूँ।

भवदीय,

(एस के होता)

संलग्नः यथोपरि

एस. के. होता
प्रबंध निदेशक

S. K. Hota
Managing Director

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

पत्र प्रेषण

रा.आ.बैंक(नदि)/एमडी/आउट 00715/2022
24 फरवरी, 2022

गवर्नर
भारतीय रिजर्व बैंक
18वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय बिल्डिंग
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुम्बई – 400 001

महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 42 के प्रावधानों के अनुसार, मैं इस पत्र के साथ वर्ष 2021 की भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति की रिपोर्ट की एक प्रति आपको सहर्ष अग्रेषित कर रहा हूँ।

भवदीय,

(एस के होता)

संलग्नः यथोपरि

विषय सूची

अध्याय

विवरण		पृष्ठ सं.
अध्याय 1: वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं आवासीय क्षेत्र का विहंगावलोकन		**7**
1.1	वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं आवासीय परिदृश्य	7
1.2	भारतीय अर्थव्यवस्था एवं आवासीय परिदृश्य	9
1.3	आवास क्षेत्र का पुनरुद्धार	11
1.4	राष्ट्रीय आवास बैंक की भूमिका	12
1.5	वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान रा.आ.बैंक की कार्य निष्पादकता एवं प्रमुख पहलें	15
अध्याय 2: भारत में आवास		**17**
2.1	परिचय	17
2.2	ग्रामीण आवास नीति	17
2.3	शहरी आवास नीति	22
2.4	राष्ट्रीय आवास बैंक की ''सबके लिए आवास'' मिशन में भूमिका	26
2.5	किफायती किराया आवास कॉम्प्लेक्स (एआरएचसी)	30
2.6	ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज–इंडिया (जीएचटीसी–इंडिया)	31
अध्याय 3: आवास वित्त में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का परिचालन और कार्य निष्पादन		**32**
3.1	परिचय	32
3.2	सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एससीबी और एचएफसी के वैयक्तिक बकाया आवास ऋण	32
3.3	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के मध्य वैयक्तिक आवास ऋण बाजार अंश	33
3.4	प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का बकाया वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) में राज्य–वार कार्य–निष्पादन	34
3.5	वैयक्तिक आवास ऋणों (आईएचएल) के संवितरण में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का राज्य–वार कार्य–निष्पादन	36
3.6	आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन	38
3.7	आवास वित्त कंपनियों की वित्तीय रूपरेखा	40
3.8	आवास वित्त कंपनियों के उधार की प्रोफ़ाइल	42
3.9	आवास वित्त कंपनियों की सार्वजनिक जमाराशियां	44
3.10	आवास वित्त कंपनियों की संपत्ति प्रोफाइल	46
3.11	आवास वित्त में सहकारी क्षेत्र के संस्थान	50
अध्याय 4: आवास वित्त कंपनियों के विनियमन एवं पर्यवेक्षण संबंधी घटनाक्रम		**51**
4.1	परिचय	51
4.2	आवास वित्त कंपनियों के विनियमन में प्रमुख विकास	51
4.3	आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण	54
4.4	पर्यवेक्षी परिपत्र	54
4.5	अर्थदंड	55
अध्याय 5: भावी परिदृश्य - आवास खंड और आवास वित्त की आघात-सहनीयता		**56**
5.1	अर्थव्यवस्था में सुधार	56
5.2	आवास खंड और आवास वित्त की आघात–सहनीयता	56
5.3	परिदृश्य	60

अनुबंध

विवरण		पृष्ठ सं.
अनुबंध I :	एनएचबी रेजीडेक्स	61
अनुबंध II :	आवास निर्माण में राज्य स्तरीय पहलें	64
अनुबंध III :	यथा 31 मार्च, 2021 के साथ पिछले वर्षों के दौरान सभी आवास वित्त कंपनियों का वित्तीय कार्य–निष्पादन	75
अनुबंध IV :	आ.वि.कं. द्वारा राज्य/केंद्र शासित प्रदेशवार वैयक्तिकों को आवास ऋण का संवितरण	79
अनुबंध V :	एसीएचएफ द्वारा संवितरित आवास ऋण और निर्मित इकाईयाँ	80

तालिका

विवरण		पृष्ठ सं.
तालिका 3.1 :	सितंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा बकाया वैयक्तिक आवास ऋण	34
तालिका 3.2 :	वित्तीय वर्ष 2021 और वर्ष 2021–22 की प्रथम छमाही में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा वैयक्तिक आवास ऋणों का संचयी संवितरण	34
तालिका 3.3 :	अखिल भारतीय – वैयक्तिक आवास ऋण – बकाया	35
तालिका 3.4 :	अखिल भारतीय – वैयक्तिक आवास ऋण – संचयी संवितरण	36
तालिका 3.5 :	आवास वित्त कंपनियों के प्रमुख वित्तीय संकेतक	40
तालिका 3.6 :	आवास वित्त कंपनियों – पब्लिक लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड का निष्पादन	40
तालिका 3.7 :	सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार करने और न स्वीकार करने वाली आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन	41
तालिका 3.8 :	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और बहु–राज्य सहकारी बैंकों और अन्य द्वारा प्रायोजित आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन	42
तालिका 3.9 :	आवास वित्त कंपनियों द्वारा बकाया उधार लेने की प्रवृत्ति	42
तालिका 3.10 :	आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋणों और अग्रिमों एवं निवेशों की प्रवृत्ति	46
तालिका 3.11 :	आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋणों से आवास ऋणों की तुलना	47
तालिका 3.12 :	आवास वित्त कंपनियों द्वारा वैयक्तिक स्लैब–वार आवास ऋण संवितरण की प्रवृत्ति	47
तालिका 3.13 :	विगत 3 वर्षों का आवास वित्त कंपनियों द्वारा वैयक्तिकों को आवास ऋण का प्रयोजन–वार संवितरण	49
तालिका 3.14 :	आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋणों के उधारकर्ताओं के प्रकार–वार संवितरण की प्रवृत्ति	49
तालिका 3.15 :	शीर्ष सहकारी आवास संघ के उधार एवं ऋण प्रदान करने सम्बन्धी परिचालन (संचयी)	50

ग्राफ

विवरण		पृष्ठ सं.
ग्राफ 1.1	: भू–संपदा रिहायशी संपत्तियों की कीमतों (वर्ष–दर–वर्ष) में (प्रतिशत) बदलाव	8
ग्राफ 1.2	: 50 शहरों हेतु मिश्रित एचपीआई @ आकलन मूल्य में उतार–चढ़ाव	10
ग्राफ 1.3	: आ.वि.कं. का तिमाही दर तिमाही तुलनात्मक संवितरण	11
ग्राफ 2.1	: सीएलएसएस लाभार्थियों की संख्या (संचयी)	26
ग्राफ 2.2	: पीएमएवाई–सीएलएसएस (यू) के तहत रा.आ.बैंक द्वारा जारी संचयी सब्सिडी	27
ग्राफ 3.1	: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के बकाया वैयक्तिक आवास ऋण	33
ग्राफ 3.2	: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के मध्य वैयक्तिक आवास ऋणों का बाजार अंश	33
ग्राफ 3.3	: वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) देने में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) के राज्य–वार कार्य–निष्पादन पर हीट मैप – बकाया पोर्टफोलियो और संवितरण	37
ग्राफ 3.4	: आवास वित्त कंपनियों की संख्या	38
ग्राफ 3.5	: एचएफसी की शाखाओं/कार्यालयों का विगत 2 वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार संवितरण	39
ग्राफ 3.6	: विगत दो वर्षों में आवास वित्त कंपनियों के वृद्धिशील उधार	43
ग्राफ 3.7	: विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की आकार–वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृति	44
ग्राफ 3.8	: विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की ब्याज दर–वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृति	45
ग्राफ 3.9	: विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की परिपक्वता–वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृति	45
ग्राफ 3.10	: आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋणों और अग्रिमों तथा निवेशों की प्रवृत्ति	46
ग्राफ 3.11	: आवास वित्त कंपनियों के बकाया वैयक्तिक आवास ऋणों के अवशिष्ट परिपक्वता पैटर्न की प्रवृति	48
ग्राफ 3.12	: वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) संवितरण में प्रयोजन–वार प्रवृति	48
ग्राफ 5.1	: उद्योग स्तर पर आईएचएल बकाया और तिमाही दर तिमाही विकास दर	57

बॉक्स

विवरण		पृष्ठ सं.
बॉक्स 2.1	: पीएमएवाई – ग्रामीण की वर्ष–वार और राज्य–वार प्रगति	19
बॉक्स 2.2	: ''केंद्र प्रायोजित योजनाओं का मूल्यांकन – पीएमएवाई–जी के संबंध में ग्रामीण विकास क्षेत्र'' पर अध्ययन के निष्कर्ष	20
बॉक्स 2.3	: पीएमएवाई–यू की वर्ष–वार प्रगति	23
बॉक्स 2.4	: अमृत, एससीएम और पीएमएवाई (यू) की प्रगति, उपलब्धियां और परिणाम	25
बॉक्स 2.5	: पीएमएवाई(यू) रोजगार सृजन पर का सामाजिक–आर्थिक प्रभाव	30
बॉक्स 3.1	: पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों का कार्य निष्पादन	39
बॉक्स 5.1	: बकाया वैयक्तिक आवास ऋण पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों द्वारा ब्याज दर संचरण	58
बॉक्स 5.2	: आवास वित्त क्षेत्र पर कोविड 19 के प्रभाव का अध्ययन	59

I वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं आवासीय क्षेत्र का विहंगावलोकन

1.1 वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं आवासीय परिदृश्य

मजबूत नीतिगत समर्थन, प्रभावी टीकाकरण अभियान और आर्थिक गतिविधियों की क्रमिक बहाली की मदद से इस वर्ष वैश्विक आर्थिक विकास में तेजी आई है। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद अब अपने पूर्व–महामारी के स्तर को पार कर गया है, लेकिन 2021 के मध्य में उत्पादन अभी भी महामारी से पहले के अनुमान से $3^{1/2}$ प्रतिशत कम है। हालांकि यदि विभिन्न नीतिगत चुनौतियों का सामना कर रहे देशों में उत्पादन और रोजगार जाने को देखा जाए तो विभिन्न देशों, क्षेत्रों और जनसांख्यिकीय समूहों के बीच आश्चर्यजनक रूप से अलग–अलग परिणामों के साथ रिकवरी एक समान नहीं रही है। कुछ देशों में जहां उत्पादन महामारी पूर्व स्तर पर लौट आया है, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका, लेकिन रोजगार अभी भी महामारी के पूर्व के स्तर से नीचे ही है। दूसरे देशों की बात करें, खासतौर पर यूरोप की, तो यहां रोजगार को तो काफी हद तक बचा लिया गया है लेकिन उत्पादन और कुल काम करने के घंटे अभी तक अपने पूर्व वाली स्थिति में नहीं आ पाए हैं। कुछ उभरते–बाजार अर्थव्यवस्थाओं में गतिविधि में तेजी से बदलाव हुआ है, लेकिन कुछ मामलों में, इसके साथ उच्च मुद्रास्फीति दबाव भी हैं।

2021 की दूसरी तिमाही में उन देशों में विकास की गति तेज रही है, जहां रोकथाम के उपायों में काफी हद तक ढील दी गई, या जहां संक्रमण दर कम रही, इस गति को उपभोक्ता द्वारा अधिक व्यय और सहायक मैक्रोइकॉनॉमिक नीतियों से मदद मिली। हालांकि, अधिक संक्रमणीय डेल्टा वैरिएंट के प्रसार के कारण अभी भी काफी संख्या में लोग संक्रमित हो रहे हैं, और अगर टीकाकरण की गति और देशों में नीतिगत समर्थन की बात करें तो विशेष रूप से कई उभरते–बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में काफी अंतर हैं। जिन देशों में अधिक टीकाकरण हुआ है वहां डेल्टा वैरिएंट का अपेक्षाकृत हल्का आर्थिक प्रभाव पड़ा है, लेकिन ऐसे संकेत मिले हैं कि यह भरोसे पर भारी पड़ सकता है और निकट अवधि के विकास की गति को कम कर सकता है। विशेष रूप से एशिया–प्रशांत क्षेत्र के कई देशों ने, जहां टीकाकरण दर अपेक्षाकृत कम रही है, डेल्टा वैरिएंट के प्रसार को रोकने के लिए नए रोकथाम उपाय लागू किए हैं।

वस्तुओं की उच्च कीमतों, आपूर्ति–पक्ष की बाधाओं, अर्थव्यवस्थाओं के फिर से खुलने के कारण मजबूत उपभोक्ता मांग, और महामारी के शुरुआती महीनों में कुछ क्षेत्रीय कीमतों में गिरावट के फिर से ऊपर उठने के कारण हाल के महीनों में दुनिया भर में शीर्ष उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति भी बढ़ी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में वार्षिक मुद्रास्फीति 5% से अधिक हो गई है, लेकिन कई अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से यूरोप और एशिया में अपेक्षाकृत यह कम दरों पर बनी हुई

है। महामारी के शुरुआती चरण में कीमतों में गिरावट के बाद मुद्रास्फीति में मौजूदा वृद्धि का एक हिस्सा आधार प्रभावों को दर्शाता है। कई उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं में, ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की उच्च कीमतों ने मुद्रास्फीति को बढ़ा दिया है, जो मजबूत कीमतों में वृद्धि और उपभोक्ताओं के खर्च में वस्तुओं की अपेक्षाकृत उच्च हिस्सेदारी दोनों को दर्शाता है।

आवासीय परिदृश्य

कोविड–19 महामारी ने निर्माण कार्य को गंभीर रूप से बाधित किया है, कई परिवारों के लिए घर के लिए भुगतान करना कठिन हो गया, और इसने आवासीय क्षेत्र को गंभीर रूप से चोट पहुंचाई है। दुनिया भर के देशों ने किरायेदारों और मॉर्टगेज–धारकों की सहायता करने के उद्देश्य से कई उपायों के साथ इस संकट का सामना किया गया है। बेदखली के साथ–साथ किराए और बंधक भुगतान पर रोक व्यापक रूप से लागू की गई है। अधिकतर स्थानीय सरकारों द्वारा बेघरों को आपातकालीन आश्रय भी उपलब्ध कराए गए हैं। कई देशों ने स्वतः अनुबंध विस्तार या नवीनीकरण की अनुमति देकर किराए को रोक दिया और/या मकान मालिक–किरायेदार संबंधों में संशोधन किया है। कर प्राधिकरणों ने मॉर्टगेज–धारकों के लिए भुगतान स्थगन या राहत के उपाय भी शुरू किए हैं।

इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चल रहा है। इस तरह, जीवन के सामान्य होकर महामारी के पूर्व की स्थिति में आने की उम्मीद है और इसकी साथ यह भी उम्मीद है कि आर्थिक विकास और उपभोक्ता व्यय भी महामारी के पूर्व वाली स्थिति में आ जाएगी। आवास बाजार में अपेक्षाकृत निम्न मॉर्टगेज दरों की प्रवृत्ति और अधिक सकारात्मक उपभोक्ता भावना को अनुभव किया जा रहा है जिसके कारण घर खरीदने की इच्छा में अचानक तेज उछाल आने की उम्मीद है। हालांकि, अर्थव्यवस्थाओं में वैश्विक आवास की कीमतें अलग–अलग विकास पैटर्न दर्शाती हैं।

1.1.1 वैश्विक आवास मूल्यों में उतार-चढ़ाव

2021 की पहली तिमाही में वैश्विक वास्तविक आवास मूल्य में वार्षिक आधार पर कुल मिलाकर 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, (ग्राफ 1.1) जोकि दर्शाता है कि यह 2007–09 के वैश्विक वित्तीय संकट (जीएफसी) के बाद से रिकॉर्ड की गई सबसे तेज वृद्धि दर है। औसतन 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ यह वृद्धि खासतौर पर उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत रही। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय अंतर के साथ उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में कीमतों में औसतन 2.5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई।

ग्राफ 1.1 : भू-संपदा रिहायशी संपत्तियों की कीमतों (वर्ष–दर–वर्ष) में प्रतिशत बदलाव



स्रोतः रिहायशी संपत्ति मूल्य सांख्यिकी, बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट (बीआईएस)

2021 की पहली तिमाही में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, वास्तविक रिहायशी संपत्तियों की कीमतों में 7.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले यह 2.3 प्रतिशत थी। यह कोविड–19 महामारी की शुरुआत के बाद से देखी गई महत्वपूर्ण तेजी की पुष्टि करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका (10%), यूनाइटेड किंगडम (8%), कनाडा (7%), ऑस्ट्रेलिया (6%) और जापान (4%) में कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई। न्यूजीलैंड (19%) और डेनमार्क (14%) में आवास मूल्य में दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई।

यूरो क्षेत्र में, सदस्य देशों के बीच काफी अंतर के साथ वार्षिक आधार पर वास्तविक आवास मूल्य मुद्रास्फीति थोड़ी और नीची (5%) रही। नीदरलैंड (9%), जर्मनी (8%) और फ्रांस (5%) में आवास की कीमतें मजबूत रहीं। लेकिन ये इटली (1%) और स्पेन (0%) में सपाट रहीं।

उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं में, वास्तविक रिहायशी संपत्ति की कीमतें महामारी की शुरुआत के बाद से मामूली रूप से बढ़ रही हैं। वे एक साल पहले की 0.1 प्रतिशत की तुलना में 2021 की पहली तिमाही में वार्षिक आधार पर 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी हैं। विभिन्न देशों के बीच काफी विविधता के साथ उभरते एशिया (1.5%) में आवास मूल्य मुद्राफस्फीति मध्यम बनी हुई है।

कोविड-19 महामारी के दौरान क्षेत्रीय आवास मूल्यों में उतार-चढ़ाव

उपाख्यात्मक साक्ष्यों से संकेत मिलता है कि महामारी के दौरान उपनगरीय और ग्रामीण रिहायशी संपत्तियों में आवास की मांग बढ़ी है और बड़े शहरों में यह कम हुई है जोकि कई संभावित कारकों को दर्शाता है जैसे कि महामारी के कारण लॉकडॉउन, प्रतिबंध, सामाजिक दूरी नियम एवं घर से काम करने की व्यवस्था का विकसित होना।

क्षेत्रीय सूचना डेटा पर बीआईएस सांख्यिकी के अनुसार, कोविड–19 महामारी के प्रकोप के बाद से, संबंधित देशों के शहरों के अन्य हिस्सों की तुलना में बड़े शहरों में आवास मुद्रास्फीति निम्न दिखाई देती है।

1.2 भारतीय अर्थव्यवस्था एवं आवासीय परिदृश्य

भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8.4% की दर से बढ़ा है क्योंकि भारत इस वर्ष की शुरूआत में आई कोविड–19 की दूसरी लहर से उबरने लगा है। भारत उन कुछ देशों में है जिन्होंने कोविड–19 के बीच लगातार चार तिमाहियों (वित्त वर्ष 2021 की तीसरी और चौथी एवं वित्त वर्ष 2022 की पहली और दूसरी तिमाही) में वृद्धि दर्ज की है जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सामर्थ्य को दर्शाता है। सेवा क्षेत्र में फिर से चालू होने, विनिर्माण क्षेत्र के इस झटके से पूर्णतः उबरने और कृषि क्षेत्रों में सतत विकास के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था उभर पाई है। बढ़ते टीकाकरण कवर के साथ अर्थव्यवस्था के उबरने ने निवेश चक्र की तेज गति से शुरूआत करने पर बल दिया है।

1.2.1 भारत में आवास मूल्य

आवास न केवल एक संपत्ति होती है बल्कि परिवारों के लिए एक लंबे समय तक उपयोग की जाने वाली वस्तु भी होती है, जो आश्रय और अन्य सेवाएं उपलब्ध करता है। आवास मूल्य में बदलाव परिवारों की जीवन भर की संपत्ति की धारणा को प्रभावित करता है और इस प्रकार परिवारों के व्यय और उधार लेने के फैसले को प्रभावित करता है। आवास मूल्य में वृद्धि से निर्माण लागत की तुलना में घर का मूल्य बढ़ जाता है; इसलिए जब घर की कीमत निर्माण लागत से अधिक हो जाती है तो एक नया निर्माण लाभदायक होता है। इसलिए रिहायशी संपत्तियों में निवेश सकारात्मक रूप से आवास मूल्य में वृद्धि से जुड़ा है। आवास कीमतें बैंक उधार को और बैंक उधार आवास की कीमतों को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त, आवास की कीमते बढ़ने से आवासीय संपार्श्विक में भी बढ़ोत्तरी होती है। बैंक उधार और आवास मूल्यों के बीच संभावित दो–तरफा संबंध ऋण और भू–संपदा बाजारों में आपसी सुदृढ़ीकरण चक्र को भी बढ़ाता है। ये चीजें इस ओर इशारा करती हैं कि घरों की कीमतें परिवारों की निजी खपत, रिहायशी निवेश और वित्तीय प्रणालियों के ऋण आवंटन के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकती हैं।

आवास ऋण पर ब्याज दर में कमी और संपत्ति की स्थिर कीमत के कारण कोरोना वायरस महामारी के बाद भारत में आवास वहनीयता में वृद्धि हुई है। बकाया वैयक्तिक आवास ऋण पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की भारित औसत उधार दर वित्त वर्ष 2020 की पहली तिमाही के 8.99 प्रतिशत से 147 बीपीएस घटकर वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 7.52 प्रतिशत हो गई (भारतीय रिजर्व बैंक)। आवास वित्त कंपनियों हेतु, बकाया आवास ऋण की भारित औसत उधार दर समान अवधि के लिए 144 बीपीएस घटकर 10.03 प्रतिशत से 8.59 प्रतिशत हो गई।

एनएचबी आवास मूल्य सूचकांक

एनएचबी रेजीडेक्स, जोकि भारत का पहला आधिकारिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) है, को चयनित शहरों में रिहायशी संपत्तियों के मूल्यों में तिमाही आधार पर उतार–चढ़ाव की निगरानी हेतु जुलाई, 2007 में पेश किया गया। यह कवरेज भारत के 21 राज्यों तक फैला हुआ है, जिसमें 18 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की राजधानियां और 33 स्मार्ट शहर शामिल हैं। एनएचबी रेजीडेक्स में 50 शहरों के लिए मिश्रित एचपीआई @ आकलन मूल्य और निर्माणाधीन संपत्तियों हेतु मिश्रित एचपीआई @ बाजार मूल्य भी शामिल हैं।

भारत में आवास मूल्य सूचकांक में उतार–चढ़ाव

ब्याज की दरों में कमी के कारण मांग में और लंबे समय से रिहायशी संपत्तियों में स्थिरता के कारण वहनीयता में वृद्धि हुई है। मार्च 2021 और जून 2021 को समाप्त तिमाही में अधिकतम 115 अंक दर्ज होने के साथ सितंबर 2019 से अब तक समग्र 50 शहरों के सूचकांक में उतार–चढ़ाव अभी तक स्थिर (लगभग 112–115 अंक) रहा है (ग्राफ1.2)।

ग्राफ 1.2: 50 शहरों हेतु संयुक्त एचपीआई @ आकलन मूल्य में उतार–चढ़ाव



स्रोतः एनएचबी रेजीडेक्स
*एचपीआई विवरण **अनुबंध-I** में उपलब्ध है।*

1.3 आवास क्षेत्र का पुनरुद्धार

कोविड–19 संकट ने व्यापक स्तर पर निवारक और उपशामक स्वास्थ्य उपायों के साथ–साथ संघर्षरत कारोबारों को राजकोषीय और मौद्रिक सहायता के रूप में व्यापक तौर पर मैक्रोइकॉनोमिक नीतिगत प्रतिक्रियाओं की जरूरतों को सामने लाया। सरकार ने स्वास्थ्य व्यय, आय अंतरण और कल्याणकारी भुगतानों को बढ़ावा देने के लिए आपातकालीन ऋण व्यवस्था गारंटी योजना और कोविड प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऋण गारंटी योजना आदि को पेश कर राजकोषीय नीति को सकारात्मक रूप से लागू करके कोविड–19 संकट पर करारा प्रहार किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को चुनिंदा एनबीएफसी और आ.वि.कं. द्वारा जारी बॉण्डों को आंशिक ऋण वृद्धि प्रदान करने की अनुमति देकर, बैंकों को उनके द्वारा धारित सरकारी प्रतिभूतियों को एनबीएफसी और आ.वि.कं. को उनके वृद्धिशील बकाया ऋण के बराबर राशि तक स्तर –1 उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि संपत्ति (एचक्यूएलए) के रूप में गणना करने की अनुमति देकर, और खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) और टर्म रेपो के माध्यम से चलनिधि की गति और मात्रा में वृद्धि कर सहायता प्रदान की। आ.वि.कं. को शामिल करने के लिए बाहरी वाणिज्यिक उधारों (ईसीबी) के लिए पात्र उधारकर्ताओं की सूची को भी विस्तारित किया गया और अवसंरचना क्षेत्र में ईसीबी के लिए औसत परिपक्वता आवश्यकता को 5 साल से घटाकर 3 साल कर दिया गया। इन उपायों के साथ–साथ चलनिधि के उदार प्रावधान और पूरे वर्ष नीति में ढील देने से बाजार की वित्तीय स्थिति को स्थिर करने में मदद मिली।

कोविड–19 के प्रभाव तथा इससे संबंधित लॉकडाउन की वजह से पड़े प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 2020–21 की पहली तिमाही के दौरान व्यवसाय में व्यवधान उत्पन्न हुआ है (ग्राफ 1.3)। हालांकि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में धीरे–धीरे लॉकडाउन हटने के साथ आवास ऋण संवितरण ने रफ्तार पकड़ी और मार्च 2021 में रिकॉर्ड ऊंचाई दर्ज की। चालू वर्ष के दौरान, हालांकि अप्रैल–मई 2021 में कोविड संक्रमण में फिर से बढ़ोत्तरी का प्रभाव पड़ा, लेकिन पिछले वर्ष के विपरीत, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में महामारी की तीव्रता के आधार पर आवास ऋण संवितरण अलग–अलग स्तरों पर जारी रहा। यह आ.वि.कं., द्वारा तिमाही वैयक्तिक आवास ऋण संवितरण से स्पष्ट होता है। इसी प्रकार की वृद्धि सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों में भी देखने को मिलती है।

ग्राफ 1.3: आ.वि.कं. का तिमाही दर तिमाही तुलनात्मक संवितरण (राशि करोड़ में)



एल एंड टी हाउसिंग फाईनेंस को छोड़कर
स्रोतः ऑफ–साइट रिटर्न, रा.आ.बैंक

नीतिगत परिवर्तनों में स्टाम्प ड्यूटी की दर में कमी उचित ब्याज दर तथा पीएमएवाई के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता ने टीयर II एवं टीयर III शहरों में किफायती आवास खंड की वृद्धि में मदद प्रदान की है।

टीकाकरण के लिए पात्र लोगों की बढ़ती हिस्सेदारी, घर स्वामित्व के प्रति लोगों की भावानाओं, तकनीक एवं डिजिटल मार्केटिंग को तेजी से अंगीकृत करने तथा अभिनव व्यापारिक तौर–तरीकों ने भारतीय रिहायशी आवास क्षेत्र पर कोविड–19 के प्रभाव को कम किया है।

1.4 राष्ट्रीय आवास बैंक की भूमिका

राष्ट्रीय आवास बैंक, जोकि भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, की स्थापना राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के अंतर्गत 9 जुलाई 1988 को की गई। राष्ट्रीय आवास बैंक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर आवास वित्त संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख एजेंसी के रूप में काम करना और ऐसे संस्थानों को वित्तीय और इससे जुड़े मामलों में सहायता प्रदान करना है।

रा.आ.बैंक का विजन है *''आवास वित्त बाजार में स्थायित्व युक्त समावेशी विस्तार को बढ़ावा देना''* जबकि इसका मिशन है *''निम्न एवं मध्य आय आवास पर जोर देते हुए आबादी के सभी वर्गों की आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाजार क्षमताओं को तलाशना और विकसित करना''।* राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने 1988 में अपनी स्थापना के बाद से प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को आवास ऋण के पुनर्वित्त, नीतिगत हस्तक्षेप और संस्थागत ढांचे को बढ़ावा देने के बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से देश में एक मजबूत और टिकाऊ आवास वित्त प्रणाली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रीय आवास बैंक की उपस्थिति अखिल भारत में है। यथा जून 2021 तक, बैंक के 10 क्षेत्रीय/प्रतिनिधि कार्यालय हैं।

रा.आ.बैंक की प्रमुख भूमिकाओं में निम्नलिखित शामिल हैं

1.4.1 पर्यवेक्षण

आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण रा.आ.बैंक की प्रमुख भूमिकाओं में से एक है। रा.आ.बैंक के पर्यवेक्षण का उद्देश्य किसी भी आ.वि.कं. को इस प्रकार के कार्य करने से रोकना है जो जनता के हित के प्रतिकूल हो और आवास वित्त क्षेत्र के परिचालन और विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। आ.वि.कं. की सुरक्षा एवं मजबूती को सुनिश्चित करने हेतु रा.आ.बैंक के पास एक ठोस निगरानी प्रणाली है जिसमें आ.वि.कं. द्वारा प्रस्तुत आवधिक रिटर्न और बाजार आसूचना दोनों के माध्यम से आ.वि.कं. का स्थलीय और स्थलेत्तर निरीक्षण शामिल हैं। डेटा और एमआईएस के लिए, रा.आ.बैंक ने नेट और वेब–आधारित प्रौद्योगिकी पर आधारित ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रबंधन सूचना प्रणाली (ओआरएमआईएस) की शुरुआत की है। यह प्रणाली आ.वि.कं. को अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) का उपयोग करके डिजिटल रूप से रिटर्न पर हस्ताक्षर करने के बाद इंटरनेट पर सभी सांविधिक और अन्य रिटर्न सुरक्षित रूप से जमा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस प्रकार प्रस्तुत रिटर्न का विश्लेषण किया जाता है और उसके बाद इन्हें स्वीकार किया जाता है जो आगे की निगरानी और विश्लेषण के लिए केंद्रीय डेटा रिपोजिटरी (सीडीआर) को भेजा जाता है। जुलाई 2021 में, रा.आ.बैंक ने अपनी पर्यवेक्षी गतिविधियों और एमआईएस आवश्यकताओं को और मजबूत करने के लिए स्वचालित डाटा प्रवाह (एडीएफ) प्रणाली नामक एक योजना शुरू की है। एडीएफ अनिवार्य रूप से इंटरनेट सहित नेटवर्क पर दो सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों के बीच डाटा आदान–प्रदान का एक माध्यम है।

1.4.2 वित्त पोषण

वित्तपोषण राष्ट्रीय आवास बैंक की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। रा.आ.बैंक पुनर्वित्त एवं प्रत्यक्ष वित्त के माध्यम से ऋणदाता संस्थानों के एक बड़े समूह को प्रत्यक्ष वित्त प्रदान करता है। पुनर्वित्त, प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई)

को उनके द्वारा पात्र वैयक्तिक उधारकर्ताओं को प्रदत्त आवास ऋण के संबंध में प्रदान किया जाता है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में आबादी के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। पीएलआई में आ.वि.कं., अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक, अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक, लघु वित्त बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शीर्ष सहकारी आवास वित्त सोसायटी (एसीएचएफ) तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबी) शामिल हैं। आ.वि.कं. को उनके द्वारा विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रदान किये गये परियोजना ऋणों हेतु भी पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है। रा.आ.बैंक बड़े पैमाने पर एकीकृत आवासीय परियोजनाओं तथा मलिन बस्ती पुनर्विकास परियोजनाओं हेतु सार्वजनिक आवास एजेंसियों जैसे कि राज्य स्तरीय आवास बोर्ड एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरणों को प्रत्यक्ष वित्त प्रदान भी करता है। आवास वित्त में सबसे अधिक योगदान वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों का है। रा.आ.बैंक ने देश में आवास वित्त क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के बकाया वैयक्तिक आवास ऋण जो वित्तीय वर्ष 1987 में ₹ 2,083 करोड़ थे वित्त वर्ष 2021 के अंत तक बढ़कर ₹22 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। रा.आ.बैंक का पुनर्वित्त अपने गठन के बाद से 30.06.2021 तक ₹3.02 लाख करोड़ के संचयी पुनर्वित्त संवितरण के साथ सामान्य रूप से आवास वित्त प्रणाली और विशेष रूप से आ.वि.कं. के लिए वित्त का प्रमुख स्रोत रहा है।

1.4.2.1 हरित आवास

रा.आ.बैंक ने भारत में ऊर्जा दक्ष रिहायशी आवास और पर्यावास को एक ऐसे खंड के तौर पर चिन्हित किया है जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों, डिजाइन, उत्पादों के विकास और संवर्द्धन एवं वितरण के रूप में रिहायशी आवास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है।

रा.आ.बैंक ने केएफडब्ल्यू, जर्मनी के साथ साझेदारी में आवास क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना शुरू किया। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल थी। बैंक ने 2010–11 में आवासीय क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऊर्जा दक्ष आवास पुनर्वित्त योजना शुरू की। इन निधियों का उपयोग विभिन्न पीएलआई द्वारा 380 करोड़ रुपये (लगभग) की ऊर्जा दक्ष इकाइयों के लिए 2000 आवास ऋणों के लिए किया गया था।

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) यूके के डीएफआईडी तकनीकी सहायता कार्यक्रम के तहत भुवनेश्वर (ओडिशा), बिहार शरीफ (बिहार) और लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आवास परियोजना हेतु उभरती एवं हरित प्रौद्योगिकी वाले ''प्रदर्शन आवास परियोजना'' के कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2015 में निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद् (बीएमटीपीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सभी परियोजनाओं को पूरा कर राज्य सरकार के प्राधिकरणों को सौंप दिया गया है।

इन सब ने ऊर्जा दक्ष आवास के बारे में जागरूकता के स्तर में सुधार करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ काम करने के लिए रा.आ.बैंक के लिए नींव तैयार की, जैसा कि एजेंस फ्रैंसेज डी डेवलपमेंट (एएफडी), फ्रांस के साथ हमारी नवीनतम साझेदारी में परिलक्षित होता है।

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने अगस्त 2017 में एएफडी के साथ साझेदारी में और यूरोपीय संघ (ईयू) के सहयोग से सनरेफ ग्रीन हाउसिंग इंडिया प्रोग्राम लॉन्च किया। सनरेफ इंडिया कार्यक्रम भारत के संदर्भ में निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों के लिए हरित आवास को अधिक किफायती बनाने, आवास के लिए मौजूदा स्थानीय हरित लेबल को बढ़ावा देने और बाजार की क्षमता और हरित आवास की प्रासंगिकता को प्रदर्शित करने पर केंद्रित है। देश में एएफडी के अध्यादेश के अनुरूप, रा.आ.बैंक और एएफडी द्वारा एक साथ परिकल्पित परियोजना का उद्देश्य हरित किफायती आवास का समर्थन करके देश में आवास उद्योग के अभूतपूर्व विकास के कारण होने वाले नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना है।

प्राकृतिक संसाधनों और ऊर्जा वित्त के सतत उपयोग (सनरेफ) लेबल के तहत, एएफडी ने 12 मिलियन यूरो के यूरोपीय संघ के अनुदान के साथ 100 मिलियन यूरो की ऋण व्यवस्था के माध्यम से नवीन हरित निवेश के विकास में सहायता की है। यूरोपीय संघ के अनुदान में से, 9 मिलियन यूरो का उपयोग निवेश अनुदान के रूप में किया जा रहा है ताकि ऋण व्यवस्था के अंतिम उधारकर्ताओं के लिए ऋण लागत को कम किया जा सके और 3 मिलियन यूरो की तकनीकी सहायता का उपयोग सुविधा उप परियोजना उत्पत्ति के विपणन और प्रारंभिक स्क्रीनिंग और क्षमता निर्माण के लिए किया जा रहा है।

सनरेफ इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य हरित रिहायशी भवनों के विकास को प्रोत्साहित करना है जो ऊर्जा, पानी और निर्माण सामग्री के उपयोग में अधिक दक्षता प्रदर्शित करते हैं, भारत में किफायती आवास परियोजनाओं को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण पर आवास उद्योग के नकारात्मक प्रभावों को कम करते हैं।

सनरेफ इंडिया कार्यक्रम आवास हेतु मौजूदा हरित लेबलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है जो निम्न आय वाले परिवारों के लिए हरित आवास को और किफायती बनाता है, बाजार क्षमता और हरित आवास की प्रासंगिकता को प्रदर्शित करता है और हरित आवास हेतु बेहतर नियमों और सार्वजनिक नीतियों को अपनाने को बढ़ावा देता है।

सनरेफ किफायती हरित आवास कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी सहायता और सीमित सब्सिडी के माध्यम से कम आय वाले परिवारों को किफायती मूल्य पर हरित आवास तक पहुंचने की संभावना को प्रदर्शित करना है।

यह कार्यक्रम हरित आवास बाजार के साथ–साथ प्राथमिक ऋण देने वाली संस्थाओं (पीएलआई) जैसे कि आवास वित्त कंपनियों और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, आवास डेवलपर्स और किफायती आवास प्रदान करने वाली सार्वजनिक एजेंसियों को समर्थन देने में रा.आ.बैंक की संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित है।

सनरेफ इंडिया दो मौजूदा स्थानीय हरित आवास लेबल, एकीकृत पर्यावास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग (गृह) और इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) को बढ़ावा देकर आवास क्षेत्र में ऊर्जा और पर्यावरण दक्षता पर तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है।

बैंक ने सनरेफ अफोर्डेबल ग्रीन हाउसिंग इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत 2 पुनर्वित्त योजनाएं तैयार की हैं और 15 जनवरी, 2022 तक बैंक ने 4,438 परिवारों को 770.36 करोड़ रू. संवितरित किया है और इससे कुल 327,811 वर्ग मीटर के नए रहने योग्य घर बने हैं, 133,140 क्यूबिक मीटर पानी खपत में कमी हुई है, 1,553 टन कचरे में कमी और परिवारों में ऊर्जा की खपत में 2,545,572 (किलोवाट प्रति वर्ष) की कम हुई। बैंक ने अब तक इस कार्यक्रम के तहत 20 क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

बैंक का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि असेवित और अल्प सेवित लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हरित निर्माण हेतु नवोन्मेषी आवासीय प्रौद्योगिकियों और दृष्टिकोण के साथ किफायती आवास, कम लागत वाले किराये और वृद्धिशील आवास को बढ़ावा दिया जाए।

1.4.3 संवर्धन और विकास

रा.आ.बैंक का प्रमुख अधिदेश देश में आवास वित्त हेतु ऋण वितरण नेटवर्क को बेहतर/मजबूत बनाने के लिए आवास वित्त संस्थानों को बढ़ावा देना है। रा.आ.बैंक अपने संवर्धन एवं विकासात्मक भूमिका के अंतर्गत देश में सुदृढ़ आवास एवं आवास वित्त प्रणाली को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। जिसमें केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के रूप में सरकारी योजनाओं को कार्यांवित करना, भारत सरकार द्वारा संवर्धित नए संस्थानों में भागीदरी, आवास वित्त संस्थान एवं बंधक बाजार में अन्य संस्थान को इक्वटी समर्थन, आ.वि.कं. के कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यकम आदि शामिल हैं।

1.5 वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान राआ.बैंक की कार्य निष्पादकता एवं प्रमुख पहलें

- बैंक ने इस वर्ष के दौरान ₹34,230 करोड़ संवितरित किया है। इसमें कोविड संबधित क्षेत्र के दबाव को दूर करने के लिए विशेष पुनर्वित्त योजनाओं (एएसआरएफ/एसआरएफ 2021) के अंतर्गत ₹12,041 करोड़ (@4.85–5.35%) और ईडब्ल्यूएस/एलाआईजी श्रेणियों पर निर्देशित एएचएफ के अंतर्गत ₹9,631 करोड (@3%) शामिल है।
- महामारी की अवधि के दौरान आवास क्षेत्र को रा.आ.बैंक द्वारा पुनर्वित्त सहायता में मार्च 2020 से जून 2021 की अवधि के दौरान कुल ₹63,000 करोड़ का संवितरण शामिल है।
- पिछले दो वर्षों के दौरान बैंक का बकाया पुनर्वित्त पोर्टफोलियो जून 2019 के ₹69,712 करोड़ से बढ़कर जून 2021 में ₹85,545 करोड़ हो गया। इसी अवधि के दौरान, आ.विकं. हेतु पुनर्वित्त एक्सपोजर 43% की वृद्धि दर के साथ ₹50,453 करोड़ से बढ़कर ₹72,107 करोड़ हो गया।
- 2018–19 के चलनिधि संकट के बाद रा.आ.बैंक आ.वि.कं. के लिए कम लागत वाली लंबी अवधि की चलनिधि का मुख्य स्रोत रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान 80% से अधिक पुनर्वित्त आ.वि.कं. को दिया गया है जिसमें 30 से अधिक छोटी आ.वि.कं. हैं जिनका ऋण बही ₹1000 करोड़ से कम है।
- बैंक की कुल आस्ति 20 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जून 2019 के ₹75,180 करोड़ से बढ़कर जून 2021 में ₹90,594 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई।
- एसआरएफ और एएचएफ के तहत इस वर्ष के 63% पुनर्वित्त संवितरण मामूली प्रसार के साथ कम लागत वाली निधियां रहीं।
- बैंक ने ₹663 करोड़ की पीएटी दर्ज किया है। यथा 30 जून, 2021 को, बैंक ने पीसीआर को 100% पर बनाए रखा है।
- महामारी संबंधी यात्रा प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से आवास वित्त कंपनियों के निरीक्षण का एक मिश्रित मॉडल (आभासी और ऑनसाइट का मिश्रण) अपनाया। आवास वित्त कंपनियों के पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने के लिए निरीक्षण रिपोर्ट को डिजिटलीकृत करने के लिए एक ऑनलाइन निरीक्षण रिपोर्टिंग प्रणाली शुरू की गई। विभिन्न ओआरएमआईएस आधारित रिपोर्टों के उन्नयन और स्वचालन के साथ ऑफ–साइट पर्यवेक्षण को मजबूत किया गया।
- 5 बड़ी आ.वि.कं. में स्वचालित डाटा प्रवाह (ऑटोमेटेड डेटा फ्लो) (एडीएफ) को सफलतापूर्वक लागू किया गया और शीर्ष 20 आ.वि.कं. में इसका रोलआउट लागू किया जा रहा है। यह आ.वि.कं. की स्थलेत्तर निगरानी और समग्र पर्यवेक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक प्रमुख पहल है।
- बैंक ने बोर्ड की पर्यवेक्षी समिति और डीएफएस के माध्यम से भा.रि.बैंक को भेजी जाने वाली आवधिक सिफारिशों के माध्यम से आ.वि.कं. के विनियमन और कामकाज में सुधार करने में योगदान देना जारी रखा है। अक्टूबर 2020 से आ.वि.कं. के साथ बैंकों द्वारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र को सह–उधार देने की अनुमति मिलना उनमें से एक थी।
- अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के दौरान, रा.आ.बैंक ने पीएमएवाई–सीएलएसएस (यू) के तहत एक केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में 3.04 लाख परिवारों को ₹6,964 करोड़ की सब्सिडी संवितरित की। जून 2021 तक, रा.आ.बैंक ने सीएनए के रूप में 13 लाख से अधिक परिवारों (ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के तहत 8.53 लाख और 4.63 लाख एमआईजी) को लाभान्वित करने वाले पीएलआई को ₹29,960 करोड़ की सब्सिडी जारी की।
- वर्ष के दौरान प्रमुख मानव संसाधन पहलों में, बैंक की व्यापक मानव संसाधन नीति को लागू करना; उपयुक्त

पदारोहण हेतु विभिन्न संवर्गों में जोखिम प्रबंधन, क्रेडिट, मानव संसाधन, आर्थिक अनुसंधान और एमआईएस में विशेषज्ञ अधिकारियों की तैनाती, निरंतर सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए युवा अधिकारियों के लिए एमडी और ईडी के क्लब की योजना बनाना और शुरू करना शामिल हैं।

- पीएलआई की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के लिए मैट्रिक्स आधारित और प्रौद्योगिकी संचालित रेटिंग मॉडल पेश किया गया है और साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सीएसओसी) चालू किया गया।
- बेहतर निगरानी और अनुपालन, शिकायत निवारण और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) एवं राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय के लिए चेन्नई, भोपाल, लखनऊ और गुवाहाटी में चार नए क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय (आरआरओ) खोलने के साथ क्षेत्रीय ढांचे को मजबूत किया गया।
- इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ—साथ अन्य संस्थानों के कर्मचारियों के टीकाकरण के लिए आंतरिक कोविड—19 टीकाकरण शिविर लगाए गए।
- महामारी की अवधि के दौरान, सभी आ.वि.कं. के साथ आभासी जुड़ाव में वृद्धि ने रा.आ.बैंक को यह सुनिश्चित करने में मदद की कि ऋण चुकौती पर अधिस्थगन उधारकर्ताओं को मिले। इसके अलावा, नए संवितरण में आवासीय क्षेत्र को इस महामारी से उबारने के लिए अत्यावश्यक चलनिधि सहायता प्रदान की गई।
- बैंक ने क्षेत्र विशिष्ट मुद्दों और विकास पर विचार—विमर्श करने के लिए आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कीं।
- कोविड—19 के कारण बार—बार आने वाली बाधाओं के बावजूद, वित्त वर्ष 2020—21 आवास वित्त प्रणाली के साथ—साथ राष्ट्रीय आवास बैंक के लिए भी फिर से खड़े होकर आगे बढ़ने और पुनरुद्धार का वर्ष साबित हुआ। कोविड की दूसरी लहर के बाद भी, आवास वित्त कंपनियों से आवास ऋण संवितरण पुनः महामारी के पूर्व स्तर पर आ गया है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह रही कि महामारी के बाद आवास वित्त क्षेत्र के पुनरुद्धार में आवास वित्त कंपनियों की बड़ी भूमिका रही है और संवितरण चार्ट में ये शीर्ष में बनी हुई हैं।

II भारत में आवास

2.1 परिचय

एक घर किसी भी परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति होती है, एक परिवार द्वारा एक आवास में निवेश न केवल उन्हें रहने के लिए जगह प्रदान करता है बल्कि उन्हें उस जगह के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण हितधारक भी बनाता है। एक मूल्यवान संपत्ति होने के कारण आवास जरूरत के समय परिवारों के लिए धन सृजित कर सकता है या बढ़ी जरूरत को पूरा करने में मदद कर सकता है। घर का स्वामित्व भारत में आम लोगों की महत्वपूर्ण आकांक्षाओं में से एक है।

आवासीय विकास और इस तक समान रूप से पहुंच भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक नीतिगत उद्देश्य रहे हैं। समय के साथ आर्थिक विकास और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि ने एक नए आकांक्षी भारत का निर्माण किया है। स्वतंत्रता के बाद से ही आवास हेतु एक मजबूत पारितंत्र का विकास केंद्र और राज्यों दोनों में सरकारों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है और आगे भी रहेगा। आवासीय विकास आर्थिक और सामुदायिक विकास, रोजगार सृजन, आस्ति निर्माण और धन संचय का एक महत्वपूर्ण चालक है।

आवास संबंधी नीतियों का आवास की कीमतों पर और इस प्रकार स्वामियों, उधारदाताओं, बिल्डरों आदि जैसे विभिन्न हितधारकों के सापेक्ष हिस्सेदारी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। ''सबके लिए आवास'' उपलब्ध कराने हेतु आवास और आवास वित्त बाजार का विकास बहुत जरूरी है। नीति निर्माताओं ने देश में आवास स्वामित्व को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी और किफायती आवास वित्त तंत्र विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किए हैं।

2.2 ग्रामीण आवास नीति

भारत में ग्रामीण आवास पर विशेष ध्यान देने की शुरूआत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (एनआरईपी) (1980) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम (आरएलईजीपी) (1983) के मजदूरी रोजगार कार्यक्रमों में आवासों के निर्माण की अनुमति देकर हुई। बाद में जून 1985 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और मुक्त बंधुआ मजदूरों के लिए घरों के निर्माण के लिए आरएलईजीपी की एक उप–योजना के रूप में एक पूर्ण ग्रामीण आवास कार्यक्रम इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) शुरू की गई। इस उद्देश्य हेतु आरएलईजीपी के तहत आईएवाई के लिए निधि का एक अलग हिस्सा निर्धारित किया गया। अप्रैल, 1989 में जब जवाहर रोजगार योजना (जेआरवाई) शुरू की गई थी, तब अनुसूचित जाति/

अनुसूचित जनजाति और मुक्त बंधुआ मजदूरों के लिए आवास निर्माण हेतु 6% धनराशि आवंटित की गई थी। 1993—94 में, गैर—अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों के लिए जेआरवाई के तहत आवास के लिए निर्धारित निधि को 10% तक बढ़ाकर और इस श्रेणी के लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त 4% के उपयोग की अनुमति देकर कवरेज का विस्तार किया गया।

1 जनवरी 1996 से इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) को एक स्वतंत्र योजना बना दिया गया जिसका उद्देश्य बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करना था। हालांकि आईएवाई ने ग्रामीण आवास की कमी को पूरा करने की कोशिश की, लेकिन इसके कार्यान्वयन के 30 से अधिक वर्षों के बाद भी योजना के तहत कवरेज के सीमित दायरे की वजह से ग्रामीण आवास में आवास की कमी मौजूद है।

ग्रामीण आवास में इन कमियों को दूर करने के लिए और 2022 तक ''सबके लिए आवास'' प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए, 1 अप्रैल, 2016 के तत्काल प्रभाव से आईएवाई की योजना को प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई—जी) में पुनर्गठित कर दिया गया है।

2.2.1 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) – पीएमएवाई (जी)

(पीएमएवाई—जी) का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी बेघरों और कच्चे/जर्जर आवासों में रहने वाले परिवारों को 2022 तक बुनियादी सुविधाओं से युक्त एक पक्का घर उपलब्ध कराना है।

''सबके लिए आवास'' के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2021—22 तक 2.95 करोड़ आवास निर्मित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को चरणों में हासिल किया जाना निर्धारित किया गया है और पहले चरण में 3 वर्ष अर्थात 2016—17 से 2018—19 में 1 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया। दूसरे चरण में 2019—20 से 2021—22 तक 3 वर्षों में 1.95 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

पात्र लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, पीएमएवाई— जी अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से भी घरों की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करता है। योजना के लाभार्थी मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से 90/95 श्रम दिन के अकुशल श्रम का भी हकदार हैं। शौचालय के निर्माण के लिए सहायता एसबीएम—जी (स्वच्छ भारत मिशन—ग्रामीण) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। पाइप के जरिए पेयजल, बिजली कनेक्शन, एलपीजी कनेक्शन आदि के लिए विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत तालमेल के भी प्रयास किए गए हैं।

पीएमएवाई—जी के अंतर्गत लाभार्थियों की पहचान सामाजिक—आर्थिक जातिगत जनगणना—2011 के अनुसार आवास अभाव मापदंडों पर आधारित है। तदनुसार, पीएमएवाई—जी के अंतर्गत एसईसीसी के अनुसार बहिष्करण प्रक्रिया के अधीन और ग्राम सभा द्वारा विधिवत सत्यापित सभी ग्रामीण परिवार और बेघर, एक या दो कमरे के कच्चे मकानों में रहने वाले परिवार को आवास निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जाती है। पीएमएवाई—जी के अंतर्गत, आवासों के निर्माण हेतु मैदानी क्षेत्रों में ₹1,20,000/— और पहाड़ी राज्यों, दुर्गम क्षेत्रों और एकीकृत कार्य योजना (एआईपी) जिलों को ₹1,30,000/— की सहायता प्रदान की जाती है।

2.2.2 पीएमएवाई (ग्रामीण) का कार्यान्वयन और निगरानी

कार्यक्रम का कार्यान्वयन और निगरानी ई—गवर्नेंस समाधानों आवाससॉफ्ट और आवासऐप के माध्यम से पूरी तरह की जा रही है। आवाससॉफ्ट योजना के कार्यान्वयन पहलुओं से संबंधित कई आँकड़ों की डाटा प्रविष्टि और निगरानी के लिए कार्यात्मकता प्रदान करता है। इन आँकड़ों में भौतिक प्रगति (पंजीकरण, स्वीकृतियाँ, गृह निर्माण और किस्तों का जारी होना आदि), वित्तीय प्रगति, अभिसरण की स्थिति आदि शामिल हैं। 2016 में योजना के प्रारंभ के बाद से, सॉफ्टवेयर को अधिक उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर को अधिक सुगम बनाने और कार्यक्रम के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसमें नए मॉड्यूल जोड़े गए हैं।

बॉक्स 2.1 पीएमएवाई – ग्रामीण की वर्ष-वार और राज्य-वार प्रगति

वित्त वर्षों में पूरे किए गए आवासों की संख्या (लाख में)



पीएमएवाई (ग्रामीण) की राज्य-वार प्रगति – स्वीकृत घरों की संख्या (मार्च 2021 तक संचयी)



स्रोतः ग्रामीण विकास मंत्रालय, यथा 12 दिसंबर, 2021 को पीएमएवाई–जी+आईएवाई सहित
शीर्ष 15 राज्यों को नीले रंग में हाइलाइट किया गया है।
**जम्मू और कश्मीर में शामिल*

2.2.3 पीएमएवाई (जी) का विस्तार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में 2.95 करोड़ आवासों के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण (पीएमएवाई—जी)' को मार्च 2021 से आगे जारी रखने की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत शेष 155.75 लाख आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

बॉक्स 2.2 "केंद्र प्रायोजित योजनाओं का मूल्यांकन – पीएमएवाई-जी के संबंध में ग्रामीण विकास क्षेत्र" पर अध्ययन के निष्कर्ष

नीति आयोग के विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) द्वारा प्रायोजित मूल्यांकन अध्ययन के तहत, 6 चयनित सीएसएस (केंद्र प्रायोजित योजनाएं) – मनरेगा, पीएमएवाई—जी, एनएसएपी, डीएवाई—एनआरएलएम, पीएमजीएसवाई और एसपीएमआरएम का विस्तृत योजना स्तरीय विश्लेषण किया गया है। इन योजनाओं में से प्रत्येक का मूल्यांकन प्रासंगिकता, प्रभावशीलता, दक्षता, स्थिरता, प्रभाव और इक्विटी पर आरईईएसआई + ई ढांचे का उपयोग करके किया गया है। अध्ययन के तहत, पीएमएवाई—जी के प्रदर्शन का आकलन विभिन्न विषयों जैसे जवाबदेही और पारदर्शिता, लैंगिक समानता, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग, सुधारों और विनियमों आदि पर किया गया है।

पीएमएवाई—जी पर अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

- पीएमएवाई—जी आईएवाई के सुधार के रूप में विकसित किया गया है और इसने लाभार्थियों की पहचान, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग और निधि प्रवाह की प्रक्रियाओं में प्रासंगिक प्रभाव पैदा किया है। ये सुधार पीएमएवाई—जी की सफलता के लिए फायदेमंद थे। नए अनुभवों के कारण बेहतर सुधार हुए जिससे योजना से अधिक लाभ हुआ।
- पीएमएवाई—जी योजना के सुचारू कार्यान्वयन के लिए प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने में सक्षम रहा है। मकानों की जियो—टैगिंग, मकान की गुणवत्ता की समीक्षा मॉड्यूल, तकनीक से लैस वित्तीय मॉड्यूल के साथ यह योजना प्रौद्योगिकी का काफी अच्छी तरह से लाभ उठा रही है।
- आवासऐप और आवाससॉफ्ट के उपयोग से सीधे लाभार्थी के खातों में समय पर धनराशि का संवितरण किया जा रहा है। पीएमएवाई—जी में एक मजबूत निगरानी तंत्र है। डैशबोर्ड लाभार्थी स्तर पर डेटा रिकॉर्ड करके सभी भौतिक और वित्तीय प्रगति पर नजर रखता है। सभी डेटा नियमित रूप से अद्यतित किए जाते हैं और सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होते हैं जिससे योजना के भीतर पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।
- पीएमएवाई—जी ने विभिन्न रचनात्मक और नवोन्मेषी पद्धतियों को अपनाया है जैसे कि समय पर धन संवितरण में आवासऐप और आवाससॉफ्ट का उपयोग, ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण के माध्यम से वृद्ध और विकलांग लोगों को मकान बनाने में मदद करना, छूट गए लाभार्थियों के वास्तविक मामलों को शामिल करने हेतु आवास+ का उपयोग आदि। यह विभिन्न समस्याओं के लिए लीक से हटकर समाधान का उपयोग करने में पीएमएवाई—जी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- पीएमएवाई—जी के तहत लैंगिक समानता को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। महिला लाभार्थियों के नाम पर घर उपलब्ध कराना, ट्रांसजेंडर लोगों को घर का आवंटन, आवास मित्र बनने के लिए महिलाओं की क्षमता निर्माण योजना के भीतर लैंगिक समानता में योगदान देता है।

- प्रदान की गई महत्वपूर्ण सहायता और समर्थन के साथ, आवेदन प्रक्रिया के प्रति लाभार्थी संतुष्ट रहे हैं। चुनौतियों में समय और धन दोनों के संदर्भ में परिवहन और प्रलेखन संबंधी लागतें शामिल हैं।
- विशेष रूप से किस्त के प्रारंभिक चरणों में केन्द्र से राज्यों को निधि संवितरण दर संतोषजनक रही है। लाभार्थी स्तर पर 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं को स्वीकृति आदेश जारी होने के 7 दिनों के भीतर किस्त प्राप्त हो गयी।
- घर के निर्माण से लाभार्थियों के जीवन सुगमता में वृद्धि हुई है। इसकी पुष्टि प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्रोतों से होती है। 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आवास के निर्माण के साथ जीवन स्तर में सुधार की पुष्टि की।
- ग्रामीण विकास विभाग ने जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आवास निर्माण हेतु पहल डिजाइनों – जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों का सुझाव दिया है। हालांकि, इन डिजाइनों को अपनाने के लिए उचित कार्यान्वयन और लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

स्रोतः वार्षिक रिपोर्ट 2020–21, ग्रामीण विकास मंत्रालय।

यथा 29 नवंबर, 2021 तक, पीएमएवाई (जी) के अंतर्गत 2.95 करोड़ आवास के लक्ष्य में से 1.65 करोड़ आवासों का निर्माण किया जा चुका है। अतः कुल लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से योजना मार्च 2024 तक कार्यन्वित की जाएगी।

2.2.4 ग्रामीण आवास ब्याज सब्सिडी योजना (आरएचआईएसएस)

प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई–(जी) ग्रामीण क्षेत्रों के लिये दिनांक 01 अप्रैल, 2016 से आरंभ की गई जिसका उद्देश्य 2022 तक सभी बेघरों और कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों को सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्के मकान उपलब्ध कराना है। हालांकि, यह सुनिश्चित करने के लिये कि ऐसे सभी परिवारों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो जिन्हें आवासीय इकाईयों का निर्माण/उनमें सुधार की आवश्यकता है और जो पीएमएवाई–(जी), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत नहीं आते, यह योजना 2022 तक सबके लिए आवास के तहत ग्रामीण आवास ब्याज सब्सिडी योजना (आरएचआईएसएस) द्वारा संस्थागत ऋण तक आसान पहुंच के लिए शुरू की गई, ये ऋण पीएमएवाई–(यू) के तहत नहीं आने वाले उनके घरों के निर्माण/ सुधार के लिये जरूरतमंद परिवारों को दिया जाते हैं। योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय सहायता पाने के पात्र लाभार्थियों में वे ग्रामीण परिवार शामिल होंगे जो पीएमएवाई–जी की पक्की प्रतीक्षा सूची में शामिल नहीं हैं और पीएमएवाई–(यू) के तहत कोई लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

यह योजना 19 जून, 2017 से प्रभावी है और लाभार्थियों को 2 लाख रूपये के ऋण पर, 20 वर्ष की अधिकतम अवधि या ऋण की वास्तविक अवधि तक, जो भी पहले हो, 9 प्रतिशत की एनपीवी छूट दर के साथ 3 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। आरएचआईएसएस पीएमएवाई–(शहरी) के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सांविधिक शहरों तथा बाद में कवर किये गये शहरों को छोड़कर पूरे भारत को कवर करेगा। प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) यथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), सहकारी बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों और एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से कार्यान्वित होगी। सबके लिए आवास मिशन की आरएचआईएसएस घटक को कार्यान्वित करने के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा.आ.बैंक को केंद्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर चिह्नित किया गया है। 30 जून, 2021 तक, रा.आ.बैंक ने योजना के कार्यान्वयन के लिये 100 प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) के साथ समझौता ज्ञापनों का निष्पादन किया तथा 22 पीएलआई[1] को 14.59 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि संवितरित की जिससे 7,002 परिवार लाभान्वित हुए।

1 यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में विलय हो गया है इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय हो गया है और आंध्रा बैंक का 1 अप्रैल 2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विलय हो गया है किंतु उन्होंने अलग से सूचित किया है।

2.3 शहरी आवास नीति

भारत में शहरीकरण एक महत्वपूर्ण और अपरिवर्तनीय प्रक्रिया बन गई है और यह राष्ट्रीय आर्थिक विकास और गरीबी में कमी का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। शहरीकरण की प्रक्रिया को बड़े शहरों की संख्या में नाटकीय वृद्धि के द्वारा चिन्हित किया गया है, हालांकि भारत को मुख्य रूप से ग्रामीण से अर्ध–शहरी समाज में बदलने के मध्य में कहा जा सकता है। विकास की वर्तमान दर पर, भारत में शहरी आबादी 2030 तक 57.5 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

2011 की जनगणना के अनुसार, 37.71 करोड़ भारतीय, जिसमें देश की 31.16 प्रतिशत आबादी शामिल है, शहरी क्षेत्रों में रहते थे। 2031 तक शहरी आबादी के लगभग 60 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। जबकि भारत 2050 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की अपनी यात्रा जारी रखे हुए है, योगदान के तौर पर भारत के विकास में शहरी भारत की भूमिका गौरतलब है। शहरी भारत, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 65% का योगदान देता है, जो 2030 तक 70 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है, जोकि एक अभूतपूर्व विस्तार होगा जो भारत के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगा। इस समय के दौरान, 60 प्रतिशत शहरी नागरिक मध्यम वर्ग में चले जाएंगे और हर साल 0.10 करोड़ से अधिक युवा कार्यबल के तौर पर तैयार होते जाएंगे, जिसके कारण तेज और पारदर्शी सेवाओं और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे की जरूरत होगी। भारत सरकार एक समन्वयक और निगरानीकर्ता की भूमिका निभाती है और केंद्रीय क्षेत्र एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से विभिन्न शहरी आवास कार्यक्रमों, शहरी आजीविका मिशन और समग्र शहरी विकास में सहायता करती है।

2.3.1 सबके लिए आवास मिशन

राष्ट्र की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा होने पर ''2022 तक सबके लिए आवास'' की परिकल्पना की गई है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने एक व्यापक मिशन ''प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) – सबके लिए आवास'' शुरू किया है।

इस मिशन का उद्देश्य निम्नलिखित कार्यक्रम घटकों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास की जरूर को पूरा करना है:

- स्व–स्थाने पुनर्विकास के अंतर्गत भूमि का संसाधन के रूप में उपयोग करते हुए निजी विकासकों की भागीदारी से मलिन बस्ती वासियों के मलिन बस्ती का पुनर्वास।
- ऋण आधारित सब्सिडी के माध्यम से किफायती आवास को प्रोत्साहन।
- सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के साथ भागीदारी में किफायती आवास।
- लाभार्थी आधारित वैयक्तिक आवास निर्माण/विस्तार हेतु सब्सिडी।

जून 2015 में मिशन के शुभारंभ के बाद, समय–समय पर योजना दिशानिर्देशों में विभिन्न संशोधन किए गए हैं।

2.3.2 कार्यान्वयन की कार्यपद्धति एवं स्थिति

इस मिशन को लाभार्थियों, शहरी स्थानीय निकाय (यूसीबी), और राज्य/केंद्र शासित सरकारों को विकल्प देते हुए चार घटकों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। ये चार विकल्प और उनमें हुई प्रगति का सारांश नीचे दिया गया है।

पीएमएवाई (यू) के विकल्प और प्रगति

आईएसएसआर स्व–स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास	**सीएलएसएस** ऋण आधारित सब्सिडी योजना	**एएचपी** भागीदारी में किफायती आवास	**बीएलसी** लाभार्थी आधारित वैयक्तिक आवास निर्माण/विस्तार हेतु सब्सिडी
निजी भागीदारी के साथ संसाधन के रूप में भूमि का उपयोग। अतिरिक्त एफएसआई/टीडीआर/एफएआर परियोजनाओं को वित्तीय व्यवहार बनाने के लिए यदि अपेक्षित हो।	ईडब्ल्यूएस/एलआईजी और एमआईजी के लिए ब्याज राहत सब्सिडी। आवास ऋण पर 3 – 6.5 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी	किफायती आवास परियोजनाओं में केंद्रीय सहायता जहां 35 प्रतिशत निर्मित घर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए हैं	ईडब्ल्यूएस श्रेणी के व्यक्तियों के लिए जिन्हें व्यक्तिगत आवास निर्माण / विस्तार की आवश्यकता है
भारत सरकार अनुदान @ ₹1 लाख प्रति आवास	सब्सिडी के माध्यम से ₹2.67 लाख तक का लाभ	भारत सरकार अनुदान @ ₹1.5 लाख प्रति आवास	भारत सरकार अनुदान @ ₹1.5 लाख प्रति आवास
4.58 लाख आवास स्वीकृत	17.35 लाख आवास स्वीकृत	22.91 लाख आवास स्वीकृत	69.22 लाख आवास स्वीकृत

बॉक्स 2.3 पीएमएवाई-यू की वर्षवार प्रगति



पीएमएवाई-यू की राज्य-वार प्रगति – स्वीकृत आवासों की संख्या



शीर्ष 15 राज्यों को नीले रंग में हाइलाइट किया गया है।

स्रोतः आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय। #22 नवंबर 2021 के अनुसार अनंतिम।

**जम्मू और कश्मीर में शामिल*

बॉक्स 2.4: अमृत, एससीएम और पीएमएवाई (यू) की प्रगति, उपलब्धियां और परिणाम

25 जून 2015 को तीन परिवर्तनकारी शहरी मिशन अर्थात स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम), अमृत और प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी (पीएमएवाई–यू), को आरंभ किया गया। ये तीन योजनाएं शहरी कायाकल्प के लिए एक दूरदर्शी एजेंडे का हिस्सा हैं और शहरों में रहने वाली भारत की 40% आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक बहु–स्तरीय रणनीति के हिस्से के रूप में तैयार की गई हैं। सरकार ने शहरी क्षेत्र पर कितना ध्यान केंद्रित किया है इसका अनुमान 2004–2014 के बीच की अवधि में ₹1.5 लाख करोड़ के निवेश की तुलना में पिछले 6 वर्षों के दौरान ₹12 लाख करोड़ के कुल निवेश से लगाया जा सकता है। इन तीन मिशनों के तहत कार्यान्वित परियोजनाओं ने भारत के शहरी निवासियों के जीवन में स्पष्ट दिखने वाले बदलाव लाना शुरू कर दिया है। मिशनों ने न केवल शहरी बुनियादी ढांचे का विकास किया है, चाहे वह जल आपूर्ति, स्वच्छता, सभी के लिए आवास हो, बल्कि हमारे शहरों की योजना और प्रबंधन में डेटा, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण के उपयोग में भी अग्रणी रही हैं। इन मिशनों ने कोविड–19 महामारी के दौरान महामारी की अनिश्चितताओं का सामना कर रहे लोगों के जीवन में सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अमृत मिशन

कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, बाढ़ को कम करने के लिए बरसाती पानी निकासी नाला, गैर–मोटरीकृत शहरी परिवहन और 1 लाख से अधिक आबादी वाले 500 शहरों में हरित स्थान/पार्क बनाने के मुद्दों के समाधान के लिए शुरू किया गया था। मिशन की उपलब्धियां निम्नलिखित हैः

- कुल नल कनेक्शनः 139 लाख लक्ष्य में से 105 लाख से अधिक नल कनेक्शन
- सीवरेज तथा सेप्टेज कनेक्शनः 145 लाख के लक्ष्य में से 78 लाख से अधिक
- विकसित शोधन क्षमताः 1240 एमएलडी तथा 4960 एमएलडी क्षमता की एसटीपी पर कार्य प्रगति पर
- 1,840 जल जमाव के स्थान समाप्त किए गए
- हरित स्थान और पार्कः 3770 एकड़ में 1850 पार्क तथा हरित क्षेत्र का विकास किया गया
- म्युनिसिपल बॉण्डः 10 शहरों ने ₹3,840 करोड़ के म्युनिसिपल बॉण्ड की वसूली की
- 2,465 कस्बों में ऑनलाइन निर्माण अनुमति प्रणाली लागू की गई 88 लाख स्ट्रीटलाइट बदली गईं जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 192 करोड़ यूनिट ऊर्जा बचत हुई और कार्बन उत्सर्जन में 15 लाख टन की कमी आई

स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम)

स्मार्ट सिटी मिशन एक परिवर्तनकारी मिशन है जिसका उद्देश्य देश में शहरी विकास के व्यवहार में आमूल–चूल परिवर्तन लाना है। एससीएम के तहत कुल प्रस्तावित परियोजनाओं में से ₹1,78,500 करोड़ मूल्य की 5,890 परियोजनाओं के लिए अब तक निविदा जारी की गई है, 5,195 परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किए गए हैं, जिनकी कीमत ₹1,45,600 करोड़ है। ₹45,000 करोड़ मूल्य की 2,655 परियोजनाएं पूरी भी हो चुकी हैं और कार्यरत हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विकसित परियोजनाएं बहु–क्षेत्रीय हैं और स्थानीय आबादी की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती हैं। देश में अब तक 69 स्मार्ट शहरों ने अपने एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का विकास और संचालन कर दिया है। चालू की गई इन आईसीसीसी ने कोविड प्रबंधन के लिए वार–रूम के रूप में कार्य किया और मिशन के तहत विकसित अन्य स्मार्ट आधारभूत संरचना के साथ सूचना प्रसार, संचार में सुधार, पूर्वानुमान विश्लेषण और प्रभावी प्रबंधन के समर्थन से महामारी से लड़ने में शहरों की मदद की।

स्रोतः आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, शहरी मिशनों की छठी वर्षगांठ पर 24 जून, 2021 की प्रेस विज्ञप्ति।

2.3.3 ऋण आधारित सब्सिडी योजना (सीएलएसएस): ऋण आधारित सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से मध्यम, निम्न और कमजोर वर्गों के लिये किफायती आवास का संवर्धन पीएमएवाई(यू) के तहत चार घटकों में से एक है जिसे प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) यथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), सहकारी बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों (एसएफबी) और गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी – सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एनबीएफसी–एमएफआई) द्वारा कार्यान्वित किया गया है। ऋण आधारित सब्सिडी योजना ''सबके लिए आवास मिशन'' के महत्वपूर्ण घटकों में से एक है और यह केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। ऋण आधारित सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/निम्न आय समूह हेतु ऋण आधारित सब्सिडी योजना (ईडब्ल्यूएस/एलआईजी हेतु सीएलएसएस) और मध्यम आय समूह हेतु ऋण आधारित सब्सिडी योजना (एमआईजी के लिए सीएलएसएस) नामक दो श्रेणियां कवर होती हैं।

ग्राफ 2.1: सीएलएसएस लाभार्थियों की संख्या (संचयी)



स्रोत: आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

2.4 राष्ट्रीय आवास बैंक की ''सबके लिए आवास'' मिशन में भूमिका

प्रधानमंत्री आवास योजना के सीएलएसएस घटक का कार्यान्वयन करने के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा.आ.बैंक को केंद्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर चिन्हित किया गया है। 30 जून, 2021 की स्थिति के अनुसार, ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के लिए सीएलएसएस के अंतर्गत जारी निधियों का 96.12 प्रतिशत और एमआईजी के लिए सीएलएसएस के अंतर्गत जारी 99.44 प्रतिशत निधियों का उपयोग किया चुका है।

- सीएनए के रूप में रा.आ.बैंक ने वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही तक ₹32,609 करोड़ की सब्सिडी जारी की है, जिससे 14.25 लाख परिवार (ईडब्ल्यूएस/एलआईजी: 9.62 लाख, एमआईजी: 4.63 लाख) लाभान्वित हुए हैं।
- इस योजना के तहत अब तक भारत सरकार द्वारा जारी कुल सब्सिडी का 82% से अधिक है (अन्य सीएनए: हडको और एसबीआई)

ग्राफ 2.2 पीएमएवाई-सीएलएसएस (यू) के तहत रा.आ.बैंक द्वारा जारी संचयी सब्सिडी



स्रोतः रा.आ.बैंक

ईडब्ल्यूएस/एलआईजी हेतु सीएलएसएस और मध्यम आय समूह हेतु सीएलएसएस का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

2.4.1 ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के लिए सीएलएसएस- यह योजना 17 जून, 2015 को पेश की गई और 31 मार्च, 2022 तक यह कार्यान्वित रहेगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) (₹3 लाख तक वार्षिक आय) एवं निम्न आय समूह (एलआईजी) (₹3 लाख से अधिक और ₹6 लाख तक वार्षिक आय) से संबंधित परिवार जो बैंकों, आ.वि.कं. तथा अन्य ऐसे ही अधिसूचित संस्थानों से आवास ऋण लेते हैं वे अधिकतम 20 वर्ष की अधिकतम अवधि या ऋण की मूल अवधि (पूर्व 31 दिसम्बर, 2016 तक, अधिकतम 15 वर्ष तक थी), दोनों में से जो भी कम हो, के लिए 6.5 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी के लिए पात्र होंगे।

वर्ष 2020–21 (जुलाई–जून) के दौरान, सीएनए के रूप में रा.आ.बैंक ने ₹4,959.59 करोड़ संवितरित किये जिससे 2.02 लाख परिवार लाभान्वित हुए। 30 जून, 2021 तक, 288 प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) जिनमें 96 आ.वि.कं., 16 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 17 निजी क्षेत्र के बैंक, 33 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 107 सहकारी बैंक, 10 स्मॉल फाइनेंस बैंक और 9 एनबीएफसी–एमएफआई शामिल थे, ने केंद्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर रा.आ.बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये और योजना के कार्यान्वयन हेतु रा.आ.बैंक को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से ₹21,035 करोड़ की अग्रिम सब्सिडी प्राप्त हुई। 30 जून, 2021 तक इस निधि और अर्जित ब्याज राशि में से, रा.आ.बैंक ने 8.54 लाख परिवारों के लिये 211 प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई)[2] को (वैयक्तिक समामेलन/विलय करने वाली संस्थाओं सहित) को ₹20,217.96 करोड़ (₹96,991,69 करोड़ की राशि का ऋण संवितरण) का कुल संवितरण (जारी सब्सिडी + प्रोसेसिंग शुल्क - सब्सिडी रिफंड) किया। 30 जून, 2021 तक, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से ईडब्ल्यूएस/एलआईजी हेतु सीएलएसएस के तहत रा.आ.बैंक द्वारा प्राप्त निधि का 96.12 प्रतिशत उपयोग किया गया था।

2 11 अप्रैल, 2017 से, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (एसबीबीजे), स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (एसबीएम), स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (एसबीटी), स्टेट बैंक ऑफ पटियाला (एसबीपी), स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (एसबीएच) और भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) का भारतीय स्टेट बैंक में विलय हो गया। 1 अप्रैल, 2019 से, देना बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय हो गया। 1 अप्रैल, 2020 से, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में विलय हो गया, इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय हो गया, सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में विलय हो गया, और आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विलय हो गया। इसके अतिरिक्त, कुछ आरआरबी का विलय भी कर दिया गया था।

यथा 30 जून 2021 तक रा.आ.बैंक द्वारा ईडब्ल्यूएस/एलआईजी हेतु पीएमएवाई–सीएलएसएस सब्सिडी संवितरण का राज्य–वार विवरण
(कुल संवितरण ₹20,218 करोड़)



शीर्ष 15 राज्यों को लाल रंग में हाईलाइट किया गया है
स्रोतः रा.आ.बैंक
**जम्मू और कश्मीर में शामिल*

2.4.2 एमआईजी के लिये सीएलएसएसः यह योजना 01 जनवरी, 2017 से 31 मार्च, 2021 तक प्रभावी है। एमआईजी हेतु सीएलएसएएस में दो वार्षिक आय श्रेणी यथा एमआईजी–I के अंतर्गत ₹6 लाख से अधिक एवं ₹12 लाख तक एवं एमआईजी–II के अंतर्गत ₹12 लाख से अधिक एवं ₹18 लाख तक आते हैं। एमआईजी–I में, ₹9 लाख तक की ऋण राशि पर 4 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलती है और एमआईजी–II में ₹12 लाख तक की ऋण राशि पर 3 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलती है। पूर्व में, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एमआईजी– I हेतु मौजूदा कारपेट एरिया को 90 वर्गमीटर से बढ़ाकर 120 वर्गमीटर और एमआईजी–II हेतु 110 वर्गमीटर से बढ़ाकर 150 वर्गमीटर और आगे उपरोक्त सीमा को बढ़ाकर एमआईजी–I हेतु 120 वर्गमीटर से 160 वर्गमीटर और एमआईजी–II हेतु 150 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर कर दिया गया।

वर्ष 2020–21 (जुलाई–जून) के दौरान, रा.आ.बैंक ने सीएनए के तौर पर ₹3,365.47 करोड़ संवितरित किये जिससे 1.59 लाख परिवार लाभान्वित हुए। 30 जून, 2021 तक, 272 प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) जिनमें 94 आवास वित्त

कंपनियां, 16 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 18 निजी क्षेत्र के बैंक, 29 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 97 सहकारी बैंक, 11 स्मॉल फाइनेंस बैंक और 7 एनबीएफसी–एमएफआई शामिल थे, ने केंद्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर रा.आ.बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये और योजना के कार्यान्वयन हेतु रा.आ.बैंक को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से लगभग ₹9,795 करोड़ की अग्रिम सब्सिडी प्राप्त हुई। 30 जून, 2021 तक इस निधि और अर्जित ब्याज राशि में से, रा.आ.बैंक ने 4.63 लाख परिवारों के लिये 188 प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) (वैयक्तिक समामेलन/विलय करने वाली संस्थाओं सहित) को ₹9,739.79 करोड़ (₹1,01,229.10 करोड़ की राशि का ऋण संवितरण) का कुल संवितरण (जारी सब्सिडी + प्रोसेसिंग शुल्क - सब्सिडी रिफंड) किया। 30.06.2021 तक, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से एमआईजी हेतु सीएलएसएस के तहत रा.आ.बैंक द्वारा प्राप्त 99.44% निधि का उपयोग किया गया।

यथा 30 जून 2021 तक रा.आ.बैंक द्वारा एमआईजी हेतु पीएमएवाई–सीएलएसएस सब्सिडी संवितरण का राज्य–वार विवरण (कुल संवितरण ₹9,740 करोड़)



शीर्ष 15 राज्यों को लाल रंग में हाईलाइट किया गया है

स्रोतः रा.आ.बैंक

**जम्मू और कश्मीर में शामिल*

सीएलएसएस आवास पोर्टल (क्लैप) का शुभारंभ 25 नवंबर, 2019 को किया गया। इसके अतिरिक्त, रा.आ.बैंक के पीएमएवाई–सीएलएसएस पोर्टल को एप्लीकेशन का विकास करके संवर्धित किया गया है ताकि दावे में आवेदक की आईडी जोड़ना, अनेक आवेदकों के बैच प्रोसेसिंग के संबंध में व्यक्तिगत रिकॉर्ड की सुविधा, पीएलआई को एपीआई के माध्यम से एक से अधिक दावे, सूचना अपलोड करने की अनुमति देना इत्यादि जैसी सुविधाएं शामिल की जा सके। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा यथा सूचित, रा.आ.बैंक के संवर्धित पोर्टल को अन्य सीएनए यथा हडको तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपयोग के अनुकूल बनाया गया है।

बॉक्स 2.5 पीएमएवाई(यू) रोजगार सृजन पर का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

इस मिशन के तहत किए गए निवेश के कारण सृजित रोजगार के परिमाण का आकलन करने हेतु, राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) द्वारा जून, 2015 से 31 जनवरी, 2019 की अवधि में एक अध्ययन आयोजित किया गया। यथा 31.12.2020 के अनुसार, पीएमएवाई (यू) के तहत रोजगार के कुल 587 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं। इनमें प्रत्यक्ष रोजगार के 163 करोड़ मानव दिवस और अप्रत्यक्ष प्रकृति के 424 करोड़ मावन दिवस शामिल हैं। एनएसएसओ के अनुमानों के आधार पर, अध्ययन में एक वर्ष में 280 कार्य दिवसों का उपयोग किया किया जोकि सृजित नौकरियों की संख्या के आधार पर हैं। इससे कुल 213 लाख नौकरियों का सृजन होता है, जिसमें 59 लाख प्रत्यक्ष और 154 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार हैं।

स्रोतः वार्षिक रिपोर्ट 2020–21, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

2.5 किफायती किराया आवास कॉम्प्लेक्स (एआरएचसी)

आवास जीवन की जरूरी आवश्यकताओं में से एक है और भारत के संविधान में शामिल राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में यह निहित है। सभी श्रेणियों में शहरी प्रवासियों के एक बड़े हिस्से के पास हो सकता है कि पहले से ही उनके निवास स्थान में एक घर या जमीन का टुकड़ा हो। हो सकता है कि उनकी दिलचस्पी शहरी क्षेत्रों में अपना घर खरीदने की न हो, इसकी जगह वे खर्चों को बचाने के लिए सुरक्षित किफायती किराया आवास की तलाश में हों। कार्यस्थल के करीब किराये के आवास विकल्पों के प्रावधान से उनकी उत्पादकता में सुधार की संभावना है। इसलिए, समावेशी शहरी विकास के लिए किराया आवास को बढ़ावा देना आवश्यक है।

कोविड–19 के बाद, भारत सरकार का उद्देश्य ''आत्मनिर्भर भारत'' के विजन के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इसलिए, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और निजी/सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य हितधारकों के परामर्श से शहरी प्रवासियों/गरीबों के लिए किफायती किराया आवास कॉम्प्लेक्स (एआरएचसी) शुरू किया है। यह पहल देश में पहली बार की जा रही है जिससे उनके रहन–सहन की स्थिति में सुधार होगा और मलिन बस्तियों/अनौपचारिक बसावट/अर्ध–शहरी क्षेत्रों आदि में रहने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

एआरएचसी योजना दो मॉडलों के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगीः

मॉडल–1ः सार्वजनिक निजी भागीदारी या सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा एआरएचसी में परिवर्तित करने के लिए मौजूदा सरकारी वित्त पोषित खाली पड़े आवासों का उपयोग करना।

मॉडल–2ः सार्वजनिक/निजी संस्थाओं द्वारा अपनी खाली जमीन पर एआरएचसी का निर्माण, संचालन और रखरखाव।

यह योजना नीचे दर्शाए अनुसार प्रभावी और कुशल तंत्र को अपनाकर एआरएचसी के कार्यान्वयन के लिए 3–ई रणनीति का पालन करेगी:

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सशक्त करना	एक रियायतग्राही को नियुक्त करके मौजूदा सरकार द्वारा वित्त पोषित खाली आवासों को एआरएचसी में परिवर्तित करने के लिए अधिकृत करना।
कारोबार करने में आसानी	सिंगल–विंडो–समयबद्ध अनुमोदन प्रणाली, उपयुक्त नीतिगत पहल और प्रोत्साहन प्रदान करना।
स्थायित्व सुनिश्चित करना	किफायती आवास में निवेश के लिए संस्थागत साझेदारी विकसित करना और अनुकूल माहौल तैयार करना।

2.6 ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया (जीएचटीसी-इंडिया)

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने आवास निर्माण क्षेत्र हेतु विश्व भर के नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों जोकि टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और आपदा रोधी हैं, की पहचान और इन्हें मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य के साथ ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज–इंडिया (जीएचटीसी–इंडिया) की शुरूआत की। इस तरह की प्रौद्योगिकियां लागत प्रभावी और त्वरित होंगी और विविध भू–जलवायु परिस्थितियों और वांछित कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले आवासों के निर्माण को सुनिश्चित करेंगी। इसके अतिरिक्त, देश में अनुसंधान और विकास के माहौल को बढ़ावा देने के लिए भी इन प्रौद्योगिकियों का समर्थन किया जाएगा। जीएचटीसी–इंडिया समग्र रूप से आवास निर्माण क्षेत्र की तकनीकी चुनौतियों को पूरा करने के लिए एक पारितंत्र तंत्र विकसित करना चाहता है। इसके तीन घटक हैं:

क. निर्माण प्रौद्योगिकी भारत (सीटीआई) द्विवार्षिक एक्सपो–सह–सम्मेलन।

ख. लाइट हाउस परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रमाणित प्रदर्शन योग्य प्रौद्योगिकियों की पहचान करना और उन्हें मुख्यधारा में लाना।

ग. आशा–भारत (अफोर्डेबल सस्टेनेबल हाउसिंग एक्सेलेरेटर्स) के माध्यम से उद्भवन और उत्प्रेरक सहायता के लिए संभावित भविष्य की प्रौद्योगिकियों की पहचान करना।

ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज–इंडिया (जीएचटीसी–इंडिया) के एक भाग के तौर पर, छह स्थानों नामतः इंदौर, राजकोट, चेन्नई, रांची, अगरतला और लखनऊ में छह लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) जिसमें भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचा सुविधाओं वाले लगभग 1,000 आवास हैं, का निर्माण किया जा रहा है। इन एलएचपी की आधारशिला 1 जनवरी, 2021 को रखी गई थी। इन परियोजनाओं को जीएचटीसी–इंडिया के माध्यम से चिन्हित छह विशिष्ट नवोन्मेषी तकनीकों का उपयोग करके 12 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। ये एलएचपी अनुसंधान एवं विकास सहित सभी हितधारकों के लिए लाइव प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करेंगे, जिससे भारतीय संदर्भ में इन वैश्विक प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाया जा सकेगा। इन एलएचपी में ₹790.57 करोड़ की परियोजना लागत के साथ कुल 6,368 आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

आवास निर्माण में राज्य स्तरीय पहलें अनुबंध II के रूप में संलग्न हैं।

III आवास वित्त में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का परिचालन और कार्य निष्पादन

3.1 परिचय

प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई), जिनमें आवास वित्त कंपनियां (आ.वि.कं.) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक सम्मिलित हैं, ने वर्षों से आवास वित्त प्रदान करने में अपनी विशेष छाप छोड़ी है। विगत तीन दशकों में आवास वित्त की वृद्धि में, प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों ने बाजार में सक्रियता से कार्य किया है और इस प्रकार, आवास क्षेत्र की वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जबकि आवास वित्त कंपनियों के लिए, आवास वित्त उनका प्राथमिक व्यावसायिक कार्य है, बड़ी संख्या में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने भी अलग आवास वित्त को लोकप्रिय बनाकर और अपने व्यापक शाखा नेटवर्क और निधियों की अल्प लागत का लाभ उठाकर आवास वित्त प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया है। बाजार की विविधता और इसमें समाविष्ट जटिलताओं को देखते हुए, आवास वित्त बाजार को विकसित होने में समय लगा। वर्तमान स्थितियों में, कई कंपनियों के लिए आवास वित्त सफल व्यवसाय मॉडल के रूप में विकसित हुआ है और भारत में आवास पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख पहलू के रूप में उभरा है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक सदैव अपने ग्राहकों को आवास ऋण सुलभ कराते रहे हैं, किंतु यह 1990 के दशक के अंत और 2000 के दशक के प्रारंभ तक जब उन्होंने इस उद्योग में ठोस तरीके से प्रवेश किया ऐसा स्थिति नहीं थी। आवास वित्त प्रदाता संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ने से बाजार में तेजी आई। इससे विशेषतः देश के टियर II और III शहरों में विद्यमान बाजारों का विस्तार करने और नए बाजार बनाने में सहायता मिली। 1990 के दशक के अंत और 2000 के दशक के प्रारंभ में, देश में बेहतर आर्थिक वृद्धि देखी गई जिसने आवास उद्योग और तदनंतर आवास वित्त क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दिया। अर्थव्यवस्था के इस विकास और इसमें निजी बिल्डरों के माध्यम से शहरी केंद्रों में सक्रिय होने के कारण आवास स्टॉक की वृद्धि ने देश में आवास वित्त उद्योग में समग्र वृद्धि की। इन वर्षों में, भारत सरकार की नीतियों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियामक मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा पर्यवेक्षण और हस्तक्षेप की सहायता से एससीबी और आ.वि.कं. दोनों प्रकार के आवास ऋण पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

3.2 सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एससीबी और आ.वि.कं. के वैयक्तिक बकाया आवास ऋण

जैसा नीचे दिए गए ग्राफ से पता चलता है, आवास वित्त में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के वैयक्तिक बकाया आवास उधार सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य पर) के

प्रतिशत के रूप में वर्ष 1986–87 में 0.7% से बढ़कर वर्ष 2020–21 में 11.2% हो गए हैं। उच्च आर्थिक विकास, बढ़ते मध्यम वर्ग, क्रय शक्ति में वृद्धि, बदलती जनसांख्यिकी और एकल परिवारों की बढ़ती संख्या ने आवास वित्त क्षेत्र को अभूतपूर्व दर से बढ़ने में सक्षम बनाया। प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का बकाया आवास ऋण वर्ष 1986–87 में लगभग ₹2,000 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2020–21 में ₹22 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

ग्राफ 3.1: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के बकाया वैयक्तिक आवास ऋण



स्रोतः भारतीय रिजर्व बैंक एवं रा.आ.बैंक

3.3 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के मध्य वैयक्तिक आवास ऋण बाजार अंश

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के मध्य विगत तीन दशकों में वैयक्तिक आवास ऋण का संवितरण निम्नस्थ ग्राफ में दर्शाया गया है। मार्च, 2021 तक, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 68 प्रतिशत और 32 प्रतिशत थी। यथा सितंबर 2021 को पीएलआई के बकाया वैयक्तिक आवास ऋण की स्थिति तालिका 3.1 में दी गई है।

ग्राफ 3.2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के मध्य वैयक्तिक आवास ऋणों का बाजार अंश



स्रोतः भा०रि०बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक

तालिका 3.1 : सितंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा बकाया वैयक्तिक आवास ऋण

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.सं.	प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा बकाया वैयक्तिक आवास ऋण	सितम्बर–21	कुल में % अंश
I.	**आवास वित्त कंपनियां (आ.वि.कं.)**	7,43,157	32
II.	**अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी)***	15,99,395	68
क.	जिनमें से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	9,78,136	42
ख.	निजी क्षेत्र के बैंक	5,07,462	21
ग.	अन्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक – (आरआरबी, आदि)	1,13,797	5
	आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का कुल (I+II)	**23,42,552**	**100**

*स्रोतः *भा०रि०बैंक की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2021, आ.वि.कं., पीएसबी और पीवीबी द्वारा रा.आ.बैंक को यथा प्रस्तुत मासिक वैयक्तिक आवास गृह ऋण आंकड़ा। अनंतिम और कवरेज उद्योग के कुल आईएचएल आंकड़ा से 90% अधिक है।*

कोविड के पश्चात, धीरे–धीरे अनलॉक और गतिविधियों को पुनः प्रारम्भ होने से आवास की बढ़ती मांग के साथ आवास क्षेत्र में वापस उछाल आया था। घरेलू आवास में निवेश के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, ब्याज दर में ढील, सर्किल रेट और स्टांप शुल्क में कमी, मार्च, 2022 तक किफायती आवास परियोजनाओं के लिए कर अवकाश इत्यादि ऐसे कारक हैं जिन्होंने आवास वित्त के विकास को गति प्रदान की।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत सरकार के सामयिक हस्तक्षेप ने प्रणाली में पर्याप्त चल–निधि सुनिश्चित की, जबकि उधारकर्ताओं को महामारी के प्रभाव से निपटने के लिए अधिस्थगन के रूप में राहत मिली। इसके अतिरिक्त, महामारी के दौरान आवास से ही काम करने और दूरस्थ कार्य करने और आवास के स्वामित्व की ओर उपभोक्ता की प्राथमिकता में बदलाव के कारण टियर II और टियर III शहरों में आवास की मांग में वृद्धि हुई है। महामारी से आवास खंड का समुत्थान और पुनरुद्धार की स्थिति प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा वैयक्तिक आवास ऋणों के संवितरण से स्पष्ट होती है। (तालिका 3.2)

तालिका 3.2 : वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 की प्रथम छमाही में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा वैयक्तिक आवास ऋण का संवितरण

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.सं.	प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा वैयक्तिक आवास ऋण के संचयी संवितरण	वित्तीय वर्ष 2020–21 (अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक)	प्रथम छमाही 2021–22 (अप्रैल 2021 से सितम्बर, 2021)
I.	आवास वित्त कंपनियां (आ.वि.कं.)	1,90,994	1,06,928
II.	सावजनिक क्षेत्र के बैंक	1,92,054	91,317
III.	निजी क्षेत्र के बैंक	1,21,215	68,945
	कुल	**5,04,263**	**2,67,190**

स्रोतः आ.वि.कं., पीएसबी और पीवीबी द्वारा रा.आ.बैंक को यथा प्रस्तुत मासिक वैयक्तिक आवास गृह ऋण आंकड़ा। अनंतिम और कवरेज उद्योग के कुल आईएचएल आंकड़ा से 90% से अधिक है। आंकड़ों को आधार बनाया गया है।

तालिका दर्शाती है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रथम छमाही के दौरान, आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और निजी क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2020–21 में क्रमशः 56 प्रतिशत, 48 प्रतिशत और 57 प्रतिशत के संवितरण हासिल किया।

3.4 प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का बकाया वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) में राज्य–वार कार्य–निष्पादन

मार्च, 2021 और सितंबर, 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के राज्यवार बकाया वैयक्तिक आवास ऋण के आंकड़े निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत किए गए हैं।

तालिका 3.3: अखिल भारतीय – वैयक्तिक आवास ऋण – बकाया

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र०सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	31 मार्च, 2021 को बकाया				सितंबर, 2021 को बकाया			
		आ.वि.कं.	पीएसबी	पीवीबी	कुल	आ.वि.कं.	पीएसबी	पीवीबी	कुल
1	आंध्र प्रदेश	23,298	60,055	7,743	91,097	24,995	61,872	9,152	96,019
2	अरुणाचल प्रदेश	-	449	0	449	2	478	0	480
3	असम	2,793	10,224	758	13,775	2,883	10,529	871	14,283
4	बिहार	4,696	15,263	1,997	21,955	4,854	15,949	2,239	23,042
5	छत्तीसगढ	6,101	12,122	3,263	21,486	6,260	12,462	3,331	22,054
6	गोवा	1,264	5,444	899	7,607	1,275	5,400	1,000	7,675
7	गुजरात	49,629	55,239	67,217	1,72,085	51,998	56,741	74,646	1,83,386
8	हरियाणा	29,521	27,690	19,888	77,099	31,474	28,274	22,063	81,811
9	हिमाचल प्रदेश	261	6,220	100	6,581	274	6,485	105	6,864
10	झारखंड	3,247	7,876	955	12,078	3,282	8,082	1,079	12,442
11	कर्नाटक	73,420	1,02,831	42,980	2,19,232	78,186	1,03,165	45,319	2,26,670
12	केरल	19,580	51,484	17,697	88,761	19,957	56,628	19,263	95,848
13	मध्य प्रदेश	24,734	30,925	9,948	65,608	25,521	32,559	10,683	68,763
14	महाराष्ट्र	1,72,370	1,91,555	1,32,288	4,96,214	1,76,579	1,88,941	1,48,843	5,14,363
15	मणिपुर	12	1,147	41	1,200	20	1,210	48	1,279
16	मेघालय	-	784	8	792	-	802	8	811
17	मिजोरम	-	774	4	778	0	839	5	844
18	नागालैंड	3	318	4	325	3	330	4	337
19	ओडीशा	4,439	13,720	2,151	20,311	4,703	14,244	2,328	21,275
20	पंजाब	12,891	19,057	6,148	38,096	13,748	19,847	6,903	40,497
21	राजस्थान	30,755	46,057	12,839	89,652	32,133	46,011	14,308	92,453
22	सिक्किम	1,079	854	4	1,937	1,065	925	5	1,995
23	तमिलनाडु	78,167	79,929	34,228	1,92,324	80,147	81,688	40,207	2,02,042
24	तेलंगाना	57,738	59,437	27,887	1,45,061	62,915	61,398	32,138	1,56,451
25	त्रिपुरा	117	1,226	49	1,391	143	1,316	55	1,514
26	उत्तर प्रदेश	63,302	55,605	25,969	1,44,877	67,271	57,056	28,031	1,52,358
27	उत्तराखंड	8,707	8,854	2,379	19,940	9,561	8,998	2,567	21,126
28	पश्चिम बंगाल	16,683	44,325	11,262	72,270	17,788	46,023	12,229	76,040
	सभी राज्य कुल-क	**6,84,807**	**9,09,463**	**4,28,706**	**20,22,976**	**7,17,039**	**9,28,253**	**4,77,431**	**21,22,722**
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	623	-	623	0	613	5	618
30	चंडीगढ	1,457	5,563	1,932	8,952	1,365	5,569	2,304	9,237
31	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	432	663	1,063	2,158	463	702	278	1,443
32	दिल्ली	26,292	43,322	19,478	89,093	23,161	39,677	20,128	82,966
33	जम्मू–कश्मीर	129	1,468	5,855	7,452	156	1,538	6,457	8,151
34	लद्दाख	-	8	211	218	-	9	240	249
35	लक्षद्वीप	-	42	-	42	-	63	-	63
36	पुडुचेरी	1,262	1,690	547	3,499	974	1,713	620	3,307
	सभी संघ राज्य क्षेत्र - ख	**29,572**	**53,379**	**29,087**	**1,12,038**	**26,118**	**49,884**	**30,031**	**1,06,033**
	सकल योग (क+ख)	**7,14,379**	**9,62,843**	**4,57,793**	**21,35,015**	**7,43,157**	**9,78,136**	**5,07,462**	**22,28,756**

स्रोतः पीएसबी (आईडीबीआई सहित पीएसबी), पीवीबी और आ.वि.कं. द्वारा रा.आ.बैंक को प्रस्तुत आंकड़ा। अनंतिम और कवरेज उद्योग के कुल वैयक्तिक आवास ऋण आंकड़ा 90% से अधिक है।

यद्यपि, आवास ऋण के जीडीपी अनुपात में विगत वर्षों के दौरान सुधार हुआ, किंतु पीएलआई के राज्यवार आंकड़े विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में इस वृद्धि के विषम संवितरण को दर्शाते हैं। आवास ऋण दक्षिणी क्षेत्र में लगभग 35 प्रतिशत, पश्चिमी क्षेत्र में 32 प्रतिशत, इसके बाद उत्तरी क्षेत्र में 26 प्रतिशत थे। पूर्वी क्षेत्र में बकाया आवास ऋण अंश केवल 7 प्रतिशत है **(तालिका 3.3)**। इसी प्रकार की प्रवृत्ति समग्र क्षेत्रों में आवास ऋण के वितरण में देखी गई थी **(तालिका 3.4)**।

भारत सरकार द्वारा संतुलित क्षेत्रीय विकास के लक्ष्य को हासिल करने हेतु अल्प विकसित जिलों में प्रभावी परिवर्तन लाने के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

इसके अतिरिक्त, कम प्रगति वाले क्षेत्रों में औपचारिक आवास ऋण के प्रवाह को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक ने पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू–कश्मीर केंद्र शासित क्षेत्र में बैंकों और आ.वि.कं. द्वारा दिए गए आवास वित्त के प्रति पुनर्वित्त के संबंध में 25 आधार अंकों की ब्याज दर रियायत प्रारम्भ की है।

3.5 वैयक्तिक आवास ऋणों (आईएचएल) के संवितरण में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) का राज्य–वार कार्य–निष्पादन

तालिका 3.4: अखिल भारतीय – वैयक्तिक आवास ऋण – संचयी संवितरण

(राशि ₹ करोड़ में)

अखिल भारतीय – वैयक्तिक आवास ऋण – संचयी संवितरण									
क्र0 सं0	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	संवितरण वित्त वर्ष 2020–21 (अप्रैल 2020 से मार्च 2021)				संवितरण प्रथम छमाही वित्त वर्ष 2021–22 (अप्रैल 2021 से सितम्बर 2021)			
		आ.वि.कं.	पीएसबी	पीवीबी	कुल	आ.वि.कं.	पीएसबी	पीवीबी	कुल
1	आंध्र प्रदेश	6,485	11,762	1,898	20,145	3,673	5,352	1,096	10,120
2	अरुणाचल प्रदेश	-	111	-	111	2	64	-	65
3	असम	615	1,692	195	2,502	317	802	146	1,265
4	बिहार	1,240	2,772	585	4,597	522	1,543	343	2,409
5	छत्तीसगढ़	1,802	2,641	767	5,210	831	1,130	303	2,265
6	गोवा	233	1,024	239	1,496	143	423	136	701
7	गुजरात	14,274	11,325	18,860	44,458	8,293	4,953	11,512	24,757
8	हरियाणा	8,327	6,823	6,488	21,638	5,258	3,166	3,839	12,264
9	हिमाचल प्रदेश	54	1,108	13	1,176	45	636	10	690
10	झारखंड	704	1,679	285	2,667	306	879	160	1,345
11	कर्नाटक	21,022	21,589	10,568	53,178	11,378	10,500	4,928	26,807
12	केरल	4,336	8,708	3,074	16,117	2,315	4,172	1,084	7,572
13	मध्य प्रदेश	7,297	5,912	2,232	15,442	3,414	2,429	1,189	7,032
14	महाराष्ट्र	44,316	40,578	37,807	1,22,701	24,156	19,143	22,227	65,526
15	मणिपुर	1	190	20	211	0	104	15	119
16	मेघालय	-	118	2	120	-	71	1	72
17	मिजोरम	-	188	1	189	-	111	2	112
18	नागालैंड	-	42	-	42	0	31	-	31
19	ओडिशा	1,218	2,734	572	4,524	722	1,386	327	2,435
20	पंजाब	3,856	3,622	1,390	8,868	2,313	1,873	929	5,116
21	राजस्थान	9,353	7,677	3,293	20,323	4,630	3,605	1,828	10,063
22	सिक्किम	144	193	1	338	61	121	0	183
23	तमिलनाडु	17,080	16,659	6,115	39,854	9,989	7,680	3,772	21,440
24	तेलंगाना	16,725	11,999	7,633	36,357	11,742	6,599	4,539	22,880
25	त्रिपुरा	58	288	26	372	32	173	13	218
26	उत्तर प्रदेश	16,457	10,848	5,790	33,094	8,542	4,985	3,342	16,869
27	उत्तराखंड	2,485	1,598	462	4,545	1,308	748	274	2,330
28	पश्चिम बंगाल	4,645	8,574	3,376	16,595	2,864	4,742	1,680	9,286
	सभी राज्य कुल-क	**1,82,727**	**1,82,453**	**1,11,691**	**4,76,871**	**1,02,858**	**87,419**	**63,694**	**2,53,970**
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	110	-	110	-	48	-	48
30	चंडीगढ़	421	1,355	887	2,662	211	582	543	1,337
31	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	114	107	107	328	83	56	15	153
32	दिल्ली	7,440	7,433	7,453	22,326	3,639	2,878	3,550	10,067
33	जम्मू–कश्मीर	41	286	964	1,291	23	182	1,049	1,253
34	लद्दाख	-	4	32	36	-	6	41	48
35	लक्षद्वीप	-	3	-	3	-	2	-	2
36	पुडुचेरी	251	303	81	635	115	144	51	311
	सभी संघ राज्य क्षेत्र कुल – ख	**8,267**	**9,601**	**9,524**	**27,391**	**4,071**	**3,898**	**5,251**	**13,220**
	सकल योग (क+ख)	**1,90,994**	**1,92,054**	**1,21,215**	**5,04,263**	**1,06,928**	**91,317**	**68,945**	**2,67,190**

स्रोतः पीएसबी (आईडीबीआई सहित पीएसबी), पीवीबी और आ.वि.कं. द्वारा रा.आ.बैंक को प्रस्तुत आंकड़ा। अनंतिम और कवरेज उद्योग के कुल वैयक्तिक आवास ऋण आंकड़ा 90% से अधिक है।

ग्राफ 3.3 : वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) देने में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) के राज्य-वार कार्य-निष्पादन पर हीट मैप – बकाया पोर्टफोलियो और संवितरण (राशि ₹ करोड़ में)









स्रोतः पीएसबी (आईडीबीआई सहित), पीवीबी और आ.वि.कं. द्वारा रा.आ.बैंक को प्रस्तुत आंकड़ा। अनंतिम और कवरेज उद्योग के कुल वैयक्तिक आवास ऋण आंकड़ा 90% अधिक हैं।

3.6 आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के तहत पंजीकृत आवास वित्त कंपनियां (आ.वि.कं.) विशेष संस्थान हैं। 30 जून, 2021 तक, देश भर में फैली 6272 शाखाओं/कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से 102 आ.वि.कं. कार्य कर रहीं हैं। पंजीकृत आ.वि.कं. के लिए वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। इस अध्याय में उपलब्ध कराए गए आंकड़े आ.वि.कं. के वित्तीय वर्ष के अनुसार हैं। मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, विगत वर्षों की तुलना में सभी आवास वित्त कंपनियों का वित्तीय कार्य–निष्पादन **अनुबंध-III** में दिया गया है।

3.6.1 आवास वित्त कंपनियों का पब्लिक लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड के तहत वर्गीकरण

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत आ.वि.कं. की कुल संख्या 102 थी, जिसमें से 80 पब्लिक लिमिटेड कंपनियां थीं और 22 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां थीं।

ग्राफ 3.4: आवास वित्त कंपनियों की संख्या



स्रोतः ऑफ–साइट रिटर्न, रा.आ.बैंक

3.6.2 आवास वित्त कंपनियों की शाखाओं/कार्यालयों का नेटवर्क

31 मार्च, 2020 तक आ.वि.कं. 6,145 शाखाओं/कार्यालयों के माध्यम से कार्य कर रहे थे, जो 31 मार्च, 2021 को बढ़कर 6,272 शाखाएं/कार्यालय हो गए।

आ.वि.कं. की महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में व्यापक उपस्थिति है।

ग्राफ 3.5 : आ.वि.कं. की शाखाओं/कार्यालयों का विगत 2 वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार संवितरण



स्रोतः ऑफ–साइट रिटर्न, रा.आ.बैंक

31 मार्च, 2021 तक लक्षद्वीप में आ.वि.कं. की कोई शाखा नहीं है। अरुणाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव में आ.वि.कं. की 5 से कम शाखाएँ हैं।

बॉक्स 3.1 पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों का मुख्य कार्य निष्पादन इस प्रकार हैं: *

- आ.वि.कं. का कुल ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2020 को ₹12,19,186 करोड़ से 6.2% बढ़कर 31 मार्च, 2021 को ₹12,94,950 करोड़ हो गया है जिसमें से,
  - 31 मार्च, 2020 को आवास ऋण 7.1% बढ़कर ₹8,27,184 करोड़ से 31 मार्च, 2021 को ₹8,85,765 करोड़ हो गए।
  - 31 मार्च, 2020 को गैर–आवासीय ऋण 4.4% बढ़कर ₹3,92,002 करोड़ से 31 मार्च, 2021 को ₹4,09,184 करोड़ हो गए।
- आवास वित्त कंपनियों की कुल निवल स्वाधिकृत निधियां 31 मार्च, 2020 को 10.7 प्रतिशत घटकर 1,62,329 करोड़ रुपये से 31 मार्च, 2021 को ₹1,45,037 करोड़ हो गईं।
- 31 मार्च, 2021 को आवास वित्त कंपनियों (सार्वजनिक जमाराशि सहित) के बकाया उधार 1.8% बढ़कर ₹11,48,414 करोड़ हो गए।
- 31 मार्च, 2021 को बकाया सार्वजनिक जमाराशि ₹1,26,794 करोड़ थीं, जो विगत वर्ष की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.8% की वृद्धि दर्ज करती हैं।
- 31 मार्च, 2021 को कुल ऋण और अग्रिम में सकल गैर निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) 7.51% थीं।
- 31 मार्च, 2021 को कुल ऋण और अग्रिम में निवल गैर निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) 2.64% थीं।

**गृह फाइनेंस लिमिटेड को छोड़कर एससीबी और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का विलय – एनबीएफसी में विलय हो गया*

3.7 आवास वित्त कंपनियों की वित्तीय रूपरेखा

पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक है। इस अध्याय में उपलब्ध कराए गए आंकड़े 31 मार्च, 2021 तक के हैं।

तालिका 3.5 : आवास वित्त कंपनियों के प्रमुख वित्तीय संकेतक

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	बकाया यथा			प्रतिशत परिवर्तन (वर्ष-दर-वर्ष)	
	मार्च–19	मार्च–20	मार्च–21	2019–20	2020–21
प्रदत्त पूंजी	34,190	36,873	37,688	7.8%	2.2%
निर्बंध आरक्षित निधियां	1,41,605	1,57,363	1,92,132	11.1%	22.1%
निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ)	1,50,511	1,62,329	1,45,037	7.9%	-10.7%
निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ)**	1,41,880	1,56,907	1,87,900	10.6%	19.8%
सार्वजनिक जमा	1,02,163	1,19,800	1,26,794	17.3%	5.8%
आवास ऋण	8,24,710	8,27,184	8,85,765	0.3%	7.1%
कुल ऋण और अग्रिम	**11,75,402**	**12,19,186**	**12,94,950**	**3.7%**	**6.2%**
कुल बकाया ऋण में सकल गैर निष्पादक आस्तियां/जीएनपीए (%)	1.52%	6.50%	7.51%	-	-
कुल बकाया ऋण में निवल गैर–निष्पादक आस्तियां (एनएनपीए) (%)	0.87%	4.53%	2.64%	-	-
कुल बकाया ऋण में सकल गैर–निष्पादक आस्तियां (जीएनपीए) (%)**	1.43%	2.44%	3.01%	-	-
कुल ऋण के लिए निवल गैर–निष्पादक आस्तियां (एनएनपीए) (%)**	0.77%	1.54%	1.57%	-	-

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर
***उपरोक्त दो आ.वि.कं. एवं डीएचएफएल और रिलायंस एचएफएल को छोड़कर, दोनों ही समाधान के अधीन थे*

आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋण और अग्रिमों में वर्ष 2019–20 में 3.7% की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2020–21 में 6.2% की वृद्धि दर्ज हुई। जमाराशि 2019–20 की तुलना में वर्ष 2020–21 में घटकर 5.8% हो गई।

3.7.1 आवास वित्त कंपनियों के प्रमुख निष्पादन संकेतक - सार्वजनिक लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड के आधार पर आवास वित्त कंपनियों का वर्गीकरण

31 मार्च, 2021 तक, पब्लिक लिमिटेड श्रेणी के तहत 80 आ.वि.कं. और प्राइवेट लिमिटेड श्रेणी के तहत 22 आ.वि.कं. थी। पब्लिक लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड आ.वि.कं. के प्रमुख वित्तीय पैरामीटर नीचे दिए गए हैं:

तालिका 3.6 : आवास वित्त कंपनियों – पब्लिक लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड का निष्पादन

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	मार्च 2019			मार्च 2020			मार्च 2021		
	पब्लिक लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	कुल	पब्लिक लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	कुल	पब्लिक लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	कुल
प्रदत्त पूंजी	32,975	1,216	**34,190**	35,459	1,413	**36,873**	36,374	1,314	**37,688**
निर्बंध आरक्षित निधियां	1,41,227	378	**1,41,605**	1,56,721	641	**1,57,363**	1,91,455	677	**1,92,132**
निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ)	1,48,988	1,524	**1,50,511**	1,60,497	1,833	**1,62,329**	1,43,199	1,838	**1,45,037**
सार्वजनिक जमा	1,02,163	0	**1,02,163**	1,19,800	0	**1,19,800**	1,26,794	0	**1,26,794**
आवास ऋण	8,23,136	1,574	**8,24,710**	8,24,472	2,712	**8,27,184**	8,83,377	2,388	**8,85,765**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.7.2 सार्वजनिक जमा स्वीकार करने वाली और सार्वजनिक जमा न स्वीकार करने वाली आवास वित्त कंपनियों के आधार पर आवास वित्त कंपनियों के प्रमुख निष्पादन संकेतक

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, 17 आवास वित्त कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किया गया था, जिनको सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार करने की अनुमति थी। तथापि, 17 आ.वि.कं. में से 6 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना आवश्यक है।

आवास वित्त कंपनियों, जिन्हें आगे सार्वजनिक जमा स्वीकार करने और सार्वजनिक जमाराशि न स्वीकार करने में विभाजित किया गया है, के विगत तीन वर्षों के प्रमुख वित्तीय पैरामीटर निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं।

तालिका 3.7: सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार करने और न स्वीकार करने वाली आवास वित्त कंपनियों का कार्य निष्पादन

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	मार्च 2019			मार्च 2020			मार्च 2021		
	जमाराशि स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल	जमाराशि स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल	जमाराशि स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमाराशि स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल
प्रदत्त पूंजी	4,224	29,966	**34,190**	4,241	32,632	**36,873**	4,748	32,939	**37,688**
निर्बंध आरक्षित निधियां	1,12,119	29,486	**1,41,605**	1,23,095	34,267	**1,57,363**	1,53,344	38,789	**1,92,132**
निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ)	1,04,584	45,927	**1,50,511**	1,11,578	50,752	**1,62,329**	95,584	49,453	**1,45,037**
सार्वजनिक जमा	1,02,163	0	**1,02,163**	1,19,800	0	**1,19,800**	1,26,794	0	**1,26,794**
आवास ऋण	6,20,181	2,04,529	**8,24,710**	6,45,419	1,81,766	**8,27,184**	7,24,979	1,60,786	**8,85,765**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

जमाराशि स्वीकार करने वाली आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाराशियों में वित्तीय वर्ष 2019—20 में वर्ष—दर—वर्ष आधार पर 17.3% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020—21 में वर्ष—दर—वर्ष आधार पर 5.8% की वृद्धि हुई है।

3.7.3 वाणिज्यिक बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों द्वारा प्रायोजित आवास वित्त कंपनियों के आधार पर आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के प्रमुख कार्य निष्पादन संकेतक

31 मार्च, 2021 तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा प्रायोजित पांच आ.वि.कं. और बहु—राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) द्वारा प्रायोजित एक आ.वि.कं. थी जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है:

क) केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित कैनफिन होम्स लिमिटेड
ख) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड
ग) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस लिमिटेड
घ) इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड
ड़) पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रायोजित पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
च) रेपको (आरईपीसीओ) बैंक द्वारा प्रायोजित रेपको (आरईपीसीओ) होम फाइनेंस लिमिटेड, जो बहु—राज्य सहकारी बैंक है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और बहु—राज्य सहकारी बैंकों द्वारा प्रायोजित आवास वित्त कंपनियों की संख्या में पिछले वर्ष

में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और बहु–राज्य सहकारी बैंकों (एमएससीबी) और अन्य आ.वि.कं. (गैर–प्रायोजित) द्वारा प्रायोजित आ.वि.कं. के आधार पर वर्गीकृत आ.वि.कं. के प्रमुख वित्तीय मानकों का सारांश नीचे दिया गया है:

तालिका 3.8: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों और अन्य द्वारा प्रायोजित आवास वित्त कंपनियों का कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ ₹ में)

विवरण	मार्च 2019			मार्च 2020			मार्च 2021		
	प्रायोजित	गैर प्रायोजित	कुल	प्रायोजित	गैर प्रायोजित	कुल	प्रायोजित	गैर प्रायोजित	कुल
प्रदत्त पूंजी	1,390	32,800	**34,190**	1,391	35,482	**36,873**	1,391	36,297	**37,688**
निर्बंध आरक्षित निधियां	10,534	1,31,071	**1,41,605**	12,379	1,44,983	**1,57,363**	14,296	1,77,836	**1,92,132**
निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ)	10,761	1,39,750	**1,50,511**	12,616	1,49,714	**1,62,329**	13,381	1,31,656	**1,45,037**
सार्वजनिक जमा	13,337	88,826	**1,02,163**	16,385	1,03,415	**1,19,800**	17,409	1,09,384	**1,26,794**
आवास ऋण	86,763	7,37,947	**8,24,710**	83,772	7,43,412	**8,27,184**	82,119	8,03,646	**8,85,765**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

प्रायोजित आ.वि.कं. के आवास ऋण में वर्ष–दर–वर्ष आधार पर वर्ष 2020–21 में 2% की कमी आई है, जबकि गैर–प्रायोजित आ.वि.कं. के आवास ऋण में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2020–21 में 8.1% की वृद्धि हुई है।

3.8 आवास वित्त कंपनियों के उधार की प्रोफाइल

आ.वि.कं. मुख्य रूप से निधियों के लिए डिबेंचर और बैंकों से उधार पर निर्भर थे, जो कुल संसाधनों का लगभग 63 प्रतिशत है। विगत दो वित्तीय वर्षों के दौरान कुल उधार में ₹81,038 करोड़ की वृद्धि हुई। यह मुख्य रूप से रा.आ.बैंक और बैंकों से सार्वजनिक जमा के माध्यम से उधार द्वारा समर्थित था। आवास वित्त कंपनियों के विगत तीन वर्षों के उधार का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

तालिका 3.9: आवास वित्त कंपनियों द्वारा बकाया उधार लेने की प्रवृत्ति

(राशि करोड़ ₹ में)

विवरण	बकाया यथा			वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन	
	मार्च 2019	मार्च 2020	मार्च 2021	2019–20	2020–21
सार्वजनिक जमा	1,02,163	1,19,800	1,26,794	17,637 (17.3%)	6,994 (5.8%)
राष्ट्रीय आवास बैंक से उधार	42,118	48,361	67,350	6,243 (14.8%)	18,989 (39.3%)
बैंकों से उधार	2,95,058	3,46,088	3,40,987	51,030 (17.3%)	-5,101 (-1.5%)
विदेशी उधार	28,640	40,401	31,490	11,761 (41.1%)	-8,911 (-22.1%)
वाणिज्यिक पत्र	79,070	46,628	54,588	-32,442 (-41.0%)	7,960 (17.1%)
अन्य उधार	1,09,183	1,32,476	1,42,289	23,293 (21.3%)	9,813 (7.4%)

विवरण	बकाया यथा			वर्ष–दर–वर्ष परिवर्तन	
	मार्च 2019	मार्च 2020	मार्च 2021	2019–20	2020–21
बैंकों द्वारा अभिदत्त डिबेंचर	1,31,916	1,56,084	1,79,183	24,168 (18.3%)	23,099 (14.8%)
अन्य द्वारा अभिदत्त डिबेंचर	2,79,228	2,38,187	2,05,733	-41,041 (-14.7%)	-32,454 (-13.6%)
कुल डिबेंचर	4,11,144	3,94,271	3,84,917	-16,873 (-4.1%)	-9,354 (-2.4%)
कुल उधार	**10,67,376**	**11,28,025**	**11,48,414**	**60,649 (5.7%)**	**20,389 (1.8%)**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

ग्राफ 3.6: विगत दो वर्षों में आवास वित्त कंपनियों के वृद्धिशील उधार (राशि करोड़ ₹ में)



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) का बकाया उधार 31 मार्च, 2020 के ₹11,28,025 करोड़ में ₹20,389 करोड़ की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2021 को यह बढ़ कर ₹11,48,414 करोड़ हो गए।

- राष्ट्रीय आवास बैंक के उधार में 2019–20 में 14.8 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2020–21 में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इसी अवधि के लिए क्रमशः ₹6,243 करोड़ और ₹18,989 करोड़ की वृद्धिशील बढ़ोतरी दर्ज हुई।
- वाणिज्यिक पत्र (सीपी) के माध्यम से आवास वित्त कंपनियों का बकाया उधार वर्ष 2020–21 में 17.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वर्ष 2019–20 में 41 प्रतिशत की नकारात्मक रही थी। कुल मिलाकर, वर्ष 2019–20 में ₹32,442 करोड़ से कम होकर 2020–21 में ₹7,960 करोड़ की वृद्धि हुई।
- बैंकों द्वारा अभिदत्त किए गए डिबेंचर से उधार वर्ष 2019–20 में 18.3 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2020–21 में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

- आवास वित्त कंपनियों की बकाया सार्वजनिक जमाराशियों में 2019–20 में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2020–21 में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।
- वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंकों से आ.वि.कं. के उधार में 1.5 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई।
- घरेलू बाजार में ब्याज दर में ढील के कारण वर्ष 2019–20 में 41 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में आ.वि.कं. के विदेशी उधार में वर्ष 2020–21 में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

सितंबर, 2018 में आईएलएंडएफएस संकट के बाद, आ.वि.कं. के अल्पकालिक बाजार उधार वित्तीय वर्ष 2019–20 में बैंकों और रा.आ.बैंक से उधार में समनुरूपी वृद्धि के साथ काफी कम हो गई। तथापि, वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, वाणिज्यिक पत्रों के माध्यम से बाजार उधारी में वृद्धि आवास वित्त कंपनियों पर बाजार के विश्वास की वापसी को दर्शाती है।

3.9 आवास वित्त कंपनियों की सार्वजनिक जमाराशियां

3.9.1 आवास वित्त कंपनियों की आकार-वार सार्वजनिक जमाराशियां: आवास वित्त कंपनियों की बकाया सार्वजनिक जमाराशियों में वर्ष 2020–21 के दौरान वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शायी है। 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, कुल सार्वजनिक जमाराशि में ₹1 लाख से अधिक की सार्वजनिक जमाराशियों का अधिकतम अंश 94.7% था। कुल जमाराशियों में बकाया सार्वजनिक जमाराशियों का विगत तीन वर्षों का आकार–वार अंश नीचे दिया गया है।

ग्राफ 3.7 : विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की आकार-वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.9.2 आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) की ब्याज दर-वार सार्वजनिक जमाराशियां: 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, 6% से 9% प्रति वर्ष के ब्याज स्लैब में आवास वित्त कंपनियों द्वारा धारित कुल सार्वजनिक जमाराशियां लगभग 87.2% हैं। कम ब्याज दर के माहौल के कारण 6% से कम ब्याज दर के ब्रेकेट में सार्वजनिक जमाराशियों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

ग्राफ 3.8 : विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की ब्याज दर-वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.9.3 आवास वित्त कंपनियों की परिपक्वता-वार सार्वजनिक जमाराशियां: विगत तीन वर्षों में सार्वजनिक जमाराशियों के परिपक्वता–वार वर्गीकरण का विश्लेषण दर्शाता है कि 31 मार्च, 2021 को 47% सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता अवधि 24 माह से 48 माह के बीच थी। इसके अतिरिक्त, 24.3% सार्वजनिक जमाराशियां 24 माह से कम के परिपक्वता स्लैब के अंतर्गत आती है और 60 माह और उससे अधिक के परिपक्वता स्लैब में 27.2% सार्वजनिक जमाराशियां आती हैं। बकाया सार्वजनिक जमाराशियों के परिपक्वता–वार वर्गीकरण की विगत तीन वर्षों की प्रवृति नीचे दिए गए ग्राफ में दर्शायी गई है।

ग्राफ 3.9 : विगत 3 वर्षों में आवास वित्त कंपनियों की परिपक्वता-वार सार्वजनिक जमाराशियों की प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10 आवास वित्त कंपनियों की संपत्ति प्रोफाइल

आवास ऋण, अन्य ऋण और अग्रिम और निवेश से युक्त आ.वि.कं. की संपत्ति प्रोफाइल 31—03—2021 को ₹14,40,768 करोड़ की थी। इसमें से, 31—03—2021 को आवास ऋण 61.5% थे। अन्य ऋणों व अग्रिम और निवेश का हिस्सा क्रमशः 28.4% और 10.1% था। आ.वि.कं. का आवास ऋण, जो 31—03—2020 को ₹8,27,184 करोड़ था, 31—03—2021 को 7.1% बढ़कर ₹8,85,765 करोड़ हो गया। अन्य ऋण एवं अग्रिम, जो 31—03—2020 को ₹3,92,002 करोड़ थे, 31—03—2021 को 4.4% बढ़कर ₹4,09,184 करोड़ हो गए। 31—03—2021 को आवास ऋण का अन्य ऋणों और अग्रिमों से अनुपात लगभग 2:1 था। 31—03—2021 को आ.वि.कं. का निवेश ₹1,45,818 करोड़ था, जबकि 31—03—2020 को यह ₹1,26,811 करोड़ था, जो वर्ष—दर—वर्ष आधार पर 15% की वृद्धि दर्ज करता है। प्रमुख प्रमुख आस्तियों की बकाया स्थिति के साथ—साथ उनकी कुल संपत्ति का प्रतिशत अंश नीचे तालिका में दिया गया है।

तालिका 3.10 : आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋणों और अग्रिमों एवं निवेशों की प्रवृत्ति

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	बकाया यथा			कुल का % अंश		
	मार्च–19	मार्च–20	मार्च–21	मार्च–19	मार्च–20	मार्च–21
1. ऋण एवं अग्रिम	11,75,402	12,19,186	12,94,950	92.6%	90.6%	89.9%
क) आवास ऋण	8,24,710	8,27,184	8,85,765	64.9%	61.5%	61.5%
ख) अन्य ऋण एवं अग्रिम	3,50,691	3,92,002	4,09,184	27.6%	29.1%	28.4%
2. निवेश	94,547	1,26,811	1,45,818	7.4%	9.4%	10.1%
3. कुल (1+ 2)	**12,69,949**	**13,45,997**	**14,40,768**	**100.0%**	**100.0%**	**100.0%**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

ग्राफ 3.10 : आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋणों और अग्रिमों तथा निवेशों की प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10.1 आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋणों से आवास ऋणों की तुलना

31—03—2021 को आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) का बकाया आवास ऋण ₹8,85,765 करोड़ था, जो 31—03—2020 के ₹8,27,184 करोड़ की तुलना में 7.1% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्शाता है। कुल ऋण और अग्रिमों में बकाया आवास ऋण का प्रतिशत अंश 31 मार्च, 2021 को 68.40% था, जो 31 मार्च, 2020 में 67.85% से अधिक की न्यूनतम वृद्धि दर्शाता है।

तालिका 3.11 : आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋणों से आवास ऋणों की तुलना

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	**बकाया यथा**		
	मार्च-19	मार्च-20	मार्च-21
आवास ऋण	8,24,710	8,27,184	8,85,765
वैयक्तिकों को आवास ऋण	*6,33,996*	*6,53,484*	*7,14,379*
कुल ऋण एवं अग्रिम	**11,75,402**	**12,19,186**	**12,94,950**
कुल ऋण एवं अग्रिम के सापेक्ष आवास ऋण	70.16%	67.85%	68.40%

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10.2 वैयक्तिक आवास ऋणों का स्लैब-वार संवितरण

वर्ष 2020–21 में वैयक्तिक आवास ऋणों का कुल संवितरण लगभग ₹1.9 लाख करोड़ था। कुल आवास ऋण संवितरण में, आ.वि.कं. के ₹25 लाख तक के ऋण वर्ष 2019–20 के 40.7% की तुलना में वर्ष 2020–21 में 38.3% थे। ₹25 लाख से अधिक के ऋण आकार की श्रेणी में वर्ष 2019–20 में 59.3% की तुलना में वर्ष 2020–21 के दौरान लगभग 61.7% संवितरण किया गया था।

तालिका 3.12: आवास वित्त कंपनियों द्वारा वैयक्तिक स्लैब-वार आवास ऋण संवितरण की प्रवृत्ति

(राशि ₹ करोड़ में)

ऋण मात्रा	**वित्तीय वर्ष के दौरान संवितरण**			**कुल वैयक्तिक आवास ऋण संवितरण के % के रूप में स्लैब-वार अंश**		
	2018-19	**2019-20**	**2020-21**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
	कुल	**कुल**	**कुल**			
₹2 लाख तक	2,169	1,356	467	1.0%	0.7%	0.2%
>₹2 लाख और ₹5 लाख तक	2,935	2,030	1,727	1.3%	1.1%	0.9%
>₹5 लाख और ₹10 लाख तक	15,863	13,014	12,135	7.1%	6.9%	6.4%
₹10 लाख तक	**20,967**	**16,400**	**14,329**	**9.3%**	**8.7%**	**7.5%**
> ₹10 लाख और ₹15 लाख तक	23,196	19,278	18,379	10.3%	10.2%	9.6%
> ₹15 लाख और ₹25 लाख तक	49,083	40,849	40,446	21.9%	21.7%	21.2%
> ₹25 लाख	1,31,110	1,11,707	1,17,841	58.4%	59.3%	61.7%
कुल	**2,24,356**	**1,88,233**	**1,90,994**	**100.0%**	**100.0%**	**100.0%**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10.3 आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋणों का अवशिष्ट परिपक्वता पैटर्न

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के वैयक्तिक बकाया आवास ऋणों की परिपक्वता पैटर्न की प्रवृत्ति का विश्लेषण करने के पश्चात, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि 31 मार्च, 2021 तक, इन आवास ऋणों में 97.4% की परिपक्वता अवधि 7 वर्ष से अधिक थी। यह दर्शाता है कि वैयक्तिकों के आ.वि.कं. आवास ऋणों की अधिकतर पसंद लघु या मध्यम अवधि के बजाय दीर्घावधि के आवास ऋण के लिए थी। 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, 5 वर्ष तक की अवधि वाले वैयक्तिक आवास ऋण का अंश केवल 1.2% रहने के साथ वैयक्तिकों के अधिकांश आवास वित्त कंपनियों के बकाया आवास ऋणों की अवशिष्ट परिपक्वता 5 वर्ष से अधिक थी। विगत तीन वर्षों के आवास वित्त कंपनियों के बकाया वैयक्तिक आवास ऋणों के अवशिष्ट परिपक्वता पैटर्न की प्रवृत्ति नीचे दी गई है।

ग्राफ 3.11 : आवास वित्त कंपनियों के बकाया वैयक्तिक आवास ऋणों के अवशिष्ट परिपक्वता पैटर्न की प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10.4 वैयक्तिकों को आवास वित्त का प्रयोजन-वार संवितरण

वर्ष 2020–21 में, नए आवासों के अधिग्रहण/निर्माण के लिए संवितरित वैयक्तिक आवास ऋण 59.4% थे; मौजूदा गृहों की खरीद वाले 36.1% थे और शेष 4.5% गृहों के उन्नयन के लिए थे। यह दर्शाता है कि आवास वित्त कंपनियों द्वारा संवितरित आवास ऋणों से नई परिसंपत्ति निर्माण मुख्य कार्य था। विगत तीन वर्षों के दौरान प्रयोजन–वार वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) संवितरण की प्रवृत्ति नीचे दिए गए ग्राफ में दर्शाई गई है।

ग्राफ 3.12 : वैयक्तिक आवास ऋण (आईएचएल) संवितरण में प्रयोजन-वार प्रवृत्ति



एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

तालिका 3.13 : विगत 3 वर्षों का आवास वित्त कंपनियों द्वारा वैयक्तिकों को आवास ऋण का प्रयोजन-वार संवितरण

(राशि ₹ करोड़ में)

स्तर/स्लैब	नए आवास			उन्नयन			मौजूदा आवास (पुनर्विक्रय)		
	2018-19	2019-20	2020-21	2018-19	2019-20	2020-21	2018-19	2019-20	2020-21
₹ 2 लाख तक	2,066	1,291	427	51	49	32	52	15	8
> ₹ 2 लाख और ₹ 5 लाख तक	1,756	1,211	967	903	648	587	276	171	173
> ₹ 5 लाख और ₹ 10 लाख तक	10,499	8,553	7,502	2,534	2,093	2,183	2,829	2,368	2,449
> ₹ 10 लाख और ₹ 15 लाख तक	15,742	12,885	11,422	1,818	1,606	1,973	5,636	4,788	4,984
> ₹ 15 लाख और ₹ 25 लाख तक	32,273	26,448	24,680	1,786	1,653	2,177	15,023	12,748	13,590
> ₹ 25 लाख	82,538	68,527	68,419	1,370	1,162	1,601	47,202	42,018	47,821
कुल	**1,44,875**	**1,18,915**	**1,13,417**	**8,463**	**7,210**	**8,553**	**71,019**	**62,108**	**69,025**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

3.10.5 आवास ऋणों का उधारकर्ताओं का स्वरूप-वार संवितरण

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) द्वारा आवास ऋणों के संवितरण में वर्ष 2019–20 की तुलना में 2020–21 में 3.1% की गिरावट आई थी। तथापि, इसी अवधि के दौरान वैयक्तिक आवास ऋण में 1.5% की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2020–21 में आवास ऋणों के संवितरण में उधारकर्ताओं का स्वरूप–वार प्रसार दर्शाता है कि वैयक्तिकों को 90.2%, भवन निर्माताओं को 7.0% और कॉर्पोरेट निकायों और अन्य को 2.8% आवास ऋण संवितरित किए गए थे। यह दर्शाता है कि आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) का प्रमुख व्यावसायिक कार्य वैयक्तिकों को आवास ऋण देना था। विगत तीन वर्षों दौरान संवितरण नीचे तालिका में दिया गया है।

तालिका 3.14 : आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋणों के उधारकर्ताओं के स्वरूप-वार संवितरण की प्रवृत्ति

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष के दौरान संवितरण			कुल आवास ऋण संवितरण का % के रूप में अंश		
	2018-19	2019-20	2020-21	2018-19	2019-20	2020-21
वैयक्तिक आवास ऋण	2,24,356	1,88,233	1,90,994	71.9%	86.1%	90.2%
निर्माताओं को आवास ऋण	55,458	24,017	14,788	17.8%	11.0%	7.0%
निगमित निकायों और अन्य को आवास ऋण	32,141	6,442	6,032	10.3%	2.9%	2.8%
कुल	**3,11,955**	**2,18,692**	**2,11,814**	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**

एससीबी में गृह फाइनेंस लिमिटेड के विलय और एल एंड टी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एनबीएफसी में विलय को छोड़कर

संक्षेप में, भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा कोविड–19 के प्रकोप के पश्चात अनेक विनियामक और चल–निधि उपायों की घोषणा की गई, जिसके परिणामस्वरूप आवास वित्त कंपनियों की चल–निधि स्थिति में सुधार हुआ। चल–निधि निषेचन सुविधा (एलआईएफटी) योजना और रा.आ.बैंक द्वारा आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) की इक्विटी शेयर पूंजी में भागीदारी ने इस क्षेत्र का त्वरित पुनरुद्धार करने में भी सहायता प्रदान की है।

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) ने घर से काम करने की प्रक्रियाओं को अपनाकर उनके व्यवसाय पर महामारी के प्रभाव से निपटने के लिए अनेक सक्रिय कदम उठाए, जिससे लॉकडाउन के दौरान भी व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करने में मदद मिली और उन्हें ऋणों की सोर्सिंग, प्रसंस्करण और संवितरण के लिए डिजिटल रूप से सक्षम बनाया गया। डिजिटलीकरण के प्रयासों ने भी उनके परिचालनगत व्यय को कम करने में योगदान दिया होगा।

3.11 आवास वित्त में सहकारी क्षेत्र के संस्थान

सहकारी आवास संरचना में जमीनी स्तर पर प्राथमिक आवास सहकारी समितियां और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष सहकारी आवास संघ (एसीएचएफ) सम्मिलित हैं। नेशनल को–ऑपरेटिव हाउसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, एसीएचएफ ने अपने सदस्यों के लिए रिहायशी इकाईयों (डीयू) का निर्माण करने के लिए प्राथमिक आवास सहकारी समितियों को वर्ष 2020–21 के अंत तक ₹13,405 करोड़ का संवितरण किया है। एसीएचएफ का बकाया ऋण पोर्टफोलियो वर्ष 2020–21 के अंत में ₹1,124 करोड़ था। राज्य–वार संवितरित आवास ऋण, और एसीएचएफ द्वारा निर्मित इकाइयों का ब्यौरा **अनुबंध–V** में दिया गया है।

तालिका 3.15: शीर्ष सहकारी आवास संघ के उधार एवं ऋण प्रदान करने संबंधी परिचालन (संचयी)

(राशि ₹ करोड़ में)

श्रेणी	2018-19	2019-20	2020-21
संवितरित ऋण	13170.91	13311.12	13404.92
बकाया ऋण	1391.79	1307.52	1124.42

स्रोतः भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ

IV आवास वित्त कंपनियों के विनियमन एवं पर्यवेक्षण संबंधी घटनाक्रम

4.1 भूमिका

4.1.1 राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के प्रावधानों के अनुसार बैंक आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण करता है। यथा 30 जून, 2021 को, पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) की कुल संख्या 101 थी, जिनमें से 11 आ.वि.कं. सार्वजनिक जमा स्वीकार कर रही हैं, 6 आ.वि.कं. को सार्वजनिक जमा राशियां (वर्तमान में स्वीकार नहीं) स्वीकार करने की अनुमति के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किया गया है लेकिन सार्वजनिक जमा राशियां स्वीकार करने से पहले भा.रि. बैंक से लिखित अनुमति लेना आवश्यक है, शेष 84 आ.वि.कं. को सीओआर प्रदान किया गया है जो सार्वजनिक जमा स्वीकार करने हेतु वैध नहीं है। वे आ.वि.कं. जिन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र दिया गया है, की अद्यतन सूची रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4.1.2 रा.आ.बैंक के पर्यवेक्षण का उद्देश्य किसी भी आ.वि.कं. की ऐसी गतिविधियों जो जमाकर्ताओं के हितों के लिये हानिकर हों, की रोकथाम करना होता है और साथ ही जो देश के आवास वित्त क्षेत्र की वृद्धि और परिचालनों में बाधक भी न हो। आ.वि.कं. की सुरक्षा एवं मजबूती को सुनिश्चित करने हेतु रा.आ.बैंक के पास एक ठोस निगरानी प्रणाली है जिसमें आ.वि.कं. द्वारा प्रस्तुत आवधिक रिटर्न और बाजार आसूचना दोनों के माध्यम से आ.वि.कं. का स्थलीय और स्थलेत्तर निरीक्षण शामिल हैं।

4.2 आवास वित्त कंपनियों के विनियमन में प्रमुख विकास

4.2.1 2020–21 के दौरान आ.वि.कं. के लिए आरंभ किए गए प्रमुख विनियामक प्रावधान निम्नानुसार हैंः

i. भारतीय रिजर्व बैंक (भा.रि.बैंक) ने 17 फरवरी, 2021 की अधिसूचना के माध्यम से भा.रि.बैंक को सक्षम करने के प्रयोजन हेतु देश के लाभ में वित्तीय प्रणाली को विनियमित करने एवं किसी भी आवास वित्त कंपनी (आ.वि.कं.) की ऐसी गतिविधियों जो निवेशकों व जमाकर्ताओं के हितों के लिए हानिकर हो या ऐसे आ.वि.कं. के हितों के प्रतिकूल हो, की रोकथाम करने, तथा और भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ठ और 45डक व राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 30, 30क, 32 और 33 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में मास्टर निदेश – गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी – आवास वित्त कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2021 जारी किया है। मास्टर निदेश की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैंः

क) प्रमुख व्यावसायिक मानदंड (पीबीसी) का प्रस्तुतीकरण;
ख) निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) की आवश्यकता में वृद्धि;
ग) चलनिधि व्याप्ति (कवरेज) अनुपात (एलसीआर) के अनुरक्षण पर दिशानिर्देशों का प्रस्तुतीकरण;
घ) भारतीय लेखांकन मानकों का कार्यान्वयन;
ड.) वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम एवं आचार संहिता का प्रबंध करना;
च) प्रतिभूतिकरण लेनदेन पर दिशानिर्देशों का प्रस्तुतीकरण एवं ऋण संवर्धन का पुनर्निर्धारण करना;
छ) शेयरों एवं एकल उत्पाद–स्वर्ण आभूषणों की जमानत पर ऋण।

ii. **ऋण सूचना कंपनियों को ऋण सूचना प्रस्तुत करने हेतु डेटा प्रारूप एवं अन्य विनियामक उपायः** ऋण सूचना कंपनियों (सीआईसी) को ऋण सूचना की रिपोर्ट करने के उद्देश्य से आ.वि.कं. को एकसमान ऋण रिपोर्टिंग प्रारूप निर्धारित किया गया था। भा.रि.बैंक ने 12 मार्च, 2021 के अपने परिपत्र के माध्यम से रिपोर्टिंग हेतु एक नया कैटलॉग 'कोविड–19 के चलते पुनर्गठित' को शामिल करने के लिए उक्त प्रारूप को संशोधित किया।

iii. **अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) पर मास्टर निदेश (एमडी) में संशोधनः** भा.रि.बैंक ने आ.वि.कं. हेतु 25 फरवरी, 2016 के केवाईसी पर मास्टर निदेश लागू किया है। भा.रि.बैंक ने उक्त निदेशों में निम्नानुसार संशोधन किया हैः

- **भा.रि.बैंक परिपत्र दिनांकित 23 मार्च, 2021ः** विनियमित संस्थाओं (आरई) को अन्य बातों के साथ–साथ निर्देश दिया गया है कि विधिविरुद्ध क्रिया–कलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1967, (यूएपीए) के आदेश दिनांकित 2 फरवरी, 2021 में निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया जाएगा एवं सरकार द्वारा जारी आदेश का सावधानीपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। यूएपीए के लिए नोडल अधिकारियों की सूची गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

- **भा.रि.बैंक परिपत्र दिनांकित 05 मई, 2021ः** देश के विभिन्न स्थानों में कोविड–19 से संबंधित प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए, आरई को सूचित किया गया था कि ग्राहक खातों के संबंध में जहां केवाईसी का आवधिक अद्यतन होना देय है तथा जो यथा तिथि को लंबित है, ऐसे खातों के परिचालन पर तब तक किसी भी कारणवश 31 दिसंबर, 2021 तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा, जब तक कि किसी विनियामक/प्रवर्तन एजेंसी/न्यायालय आदि के निर्देशों के तहत आवश्यक न हो।

- **भा.रि.बैंक परिपत्र दिनांकित 10 मई, 2021ः** भा.रि.बैंक ने वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी–सीआईपी) का अधिक से अधिक प्रयोग करने एवं केवाईसी के आवधिक अद्यतन की प्रक्रिया को सरल तथा तार्किक बनाने हेतु केवाईसी पर एमडी में संशोधन करने का निर्णय लिया है।

iv. **आ.वि.कं. के सांविधिक लेखा परीक्षकों (एसए) की नियुक्ति हेतु दिशानिर्देशः** भा.रि.बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आ.वि.कं. के लिए एसए की नियुक्ति पहली बार वित्त वर्ष 2021–22 से 27 अप्रैल, 2021 के उनके परिपत्र के माध्यम से कार्यान्वयित की गयी थी, आ.वि.कं. के पास वित्त वर्ष 2021–22 की एच2 (दूसरी छमाही) से इन दिशानिर्देशों को अपनाने की छूट है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। हालांकि, ₹1,000 करोड़ से कम की परिसंपत्ति के साथ जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं. के पास अपनी मौजूदा प्रक्रिया को जारी रखने का विकल्प है। चूंकि आ.वि.कं. को एसए

की नियुक्ति के लिए भा.रि.बैंक का पूर्व अनुमोदन लेने की आवश्यकता नहीं है, आ.वि.कं. को ऐसी नियुक्ति के एक माह के भीतर निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र के माध्यम से प्रत्येक वर्ष के लिए एसए की नियुक्ति के बारे में भा.रि.बैंक को सूचित करना आवश्यक है।

v. **जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) की संरचनाः** आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) ने अपने व्यवसाय में वृद्धि की है एवं प्रणालीबद्ध रूप से महत्वपूर्ण हो गई हैं, तथा उपर्युक्त संस्थाओं में विभिन्न लेखा परीक्षा प्रणाली/दृष्टिकोणों की व्यापकता ने कुछ विसंगतियां, जोखिम एवं कमियां उत्पन्न की है। जैसे कि एससीबी, एनबीएफसी, आ.वि.कं. व यूसीबी समान वित्तीय मध्यस्थता गतिविधियों में प्रवृत्त रहने के कारण समान जोखिमों का सामना करते हैं, उनकी आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली को भी आनुपातिकता सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से श्रेणीबद्ध करना अपेक्षित है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, भा.रि.बैंक ने 11 जून, 2021 के परिपत्र के माध्यम से आ.वि.कं. को यथाक्रम आरबीआईए प्रणाली को अपनाने में सक्षम बनाने हेतु जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) संरचना को लागू किया है। आरबीआईए संरचना को जमा स्वीकार करने वाली सभी आ.वि.कं. पर उनके आस्ति आकार पर विचार किये बिना तथा जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं. जिनका आस्ति आकार ₹5,000 करोड़ और उससे अधिक हो, लागू किया गया है। आ.वि.कं. को 30 जून, 2022 तक आरबीआईए संरचना प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

vi. **आ.वि.कं. द्वारा लाभांश की घोषणाः** कार्य–प्रणाली में अधिक पारदर्शिता व एकरूपता लाने के लिए, भा.रि. बैंक ने 24 जून, 2021 के अपने परिपत्र के माध्यम से आ.वि.कं. द्वारा लाभांश के वितरण पर दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। ये दिशानिर्देश 31 मार्च, 2022 व उसके बाद समाप्त वित्तीय वर्ष के लाभ से लाभांश की घोषणा हेतु प्रभावी होंगे। दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाली आ.वि.कं. 50 प्रतिशत के लाभांश भुगतान अनुपात तक लाभांश घोषित कर सकती हैं।

vii. **वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 2(1)(ड)(iv) के तहत 'वित्तीय संस्थान' के रूप में अधिसूचनाः** भारत सरकार ने 17 जून, 2021 के अपने राजपत्र अधिसूचना सं. एस.ओ. 2405 (ई) के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 2(1)(ड)(iv) के तहत 'वित्तीय संस्थान' के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29क(5) के अंतर्गत पंजीकृत व ₹100 करोड़ या उससे अधिक की आस्ति वाली आ.वि.कं. को अधिसूचित किया है।

viii. **कोविड–19 विनियामक पैकेजः** कोविड–19 के परिणामस्वरूप, भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष के दौरान अर्थात दिनांक 7 अप्रैल, 2021 को कोविड–19 विनियामक पैकेज की समाप्ति के बाद आस्ति वर्गीकरण एवं आय निर्धारण, रिसॉल्यूशन फ्रेमवर्क – 2.0ः दिनांक 5 मई, 2021 को वैयक्तिकों और लघु व्यवसायों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कोविड–19 से संबंधित तनाव का समाधान, रिसॉल्यूशन फ्रेमवर्क – 2.0ः वैयक्तिकों और लघु व्यवसायों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कोविड–19 से संबंधित तनाव का समाधान– दिनांक 4 जून, 2021 को समग्र जोखिम हेतु सीमा में संशोधन पर परिपत्र जारी किये है।

4.3 आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण

स्थलीय निरीक्षण

4.3.1 वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के विभिन्न विनियामक प्रावधानों और समय–समय पर इसके तहत रा.आ.बैंक द्वारा जारी निदेश, दिशा–निर्देशों, परिपत्रों आदि के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु 51 पंजीकृत आ.वि.कं के स्थलीय निरीक्षण किए गए।

स्थलेतर निगरानी

4.3.2 बैंक ने आवास वित्त कंपनियों द्वारा प्रस्तुत आवधिक विवरणियों जिसमें रा.आ.बैंक द्वारा यथा निर्दिष्ट तिमाही, छमाही और वार्षिक विवरणियां शामिल हैं, की निगरानी और संवीक्षा द्वारा आ.वि.कं. का स्थलेत्तर पर्यवेक्षण किया।

4.4 पर्यवेक्षी परिपत्र

रा.आ.बैंक ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित पर्यवेक्षी परिपत्र जारी किए, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

क. **कोविड–19 से बचाव हेतु उपयुक्त व्यवहार से संबंधित अभियानः** आवास वित्त कंपनी को दिनांक 26 अक्टूबर, 2020 के परिपत्र के माध्यम से कोविड–19 के संबंध में जागरूकता पैदा करने के साथ ही लोगों को अधिक जिम्मेदार होने के लिए प्रेरित करने तथा सभी कार्यालयों/शाखाओं एवं सहयोगी संगठनों और प्रमुख स्थानों में संदेश/बैनर/बिलबोर्ड के प्रदर्शन जैसी कार्यनिष्पादक गतिविधियों द्वारा अभियान का व्यापक प्रचार करने, संदेश को प्रतिबिंबित करने हेतु वेबसाइट/ऐप खोलने पर पॉप अप/फ्लैश संदेश, कोविड के लिए सुरक्षा सावधानी बरतने हेतु जागरूकता/सूचना संदेशों को विभिन्न प्रकार से लिखना, आ.वि.कं. की शाखाओं/कार्यालयों में विज़िट करने/सेवाओं का लाभ उठाने के दौरान सावधान रहने और सतर्कता में किसी भी प्रकार की चूक न बरतने संबंधी एनिमेटेड वीडियो, सोशल मीडिया, मोबाइल नेटवर्क एवं व्हाट्सएप सोशल मीडिया नेटवर्क के माध्यम से वीडियो प्रसारित करने की सलाह दी गई थी।

ख. **विनिर्दिष्ट ऋण खातों में उधारकर्ताओं को छह माह के लिए चक्रवृद्धि ब्याज एवं साधारण ब्याज के बीच अंतर के अनुग्रह राशि के भुगतान की योजना (1 मार्च, 2020 से 31 अगस्त, 2020):** आ.वि.कं. को दिनांक 26 अक्टूबर, 2020 के परिपत्र के माध्यम से सूचित किया गया था कि केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश और दिशा–निर्देशों के अनुसार उपर्युक्त योजना को लागू करें। आवास वित्त कंपनियों को यह भी सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया गया था कि योजना के तहत देय अनुग्रह राशि दिनांक 5 नवंबर, 2020 को या उससे पहले पात्र उधारकर्ता के खाते में जमा करनी होगी, जिसके बाद आ.वि.कं. इस संबंध में एसबीआई द्वारा अधिसूचित विवरण के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक में नामित अधिकारी/प्रकोष्ठ को दिनांक 15 दिसंबर, 2020 तक प्रतिपूर्ति हेतु अपना दावा प्रस्तुत कर सकती है। यह भी सूचित किया गया कि आवास वित्त कंपनियों की शिकायतों का समाधान वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के परामर्श से एसबीआई में नामित प्रकोष्ठ के माध्यम से किया जाएगा।

ग. **कोविड–19 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रियाः** भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 04 अप्रैल, 2021 को देश में कोविड–19 के बढ़ते मामलों की चिंताजनक स्थिति पर समीक्षा में यह निर्णय लिया गया कि परीक्षण, अनुरेखण, उपचार, कोविड उपयुक्त व्यवहार एवं टीकाकरण जैसे उभरते संकट से निपटने हेतु पांच गुना अधिक कार्यनीति पर ध्यान केंद्रित किया जाए। 'दावई भी, कड़ाई भी' पर केंद्रित संदेश के साथ कोविड–19 उचित व्यवहार पर बल देने वाला एक निम्न लागत जन अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित करना, शारीरिक दूरी का पालन करना, बार–बार हाथ धोना आदि बैनर/पोस्टर प्रदर्शित करके, एसएमएस/ईमेल आदि के माध्यम से संदेश भेजना तथा अधिकारियों आदि के माध्यम से पारस्परिक संचार से जन

जागरूकता पैदा होने की उम्मीद थी। तदनुसार, आवास वित्त कंपनियों को दिनांक 9 अप्रैल, 2021 के परिपत्र के माध्यम से क्षेत्रीय भाषाओं में इस संदेश का व्यापक प्रचार करने की सलाह दी गई थी।

घ. **आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां - मास्टर परिपत्रः** रा.आ.बैंक ने समय–समय पर विवरणी जमा करने पर विभिन्न संचार जारी किए हैं। रा.आ.बैंक द्वारा 31 मार्च, 2021 तक जारी किए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों को समेकित करने हेतु उपर्युक्त मास्टर परिपत्र दिनांक 13 अप्रैल, 2021 को जारी किया गया था।

ङ **पर्यवेक्षी विवरणी जमा करने में समय सीमा का विस्तारः** कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए, पर्यवेक्षण विभाग (डीओएस) को विभिन्न पर्यवेक्षी विवरणी जमा करने की समय सीमा दिनांक 17 मई, 2021 के परिपत्र के माध्यम से बढ़ा दी गई थी।

4.5 अर्थदंड

4.5.1 आवास वित्त कंपनियों का कुशलतापूर्वक नियमन करने के लिये, (i) अर्थसुलभ आस्तियों को नहीं बनाये रखने, (ii) सूचना/विवरणियां प्रस्तुत नहीं करने, (iii) आ.वि.कं. हेतु निदेषों का अनुपालन नहीं करने आदि पर रा.आ.बैंक आ.वि.कं पर अर्थदंड भी लगाता है। इस वर्ष के दौरान, 38 आवास वित्त कंपनियों पर विभिन्न गैर–अनुपालन हेतु अर्थदंड लगाया गया।

V भावी परिदृश्य – आवास खंड और आवास वित्त की आघात–सहनीयता

5.1 अर्थव्यवस्था में सुधार

ओमिक्रॉन के कारण लगे नए रोकथाम उपायों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2021–22 की दूसरी तिमाही में जोरदार वापसी की है, जिसको इससे स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जीडीपी अपने पूर्व–महामारी के स्तर को पार कर गई है और मुद्रास्फीति मोटे तौर पर लक्ष्य के अनुरूप ही है। अर्थव्यवस्था की पटरी पर लौटने के सभी उच्च आवृत्ति संकेतक बेहतर होते दिख रखे हैं और उपभोक्ताओं का भरोसा भी धीरे–धीरे लौट रहा है। क्रमिक सुधार के कुछ संकेतों के साथ कुल मांग की स्थिति में सुधार होने की प्रबल संभावना दिख रही है। आपूर्ति पक्ष की बात करें तो रबी की बुवाई की प्रभावशाली प्रगति के साथ कृषि क्षेत्र की स्थिति मजबूत बनी हुई है, जबकि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने मांग की स्थिति मजबूत होने और नए व्यवसाय में उछाल के साथ मजबूत सुधार दर्ज किया है।

इस वित्त वर्ष की शेष तिमाहियों में भारत के आर्थिक सुधार में और मजबूती आने की उम्मीद है, जैसा कि 2021 के सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में 22 उच्च आवृत्ति संकेतकों (एचएफआई) में से 19 से स्पष्ट होता है, जो 2019 के इसी महीनों के अपने पूर्व–महामारी के स्तर को पार कर गया है। हालाँकि, कोविड–19 का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन चल रहे वैश्विक सुधार के लिए एक नया जोखिम पैदा कर सकता है। प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि भारत में टीकाकरण की बढ़ती गति के साथ ओमिक्रॉन वैरिएंट के कम गंभीर और आगे और भी कम गंभीर होने की उम्मीद है।

5.2 आवास खंड और आवास वित्त की आघात–सहनीयता

भूसंपदा क्षेत्र ने 2021 में एक अभूतपूर्व प्रदर्शन दर्ज किया, जबकि गौर करने वाली बात है कि यह वर्ष महामारी से बुरी तरह प्रभावित रहा। स्वास्थ्य, स्थिरता, भविष्य की सुरक्षा और स्थिर निवेश के बारे में जागरूकता बढ़ने से आवास की मांग में वृद्धि हुई है। आवासीय क्षेत्र ने व्यवसाय परिचालनों को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाया और इस बार महामारी के झटके झेलने के लिए बेहतर तरीके से तैयार था। आवास बाजार निवेशकों के बीच सबसे अधिक फायदेमंद निवेश विकल्प बन गया है।

एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी–सितंबर 2021 के बीच, शीर्ष 7 भारतीय शहरों में 1.63 लाख इकाई नई आवासीय आपूर्ति जुड़ी जोकि 2020 की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। वहीं 1.45 लाख से अधिक इकाइयाँ

बेची गईं जो कि वर्ष 2020 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। रिहायशी अचल संपत्ति क्षेत्र ने दूसरी लहर के बाद तेजी से वापसी दर्ज की और एक तेज वी–आकार की रिकवरी दर्शाई है।

इसके अलावा, महामारी से आवास खंड और आवास वित्त उद्योग की आघात–सहनीयता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वत्त कंपनियों के बकाया आवास ऋण चार्ट पर उद्योग स्तरीय आंकड़ों से अच्छी तरह से परिलक्षित होती है। बकाया आवास ऋण में तिमाही–दर–तिमाही वृद्धि, जो जून 2020 की तिमाही में 0.2 प्रतिशत तक गिर गई थी (मार्च 2020 की पिछली तिमाही की तुलना में) उसमें तेजी से वापसी हुई और दूसरी और तीसरी तिमाही में इसमें लगातार सुधार हुआ और मार्च, 2021 को समाप्त चौथी तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई (ग्राफ 5.1)। इस तरह के चक्रीय व्यवहार का मुख्य कारण वित्तीय संस्थानों में शुरुआती महीनों के दौरान गतिविधियों में कमी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जो त्यौहारी सीजन के दौरान चरम पर पहुंच गया और चौथी तिमाही के बाद ये आगे बेहतर होता गया। हालांकि अप्रैल–मई 2021 के दौरान कोविड–19 की दूसरी लहर के प्रभाव के कारण जून, 2021 को समाप्त तिमाही में तिमाही दर तिमाही वृद्धि दर में गिरवाट देखी गई। वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही के दौरान प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों का बकाया पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2020 की दूसरी तिमाही के सामान्य पूर्व–महामारी वर्ष से बेहतर रहा है।

ग्राफ 5.1: उद्योग स्तर पर आईएचएल बकाया और तिमाही दर तिमाही विकास दर (राशि ₹ लाख करोड़ में)



स्रोत: एससीबी आंकड़ें भा.रि.बैं. मासिक बुलेटिन।
एल एंड टी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड एवं गृह फाईनेंस लिमिटेड के बिना आ.वि.कं. आंकड़ें। (स्रोत: ऑफ–साईट रिटर्न, रा.आ.बैंक)

महामारी के कारण किराए पर मकान लेने के बजाय अपना खुद का घर होने के पक्ष में उपभोक्ता की तेजी से बदली वरीयता के कारण रिहायशी आवास की मांग में वृद्धि हुई। जबकि पीएमएवाई–सीएलएसएस के तहत ब्याज राहत ने किफायती आवास की मांग को प्रमुख तौर पर गति प्रदान की है, कम ब्याज दर (बॉक्स 5.1) और ऋण प्रवाह को बढ़ाने के लिए सुव्यवस्थित नीतियों ने आवास वित्त के लिए एक उपभोक्ता अनुकूल पारितंत्र तंत्र तैयार करने में मदद की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा समय पर हस्तक्षेप ने प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि सुनिश्चित की, जबकि उधारकर्ताओं को महामारी के प्रभाव से निपटने के लिए ऋण अधिस्थगन के रूप में राहत मिली। कई राज्यों द्वारा स्टांप शुल्क दर में कटौती से बाजार में मांग को और मदद मिली।

वैयक्तिक आवास ऋण स्तरों में निर्बाध तिमाही दर तिमाही वृद्धि इस क्षेत्र के आघात–सहनीयता को प्रकट करती है।

.

बॉक्स 5.1 बकाया वैयक्तिक आवास ऋण पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों द्वारा ब्याज दर संचरण (प्रतिशत में)



स्रोत: रा.आ.बैंक



स्रोत: रा.आ.बैंक

बॉक्स 5.2: आवास वित्त क्षेत्र पर कोविड 19 के प्रभाव का अध्ययन

कोविड–19 के फैलते संक्रमण ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट पैदा किया; दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बनाए रखा है। वर्ष 2020 की अप्रैल–जून तिमाही में दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं में व्यापक गिरावट देखने को मिली। विशेष रूप से, वित्तीय क्षेत्र और आवास क्षेत्र ने प्रतिबंधों और लॉकडाउन की गंभीरता को काफी हद तक महसूस किया। तदनुसार, रा.आ.बैंक ने आवास वित्त क्षेत्र पर कोविड 19 के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन किया।

कोविड–19 के फैलते संक्रमण ने भारत के आवास एवं आवास वित्त क्षेत्र की चुनौतियों, कोविड–19 के नकारात्मक प्रभाव को कम करने हेतु कारक और उपाय और भारत सरकार, भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा किए गए वापसी के प्रयासों का विश्लेषण करने हेतु प्रयास के साथ इस अध्ययन को 2020 से 2021 के दौरान दो भागों में किया गया।

अध्ययन के निष्कर्षों में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. कोविड–19 के फैलते संक्रमण और उसके बाद के लॉकडाउन ने पूरे आवास वित्त उद्योग के समक्ष कई सारी नई चुनौतियां खड़ी कर दी, जो पहले से ही 2019 से चलनिधि की कमी से जूझ रहा था। हालांकि, चलनिधि समावेश और ऋणस्थगन उपायों की सहायता से आवास वित्त कंपनियों ने महामारी के दौरान अपने कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ना जारी रखा।

2. आ.वि.कं. की समग्र ऋण स्वीकृतियां वित्त वर्ष 2020–21 की पहली तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष 2020–21 की तीसरी तिमाही में दोगुना से अधिक रही। संवितरण ने भी इसी प्रवृत्ति को अपनाया और चुकौती के बावजूद कुल बकाया में भी बढ़ोतरी हुई। तीसरी तिमाही में वृद्धि विशेष रूप से वर्ष के अंत के दौरान जबरदस्त रही है, जिसमें किफायती और लक्जरी आवास बाजार पूर्व–कोविड स्तरों के करीब पहुंच गया। आवास ऋण की कम दरें, समेकन, वर्क फ्रॉम होम के कारण बड़े घरों की जरूरत और संपत्तियों में रेडी–टू–मूव रिहायशी आवास बाजार की वापसी के कारण रहे।

3. आवास वित्त ऋणों का जीएनपीए प्रतिशत समान बना रहा और तीन तिमाहियों में घट गया और वर्ष की अंतिम तिमाही यानी जनवरी–मार्च 2021 के दौरान मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, एनएनपीए के स्तर में स्वीकृतियों, बकाया और संवितरण वृद्धि के बावजूद गिरावट बनी रही। यह आवास वित्त बाजार के पूर्व–कोविड स्तरों पर आने का स्पष्ट संकेत है।

आवास वित्त पोर्टफोलियो में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, यह नोट किया गया कि किफायती आवास पोर्टफोलियो में विकास की काफी संभावना है। किफायती आवास खंड, बड़े पैमाने पर आ.वि.कं. द्वारा पूरा किया जाता है, जिन्होंने औपचारिक आय प्रमाणों की कमी को देखते हुए, उधारकर्ताओं की चुकौती क्षमता का आकलन करने के लिए अपने स्वयं के आंतरिक मॉडल विकसित किए हैं। इसके अलावा, मौजूदा महामारी के कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में लोगों के अपने गृहनगर में रहने के कारण ऐसे शहरों में किफायती आवास की भारी मांग पैदा होने की उम्मीद है। ऐसे अवसर, यदि पूंजी लगाए जाएं, तो आवास और आवास वित्त क्षेत्र में अनुकूल वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ–साथ आवास वित्त कंपनियों के बाजार हिस्से में विस्तार कर सकता है और उनके पक्ष में बाजार का विश्वास बढ़ा सकता है।

इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में आ.वि.कं. को रा.आ.बैंक पुनर्वित्त के साथ–साथ भा.रि.बैंक द्वारा चलनिधि उपायों का भी विश्लेषण किया गया जिसके कारण उधार लागत कम हुई है और महत्वपूर्ण चलनिधि अधिशेष हुआ जो आखिरकार उधारकर्ता को ही प्राप्त हुआ। इस अध्ययन से महसूस हुआ कि निम्नलिखित उपायों से बाजार इस सकंट से पूरी तरह उबर जाएगा:

क. आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित आर्थिक पैकेज के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को भारत सरकार की सहायता विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने, भारत की निर्भरता को कम करने और रोजगार सृजन में वृद्धि और टियर 2 और टियर 3 शहरों में या विशेष आर्थिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक और आवासीय अचल संपत्ति दोनों में मांग में वृद्धि को सुगम बनाएगा।

ख. रा.आ.बैंक की विशेष पुनर्वित्त योजना और अतिरिक्त विशेष पुनर्वित्त योजना ने आवास वित्त कंपनियों को विशेष रूप से किफायती आवास खंड में चलनिधि प्रदान की। इसने उन्हें मौजूदा ऋणों और मौजूदा चुकौती के पुनर्गठन और संपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद की है।

ग. प्रवासी कामगारों और शहरी गरीबों के लिए किफायती किराया आवास योजना को बढ़ावा देने से, जिन्हें कोविड–19 के दौरान खराब आवास सुविधाओं के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा, बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाओं के साथ कम लागत वाले संगठित आवास की उपलब्धता में वृद्धि होगी।

मध्यम आय वर्ग के लिए सीएलएसएस के विस्तार के साथ ब्याज की कम दरों और बचत से हमें वित्त वर्ष 2020–21 की अंतिम तिमाही के दौरान बेहतर उपभोक्ता भावनाओं को देखने में मदद मिली। इससे मुख्य रूप से किफायती और मध्य खंडों की मांग में वृद्धि हुई है। कुछ राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा कर और अन्य प्रोत्साहनों के रूप में स्टांप शुल्क को कम करने के साथ ही विशेष रूप से नई किफायती आवास परियोजनाओं के साथ आने वाले बिल्डरों और विकासकों के कारण इस मांग के बने रहने की संभावना है।

5.3 परिदृश्य

समय के साथ, कोविड–19 महामारी ने बाजार के काम करने के ढंग को बदल दिया है और घर से काम करने के मानदंड ने टियर –2 और टियर –3 शहरों को भू–संपदा क्षेत्र के लिए के अवसरों के रूप में सामने ला दिया है। ये शहर लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहे हैं। आने वाले कई औद्योगिक कोरिडोर इन छोटे शहरों से होकर गुजरने वाले हैं और इससे निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

अपना खुद का घर होने की भावना में अप्रत्याशित वृद्धि, प्रौद्योगिकी और डिजिटल मार्केटिंग को तेजी से अपनाने और नवीन व्यवसाय पद्धतियों ने भारतीय रिहायशी आवास क्षेत्र पर कोविड –19 के समग्र प्रभाव को कम करने का काम किया है। स्टाम्प ड्यूटी दरों में कटौती, पीएमएवाई योजना के तहत निम्न ब्याज दर और ब्याज राहत से जुड़े नीतिगत बदलावों ने टियर II और टियर III शहरों में भी किफायती आवास खंड में वृद्धि को सहायता प्रदान की है। आवास खंड में मांग बढ़ती दिख रही है और भविष्य उज्जवल दिख रहा है।

हालाँकि, कोविड–19 के तेजी से फैलने वाले ओमिक्रॉन वैरिएंट और लोगों की आवाजाही पर परिणामी प्रतिबंधों के कारण मांग में सुधार में देरी हो सकती है और बिक्री पर मामूली असर पड़ सकता है।

अनुबंध I: एनएचबी रेजीडेक्स

क. जून 2021 को समाप्त तिमाही हेतु एचपीआई @ आकलन मूल्य

शहर का नाम	सूचकांक					तिमाही-दर-तिमाही				वर्ष-दर-वर्ष
	जून-20	सितंबर-20	दिसंबर-20	मार्च-21	जून-21	सितंबर-20 बनाम जून-20	दिसंबर-20 बनाम सितंबर-20	मार्च-21 बनाम दिसंबर-20	जून-21 बनाम मार्च-21	जून-21 बनाम जून-20
अहमदाबाद	141	143	147	152	156	1.40%	2.80%	3.40%	2.60%	10.60%
बेंगलुरु	116	116	116	118	119	0.00%	0.00%	1.70%	0.80%	2.60%
भिवाड़ी	118	117	116	113	114	-0.80%	-0.90%	-2.60%	0.90%	-3.40%
भोपाल	109	109	108	105	104	0.00%	-0.90%	-2.80%	-1.00%	-4.60%
भुवनेश्वर	121	121	118	123	125	0.00%	-2.50%	4.20%	1.60%	3.30%
बिधान नगर	112	113	112	111	113	0.90%	-0.90%	-0.90%	1.80%	0.90%
चाकन	99	99	101	102	100	0.00%	2.00%	1.00%	-2.00%	1.00%
चंडीगढ़ (ट्राइसिटी)	109	110	112	116	115	0.90%	1.80%	3.60%	-0.90%	5.50%
चेन्नई	104	103	102	104	104	-1.00%	-1.00%	2.00%	0.00%	0.00%
कोयंबटूर	114	112	112	112	112	-1.80%	0.00%	0.00%	0.00%	-1.80%
देहरादून	109	112	116	114	115	2.80%	3.60%	-1.70%	0.90%	5.50%
दिल्ली	92	92	91	95	93	0.00%	-1.10%	4.40%	-2.10%	1.10%
फरीदाबाद	97	97	98	101	101	0.00%	1.00%	3.10%	0.00%	4.10%
गांधीनगर	142	146	147	150	151	2.80%	0.70%	2.00%	0.70%	6.30%
गाजियाबाद	103	103	102	103	104	0.00%	-1.00%	1.00%	1.00%	1.00%
ग्रेटर नोएडा	108	108	111	112	113	0.00%	2.80%	0.90%	0.90%	4.60%
गुरुग्राम	104	104	103	103	103	0.00%	-1.00%	0.00%	0.00%	-1.00%
गुवाहाटी	128	130	131	133	133	1.60%	0.80%	1.50%	0.00%	3.90%
हावड़ा	111	110	108	109	108	-0.90%	-1.80%	0.90%	-0.90%	-2.70%
हैदराबाद	137	139	142	146	148	1.50%	2.20%	2.80%	1.40%	8.00%
इंदौर	116	115	115	117	117	-0.90%	0.00%	1.70%	0.00%	0.90%
जयपुर	106	105	104	104	105	-0.90%	-1.00%	0.00%	1.00%	-0.90%
कल्याण डोंबिवली	111	111	113	113	114	0.00%	1.80%	0.00%	0.90%	2.70%
कानपुर	110	111	112	113	113	0.90%	0.90%	0.90%	0.00%	2.70%
कोच्चि	116	117	120	120	121	0.90%	2.60%	0.00%	0.80%	4.30%

चार तिमाही औसत मूल्य विचलन के आधार पर तैयार

शहर का नाम	सूचकांक					तिमाही-दर-तिमाही				वर्ष-दर-वर्ष
	जून-20	सितंबर-20	दिसंबर-20	मार्च-21	जून-21	सितंबर-20 बनाम जून-20	दिसंबर-20 बनाम सितंबर-20	मार्च-21 बनाम दिसंबर-20	जून-21 बनाम मार्च-21	जून-21 बनाम जून-20
कोलकाता	114	115	116	116	115	0.90%	0.90%	0.00%	-0.90%	0.90%
लखनऊ	114	113	112	111	112	-0.90%	-0.90%	-0.90%	0.90%	-1.80%
लुधियाना	130	131	131	125	121	0.80%	0.00%	-4.60%	-3.20%	-6.90%
मेरठ	105	108	109	111	111	2.90%	0.90%	1.80%	0.00%	5.70%
मीरा भायंदर	112	111	115	115	117	-0.90%	3.60%	0.00%	1.70%	4.50%
मुंबई	112	108	106	105	105	-3.60%	-1.90%	-0.90%	0.00%	-6.30%
नागपुर	113	109	105	107	109	-3.50%	-3.70%	1.90%	1.90%	-3.50%
नासिक	107	106	105	105	105	-0.90%	-0.90%	0.00%	0.00%	-1.90%
नवी मुंबई	100	100	107	118	118	0.00%	7.00%	10.30%	0.00%	18.00%
न्यू टाउन कोलकाता	122	124	127	126	126	1.60%	2.40%	-0.80%	0.00%	3.30%
नोएडा	107	105	104	108	110	-1.90%	-1.00%	3.80%	1.90%	2.80%

शहर का नाम	सूचकांक					तिमाही-दर-तिमाही				वर्ष-दर-वर्ष
	जून-20	सितंबर-20	दिसंबर-20	मार्च-21	जून-21	सितंबर-20 बनाम जून-20	दिसंबर-20 बनाम सितंबर-20	मार्च-21 बनाम दिसंबर-20	जून-21 बनाम मार्च-21	जून-21 बनाम जून-20
पनवेल	107	105	114	118	120	-1.90%	8.60%	3.50%	1.70%	12.10%
पटना	126	133	134	130	130	5.60%	0.80%	-3.00%	0.00%	3.20%
पिंपरी चिंचवाड़	104	103	102	102	102	-1.00%	-1.00%	0.00%	0.00%	-1.90%
पुणे	114	114	112	112	112	0.00%	-1.80%	0.00%	0.00%	-1.80%
रायपुर	113	113	116	116	119	0.00%	2.70%	0.00%	2.60%	5.30%
राजकोट	104	104	102	103	103	0.00%	-1.90%	1.00%	0.00%	-1.00%
रांची	117	119	120	125	125	1.70%	0.80%	4.20%	0.00%	6.80%
सूरत	115	117	118	119	121	1.70%	0.90%	0.80%	1.70%	5.20%
ठाणे	117	114	114	112	113	-2.60%	0.00%	-1.80%	0.90%	-3.40%
तिरुवनंतपुरम	125	130	135	133	138	4.00%	3.80%	-1.50%	3.80%	10.40%
वडोदरा	125	126	126	126	128	0.80%	0.00%	0.00%	1.60%	2.40%
वसई विरार	102	101	104	105	105	-1.00%	3.00%	1.00%	0.00%	2.90%
विजयवाड़ा	99	100	100	101	100	1.00%	0.00%	1.00%	-1.00%	1.00%
विशाखापत्नम	115	118	120	118	119	2.60%	1.70%	-1.70%	0.80%	3.50%

चार तिमाही औसत मूल्य विचलन के आधार पर तैयार

ख. जून 2021 को समाप्त तिमाही हेतु निर्माणाधीन संपत्तियों हेतु एचपीआई @ बाजार मूल्य

शहर का नाम	सूचकांक					तिमाही-दर-तिमाही				वर्ष-दर-वर्ष
	जून-20	सितंबर-20	दिसंबर-20	मार्च-21	जून-21	सितंबर-20 बनाम जून-20	दिसंबर-20 बनाम सितंबर-20	मार्च-21 बनाम दिसंबर-20	जून-21 बनाम मार्च-21	जून-21 बनाम जून-20
अहमदाबाद	102	102	103	104	106	0.00%	1.00%	1.00%	1.90%	3.90%
बेंगलुरु	105	105	106	107	108	0.00%	1.00%	0.90%	0.90%	2.90%
भिवाड़ी	97	97	97	96	96	0.00%	0.00%	-1.00%	0.00%	-1.00%
भोपाल	102	102	102	103	103	0.00%	0.00%	1.00%	0.00%	1.00%
भुवनेश्वर	109	109	107	109	112	0.00%	-1.80%	1.90%	2.80%	2.80%
बिधान नगर	118	119	119	118	118	0.80%	0.00%	-0.80%	0.00%	0.00%
चाकन	101	101	101	101	101	0.00%	0.00%	0.00%	0.00%	0.00%
चंडीगढ़ (ट्राइसिटी)	99	100	102	106	108	1.00%	2.00%	3.90%	1.90%	9.10%
चेन्नई	101	101	101	102	102	0.00%	0.00%	1.00%	0.00%	1.00%
कोयंबटूर	105	105	106	106	104	0.00%	1.00%	0.00%	-1.90%	-1.00%
देहरादून	101	102	103	104	106	1.00%	1.00%	1.00%	1.90%	5.00%
दिल्ली	95	95	95	96	97	0.00%	0.00%	1.10%	1.00%	2.10%
फरीदाबाद	87	87	86	85	84	0.00%	-1.10%	-1.20%	-1.20%	-3.40%
गांधीनगर	116	116	117	118	115	0.00%	0.90%	0.90%	-2.50%	-0.90%
गाजियाबाद	105	105	106	109	112	0.00%	1.00%	2.80%	2.80%	6.70%
ग्रेटर नोएडा	105	107	107	110	114	1.90%	0.00%	2.80%	3.60%	8.60%
गुरुग्राम	101	102	104	106	108	1.00%	2.00%	1.90%	1.90%	6.90%
गुवाहाटी	112	112	111	111	113	0.00%	-0.90%	0.00%	1.80%	0.90%
हावड़ा	99	99	100	100	101	0.00%	1.00%	0.00%	1.00%	2.00%
हैदराबाद	129	131	134	137	140	1.60%	2.30%	2.20%	2.20%	8.50%
इंदौर	119	119	120	120	121	0.00%	0.80%	0.00%	0.80%	1.70%
जयपुर	109	107	103	101	101	-1.80%	-3.70%	-1.90%	0.00%	-7.30%
कल्याण डोंबिवली	113	112	112	112	113	-0.90%	0.00%	0.00%	0.90%	0.00%
कानपुर	106	106	105	106	108	0.00%	-0.90%	1.00%	1.90%	1.90%
कोच्चि	96	96	97	98	98	0.00%	1.00%	1.00%	0.00%	2.10%

चार तिमाही औसत मूल्य विचलन के आधार पर तैयार

शहर का नाम	सूचकांक					तिमाही-दर-तिमाही				वर्ष-दर-वर्ष
	जून-20	सितंबर-20	दिसंबर-20	मार्च-21	जून-21	सितंबर-20 बनाम जून-20	दिसंबर-20 बनाम सितंबर-20	मार्च-21 बनाम दिसंबर-20	जून-21 बनाम मार्च-21	जून-21 बनाम जून-20
कोलकाता	109	108	108	108	109	-0.90%	0.00%	0.00%	0.90%	0.00%
लखनऊ	110	112	114	115	113	1.80%	1.80%	0.90%	-1.70%	2.70%
लुधियाना	97	97	97	99	101	0.00%	0.00%	2.10%	2.00%	4.10%
मेरठ	97	99	100	101	103	2.10%	1.00%	1.00%	2.00%	6.20%
मीरा भायंदर	113	114	114	115	116	0.90%	0.00%	0.90%	0.90%	2.70%
मुंबई	100	99	98	98	97	-1.00%	-1.00%	0.00%	-1.00%	-3.00%
नागपुर	112	111	111	110	109	-0.90%	0.00%	-0.90%	-0.90%	-2.70%
नासिक	99	98	98	98	98	-1.00%	0.00%	0.00%	0.00%	-1.00%
नवी मुंबई	122	122	123	125	125	0.00%	0.80%	1.60%	0.00%	2.50%
न्यू टाउन कोलकाता	107	106	107	107	108	-0.90%	0.90%	0.00%	0.90%	0.90%
नोएडा	93	93	92	93	95	0.00%	-1.10%	1.10%	2.20%	2.20%
पनवेल	104	105	106	105	105	1.00%	1.00%	-0.90%	0.00%	1.00%
पटना	122	122	123	131	137	0.00%	0.80%	6.50%	4.60%	12.30%
पिंपरी चिंचवाड़	93	92	92	92	92	-1.10%	0.00%	0.00%	0.00%	-1.10%
पुणे	96	94	93	93	93	-2.10%	-1.10%	0.00%	0.00%	-3.10%
रायपुर	109	110	112	111	111	0.90%	1.80%	-0.90%	0.00%	1.80%
राजकोट	103	102	101	101	103	-1.00%	-1.00%	0.00%	2.00%	0.00%
रांची	101	103	105	107	108	2.00%	1.90%	1.90%	0.90%	6.90%
सूरत	103	103	103	102	102	0.00%	0.00%	-1.00%	0.00%	-1.00%
ठाणे	101	100	100	100	99	-1.00%	0.00%	0.00%	-1.00%	-2.00%
तिरुवनंतपुरम	102	104	105	106	107	2.00%	1.00%	1.00%	0.90%	4.90%
वडोदरा	112	113	112	112	112	0.90%	-0.90%	0.00%	0.00%	0.00%
वसई विरार	108	108	108	110	111	0.00%	0.00%	1.90%	0.90%	2.80%
विजयवाड़ा	97	96	95	95	94	-1.00%	-1.00%	0.00%	-1.10%	-3.10%
विशाखापत्नम	113	114	117	120	122	0.90%	2.60%	2.60%	1.70%	8.00%

चार तिमाही औसत मूल्य विचलन के आधार पर तैयार

अनुबंध II: आवास निर्माण में राज्य स्तरीय पहलें

राज्य सरकारें अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से आवास उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न पहल कर रही हैं। कुछ राज्यों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम नीचे बॉक्स में दिए गए हैं।

आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश शहरी किफायती आवास और पर्यावास नीति – आंध्र प्रदेश सरकार ने आवास की कमी से निपटने और 2022 तक सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पहले कदम के रूप में 'शहरी किफायती आवास और आवास नीति' तैयार करने का कार्य शुरू किया है। नीति का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति बेघर न रहे।

इस नीति में विभिन्न आवास विकल्पों, अंतिम उपयोगकर्ता की क्रय शक्ति, भूमि के स्वामित्व, शामिल निर्माण एजेंसी और आवश्यक वित्तपोषण के प्रकार को ध्यान में रखते हुए आवास और आवास रणनीतियों को विकसित करने के लिए एक नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

नीतिगत हस्तक्षेप के क्षेत्रों की बात की जाए तो वे हैं अंतिम उपयोगकर्ता प्रोफ़ाइल का विकास, पहुंच और स्वामित्व के लिए संभावित मॉडल, पर्यावास विकास के लिए संभावित दृष्टिकोण, भूमि स्वामित्व की स्थापना, आवास निर्माण के लिए एजेंसी, अवसंरचना के विकास के लिए एजेंसी आदि है।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य के 517 शहरों का चयन किया गया है।*
- *20,40,541 आवासों में से 16,61,642 आवासों का निर्माण शुरू हो चुका है और 4,79,203 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। – (निर्माण शुरू हो चुके और पूर्ण हो चुके में पहले के एनयूआरएम के अधूरे आवास शामिल हैं)।*

छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल (सीजीएचबी) समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय समूहों की आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए 'अटल आवास योजना' और 'दीनदयाल आवास योजना' जैसी योजनाओं के तहत ''सबके लिए आवास'' प्रदान करने पर काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल (सीजीएचबी) का उद्देश्य अपने सभी नागरिकों के लिए आवश्यक सहायक बुनियादी ढांचे युक्त आवास उपलब्ध करना ही सुनिश्चित करना है। सीजीएचबी की कुछ योजनाएं हैं:

- **अटल विहार योजना:** अटल विहार योजना शुरू की गई है जिसके तहत मण्डल राज्य में एक लाख आवासों का निर्माण करेगा। इस योजना के तहत अलग–अलग आय वर्ग के लिए अलग–अलग मॉडल के मकान किफायती दाम पर बनाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल गुणवत्ता से समझौता किये बिना गरीबों के आवास निर्माण के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन कर रहा है। ₹6 लाख से कम वार्षिक आय वाले एलआईजी परिवार और ₹3 लाख से कम वार्षिक आय वाले ईडब्ल्यूएस परिवारों को राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है। एलआईजी परिवार से संबंधित प्रत्येक चयनित लाभार्थी को सब्सिडी के रूप में ₹40,000 मिलते हैं, जबकि ईडब्ल्यूएस परिवार से संबंधित प्रत्येक चयनित लाभार्थी को सब्सिडी के रूप में ₹80,000 मिलते हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित अटल विहार योजना के तहत राज्य सरकार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल को सरकारी भूमि की उपलब्धता के आधार पर एक रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से भूमि उपलब्ध करा रही है।
- **अटल आवास योजना:** राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित अटल आवास योजना के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में

बड़ी संख्या में आवासों का निर्माण किया गया है। इसमें योजना के तहत कुल 8,897 आवासों का निर्माण शामिल है। ईडब्ल्यूएस परिवार से संबंधित लाभार्थी को सब्सिडी के रूप में ₹50,000 मिलते हैं।

- **दीन दयाल आवास योजनाः** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की अन्य आवास निर्माण परियोजनाओं की तरह, दीनदयाल आवास योजना ने भी निम्न आय वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की आवास जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभिन्न जिलों में इस योजना के तहत इन वर्गों से संबंधित लोगों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराए गए आवासों ने न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार किया है, बल्कि उनके सामाजिक–आर्थिक स्तर को भी एक नया रूप दिया है। इस योजना के तहत अब तक लगभग 17,512 आवासों का निर्माण किया जा चुका है।

- **सामान्य आवास योजनाः** आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्ग के लिए आवास सुविधा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल समाज के अन्य सभी वर्गों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में भी प्रयासरत है। इसी दिशा में, सीजीएचबी ने विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, जिसके तहत समाज के विभिन्न वर्गों की मांगों और जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विभिन्न आकार, प्रकार, आकृति और लागत के आवासों का निर्माण किया गया है।

- **कुशाभाऊ ठाकरे आवास योजनाः** वर्ष 2006 में शुरू हुई यह योजना मध्यम आय वर्ग के लिए है। इस योजना के अंतर्गत 1000 वर्ग फुट के भूखंड पर 600 वर्ग फुट निर्माण हेतु डिजाइन तैयार किया गया था। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल ने इस योजना के तहत पर्यवेक्षण शुल्क पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान किया है।

- **नया रायपुर अटल नगर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजनाः** अटल नगर मुख्यमंत्री आवास योजना 2015 में शुरू की गई थी और बाद में केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना में इसका विलय कर दिया गया। इस योजना के तहत, ईडब्ल्यूएस और एलआईजी लाभार्थियों को केंद्र के साथ–साथ राज्य सरकार से भी सब्सिडी मिलती है।

- **विशेष आवास योजनाः** इस योजना के तहत कुल 1,156 घरों का निर्माण किया गया है। इसमें अल्प आय वर्ग के लाभार्थियों के लिए सेरीखेड़ी एवं धरमपुरा में आवास निर्माण किया जाना है तथा विधायक एवं सांसद के लिए आवास निर्माण हेतु भी भूखण्डों का आबंटन किया गया है।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 165 शहरों का चयन किया गया है।*
- *2,99,390 आवासों में से 2,34,991 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 1,47,065 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

गुजरात

किफायती आवास मिशन (एएचएम) निम्नलिखित ध्यानाकर्षण क्षेत्रों के साथ गुजरात के शहरी क्षेत्रों में स्लम पुनर्वास और किफायती आवास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) के रूप में कार्य करता है:

- **मलिन बस्तियों का स्व-स्थाने पुनर्विकासः** जहां तक संभव हो, जहां पर मलिन बस्ती हैं उसी स्थान पर रहने योग्य मलिन बस्तियों का पुनर्वास।

- **झुग्गी बस्तियों का पुनर्वासः** गैर–रहने योग्य मलिन बस्तियों (जहां स्व–स्थाने पुनर्विकास संभव नहीं है) का निकटतम आसपास के क्षेत्र में पुनर्वास, मलिन बस्ती निवासियों को बुनियादी नागरिक और सामाजिक सुविधा युक्त आवास प्रदान करना।

- **किफायती आवासः** बुनियादी नागरिक और सामाजिक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराने वाली किफायती आवास परियोजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणी के आवासों का आरक्षण।

- **सार्वजनिक आवास का पुनर्विकासः** जीर्ण–शीर्ण सार्वजनिक आवास योजना का पुनर्विकास, बुनियादी नागरिक और सामाजिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करना और सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी मॉडल) के माध्यम से शहरी गरीबों को आवास का प्रावधान।

कार्यक्रमः

1. **राजीव आवास योजना (आरएवाई)** में समावेशी और साम्यिक शहरों से युक्त ''मलिन बस्ती मुक्त भारत'' की परिकल्पना की गई है जिसमें प्रत्येक नागरिक को बुनियादी नागरिक अवसंरचना और सामाजिक सुविधाओं तथा उचित आश्रय उपलब्ध हो।

2. **18 जुलाई 2013 को मुख्यमंत्री गृह योजना (एमएमजीवाई)** की घोषणा शहरी क्षेत्रों को 'मलिन बस्ती मुक्त' बनाने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के शहरी परिवारों को किफायती मूल्य पर आवास उपलब्ध कराने के लिए की गई थी। मुख्यमंत्री गृह योजना (एमएमजीवाई) के तहत निम्नलिखित नीतियां हैं:

    - गुजरात मलिन बस्ती पुनर्वास नीति – पात्र मलिन बस्ती निवासियों के लिए मलिन बस्ती पुनर्वास और पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए पीपीपी: 2013 शुरू की गई।

    - गुजरात किफायती आवास नीति: 2014 ईडब्ल्यूएस, एलआईजी I/II और एमआईजी I के तहत आने वाले लाभार्थियों के लिए शुरू की गई, जिसमें उन्हें सस्ती कीमत पर बुनियादी नागरिक सुविधाओं वाले आवास मिलते हैं।

3. **प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिए आवास (शहरी)** वर्ष 2015–2022 के दौरान लागू किया जाएगा और 2022 तक सभी पात्र परिवारों/लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसियों को केंद्रीय सहायता प्रदान करेगा। 2011 की जनगणना के अनुसार सभी वैधानिक शहर और बाद में अधिसूचित शहर मिशन के तहत कवरेज के लिए पात्र होंगे।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 443 शहरों का चयन किया गया है।*

- *8,56,982 आवासों में से 7,87,299 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 6,28,499 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

कर्नाटक

कर्नाटक सरकार ने 2013 में शहरी क्षेत्रों के लिए अपनी किफायती आवास नीति अधिसूचित की और नए आवासो के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। कर्नाटक किफायती आवास नीति (केएएचपी) 2016 मौजूदा आवास में सुधार और नए आवास के निर्माण पर समान रूप से केंद्रित है।

नीति के उद्देश्य

- बीपीएल/ईडब्ल्यूएस/एलआईजी परिवारों के लिए मौजूदा आवास में सुधार करना और भविष्य के अधिवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किफायती आवास स्टॉक का निर्माण करना।
- स्थानीय, राज्य और केंद्र सरकारों के मौजूदा आवास योजनाओं को संरेखित करके उनके बीच प्रभावी भागीदारी बनाना।
- सतत कार्यान्वयन और परिणामों को सक्षम करने के लिए गरीब शहरी परिवारों और समुदायों के साथ काम करना।
- किफायती आवास की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए निजी विकासकों के साथ प्रभावी भागीदारी बनाना।

किफायती आवास के मॉडल

कर्नाटक सरकार का लक्ष्य इस नीति के तहत सात सुपुर्दगी मॉडल के कार्यान्वयन के माध्यम से मौजूदा आवास की कमी को दूर करना और भविष्य की आवास मांग को पूरा करना है:

1. मॉडल 1: लाभार्थी आधारित आवास का संवर्धन
2. मॉडल 2: लाभार्थी आधारित नए आवास का निर्माण
3. मॉडल 3: स्व–स्थाने मलिन बस्ती उन्नयन
4. मॉडल 4: स्व–स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास
5. मॉडल 5: भूखंड विकास और आवास एवं सेवाओं से युक्त स्थल
6. मॉडल 6: सामूहिक आवास एवं टाउनशिप परियोजनाएं
7. मॉडल 7: भागीदारी मे किफायती सामूहिक आवास

- **राजीव गांधी ग्रामीण आवास निगम लिमिटेड (आरजीआरएचसीएल)** – आरजीआरएचसीएल का मुख्य उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास प्रदान करना है।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 278 शहरों का चयन किया गया है।*
- *6,88,295 आवासों में से 5,62,457 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 2,64,278 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश जिसमें भोपाल और आसपास के क्षेत्र शामिल है, में विकास गतिविधियों की योजना निर्माण और समन्वय के लिए भोपाल विकास प्राधिकारण, मध्य प्रदेश सकरार एक शीर्ष निकाय के रूप में काम कर रही है। विशेष तौर पर, यह नए विकास केंद्रों को विकसित करने और क्षेत्र में परिवहन, आवास, जल आपूर्ति और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए प्रमुख परियोजनाओं की परिकल्पना, संवर्धन और निगरानी करता है।

- अटल आश्रय योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए किफायती आवास–प्राधिकरण 24.40 हेक्टेयर भूमि में 3080 आवासीय इकाइयों (ईडब्ल्यूएस के लिए 1152 और एलआईजी के लिए 1928) के निर्माण की प्रक्रिया में है। इसके अलावा, प्राधिकरण 21.22 हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त 2,516 आवासीय इकाइयों (ईडब्ल्यूएस के लिए 896 और एलआईजी के लिए 1620) के निर्माण आरंभ करने की प्रक्रिया में भी है।

ईडब्ल्यूएस इकाइयों में 32.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक शयनकक्ष और एक बैठक कक्ष है। इसी प्रकार लगभग 46 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एलआईजी आवासों का निर्माण किया जा रहा है तथा इनमें दो शयन कक्ष एवं एक बैठक कक्ष है।

- जेएनएनयूआरएम/राजीव आवास योजना के तहत मलिन बस्ती पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास : भोपाल विकास प्राधिकरण ने जेएनएनयूआरएम–बीएसयूपी योजना के तहत मलिन बस्ती वासियों के पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास के लिए 1395 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया है। इसके अलावा, प्राधिकरण ने राजीव आवास योजना (आरएवाई) के तहत 1032 आवासीय इकाइयों के निर्माण की योजना भी शुरू की है।

- स्व–वित्तपोषण के आधार पर सभी आय समूहों के लिए आवासीय योजनाएं: प्राधिकरण की स्व–वित्तपोषित योजनाओं के हिस्से के रूप में, भोपाल विकास प्राधिकरण ने हमेशा से समाज के विभिन्न वर्गों की आवास जरूरतों को पूरा करने के प्रति लक्षित किफायती आवास के विकास की दिशा में प्रयास किया है, विशेष रूप से ऐसे लोग जो योजनाओं के परिभाषित पात्रता मानदंड के कारण किफायती आवास योजना और आरएवाई के तहत आवास पाने के पात्र नहीं हैं। इन आवासीय योजनाओं के तहत, प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित नगर विकास योजनाओं के हिस्से के रूप में प्राधिकरण 7,384 आवास इकाइयों/भूखंडों (ईडब्ल्यूएस–4,067 और एलआईजी–3,317) को विकसित करने की प्रक्रिया में है।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 408 शहरों का चयन किया गया है।*

- *8,65,129 आवासों में से 7,79,603 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 4,72,651 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र को 2022 तक 19.40 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने और मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन की गति को बढ़ाने के लिए, वर्ष 2022 तक पूरे महाराष्ट्र राज्य में 5 लाख किफायती घरों के निर्माण का प्राथमिक उद्देश्य के साथ महाराष्ट्र सरकार ने ''महाराष्ट्र आवास विकास निगम लिमिटेड'' का गठन किया है, जिसे ''माहा हाउसिंग'' कहा जाता है।

निगम के उद्देश्य और कार्य

निगम का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत किफायती आवास की वृहद् परियोजनाओं (लगभग 5,000 घरों के साथ टाउनशिप) को विकसित करना होगा।

निगम के प्रमुख कार्यों और जिम्मेदारियों में शामिल हैं:

- 2022 तक ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के लिए कम से कम 5 लाख किफायती आवासों का निर्माण करना

- राज्य और केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रावधानों के अनुसार वृहद् परियोजनाओं को स्वयं या अन्य सरकारी संगठनों या निजी डेवलपर्स के सहयोग से विकसित करना।

- नगर नियोजन अधिनियम के प्रावधान के अनुसार नए किफायती आवास शहरों का विकास और समग्र शहर विकास योजना और राज्य और केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं/पहलों के साथ किफायती आवास की परियोजनाओं को एकीकृत करना।

- माहा हाउसिंग में निहित या उससे संबंधित सभी भूमि, आवासों और इमारतों या अन्य संपत्ति का प्रबंधन करना
- माहा आवास के उद्देश्य को पूरा करने के उद्देश्य से संसाधन जुटाना और महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों, यदि कोई हो, के अधीन संसाधनों का उपयुक्त आवंटन करना।
- किफायती आवास विकसित करने के लिए नवीन मॉडलों/प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करना
- तृतीय पक्ष सलाहकारों के माध्यम से किफायती आवास परियोजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करना
- पात्र लोगों को आवास आवंटन का निष्पक्ष एवं पारदर्शी आवंटन सुनिश्चित करना।
- महाराष्ट्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से किफायती आवास वृहद् परियोजनाओं के निर्माण के लिए नीतियां निर्धारित करना

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 651 शहरों का चयन किया गया है।*
- *13,52,471 आवासों में से 8,04,197 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 5,27,949 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

ओडिशा

शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास के लिए नीति, ओडिशा, 2015: ओडिशा सरकार ने राज्य स्तर पर ''सबके लिए आवास'' को सर्वोच्च प्राथमिकता वाले मिशन के रूप में लिया है। इसका उद्देश्य बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए किफायती आवास स्टॉक की स्थिर आपूर्ति तैयार के लिए रणनीतियां बनाने की दिशा में काम करना है। 7 वर्षों की अवधि में, सरकार शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी को पूरी तरह से दूर करने का इरादा रखती है और एक कार्य संबंधी प्रणाली लागू की है, जिसमें आपूर्ति मांग से मेल खाए।

ओडिशा सरकार ने रणनीतियों का एक संग्रह लागू करने का निर्णय लिया है जो किफायती आवास के आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष दोनों पर ध्यान देगा और उन्हें आजीविका संवर्धन के साथ एकीकृत करेगा जैसेः आपूर्ति पक्ष रणनीतियां, मांग पक्ष रणनीतियां, सेवा स्तर रणनीतियां और आजीविका स्तर रणनीतियां।

ओडिशा में सभी के लिए आवास (एचएफए) नीति के तहत मॉडलः ओडिशा सरकार ने इस नीति के तहत हस्तक्षेप के लिए 7 मॉडल की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्र रूप से या एक दूसरे के संयोजन में काम कर सकते हैं।

1. मॉडल–1ः ईडब्ल्यूएस आवास का अनिवार्य विकास
2. मॉडल–2ः ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवास का बाजार आधारित विकास के लिए प्रोत्साहन
3. मॉडल–3ः किफायती आवास परियोजनाओं का विकास
4. मॉडल–4ः स्व–स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास
5. मॉडल–5ः स्थानांतरण और पुनर्वास
6. मॉडल–6ः लाभार्थी आधारित वैयक्तिक आवास का निर्माण या संवर्धन
7. मॉडल–7ः किराया आवास

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 117 शहरों का चयन किया गया है।*
- *2,05,999 आवासों में से 1,39,815 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 1,01,961 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

राजस्थान

राज्य की आवासीय नीतियां

सितंबर 2015 में, राजस्थान सरकार ने सबको पर्याप्त और किफायती आवास प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू की। आवास की कमी से निपटने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा महत्वपूर्ण नीतिगत पहलें की गई हैं।

- **निवाई आवास योजनाः** यह योजना 22.08.2020 को शुरू की गई है। योजना के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग के 38, मध्यम आय वर्ग 'क' के 165, मध्यम आय वर्ग 'ख' के 12 तथा उच्च आय वर्ग के 30 स्वतन्त्र आवासों का निर्माण किया जाना है।
- **प्रताप नगर, सांगानेर/महला/वाटिका (जयपुर):** प्रताप नगर सांगानेर/महला (जयपुर) में 37,560 मकानों/फ्लैटों का निर्माण कार्य शुरू कर दिसंबर 2020 तक 36,240 मकान/फ्लैट का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इनमें से, 32,341 मकान/फ्लैट आवंटियों को सौंपे गए हैं और वर्तमान में प्रताप नगर सांगानेर योजना के तहत विभिन्न आय वर्ग हेतु 1,320 फ्लैटों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- **कुड़ी भगतसानी योजना, जोधपुरः** कुड़ी भगतसानी आवास योजना के तहत मकानों/फ्लैटों का निर्माण शुरू कर दिसंबर 2020 के माह के अंत तक कुल 15,805 आवास/फ्लैट का कार्य पूरा कर लिया गया है और 15,435 आवास/फ्लैट आवेदकों को आवंटित किए जा चुके हैं। कुल 13,352 मकानों/फ्लैटों का भौतिक निर्माण किया जा चुका है। कब्जा आवेदकों को सौंप दिया गया है।

ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवास (राजस्थान के शहरी क्षेत्रों के लिए) पर ध्यान केंद्रित करते हुए किफायती आवास नीति – 2009:

नीति के उद्देश्य:

क) राज्य में विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों की आवास कमी को कम करना।
ख) किफायती आवास (ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवास पर ध्यान देने के साथ) का बड़े पैमाने पर निर्माण करना।
ग) ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणियों के आवासों की लागत को वहनीय सीमा तक कम करना।
घ) पीपीपी मॉडल पर शहरी क्षेत्र में आवास में निवेश को बढ़ावा देना।
ङ) विभिन्न आकर्षक प्रोत्साहनों की पेशकश करके ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के आवासों के निर्माण में निजी डेवलपर्स को शामिल करना।
च) शहरी क्षेत्रों में प्रवासियों के लिए ट्रांजिट निवास स्थान के रूप में किराये के आवास का निर्माण करना, और
छ) मलिन बस्तियों के निर्माण पर नजर रखना।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 459 शहरों का चयन किया गया है।*
- *2,19,535 आवासों में से 1,66,972 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 1,39,002 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

तमिलनाडु

तमिलनाडु स्लम क्लीयरेंस बोर्ड (टीएनएससीबी) को तमिलनाडु में सबके लिए आवास मिशन को लागू करने के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी): भवनों का निर्माण टीएनएससीबी घनी आपत्तिजनक मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए और आपत्तिजनक क्षेत्रों में रहने वाले मलिन बस्ती परिवारों के लिए वैकल्पिक स्थानों में बहु मंजिला भवनों का निर्माण करता है।

इस कार्यक्रम के तहत ₹17,195.16 करोड़ की लागत से 1,66,290 भवनों के लिए भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इनमें से 27,496 भवन पूरे हो चुके हैं, 99,250 का काम प्रगति पर है और 39,544 भवनों का निर्माण किया जाना है।

लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) – वैयक्तिक आवासों का निर्माण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के शहरी परिवारों/मलिन बस्ती में रहने वाले परिवारों, जिनके पास पक्का घर नहीं है, और जिनकी वार्षिक आय से ₹3.00 लाख से कम हैं और जिन्हें घर बनाने के लिए जमीन है, उनको प्रति परिवार ₹2.10 लाख की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। लाभार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कम से कम 325 वर्ग फुट के कारपेट क्षेत्र में स्वयं आवास बनाएं। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, ₹14,731.56 करोड़ की लागत से 4,59,178 व्यक्तिगत आवासों के लिए भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त की गई है, जिसमें से 2,00,600 वैयक्तिक आवास का काम पुरा हो चुका है, 1,16,020 का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और 1,42,558 वैयक्तिक आवासों के निर्माण कार्य शुरू होना है।

बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाएं: विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसे बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान आवास क्षेत्र में सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। विश्व बैंक निम्न हेतु वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है, (1) नीतिगत सुधारों के माध्यम से आवास क्षेत्र को मजबूत करने हेतु किफायती शहरी आवास परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम करने के लिए, (2) बेहतर स्थायित्व हेतु तमिलनाडु के शहरी आवास संस्थानों को मजबूत करने के लिए और (3) चेन्नई के लिए तीसरा मास्टर प्लान तैयार करने हेतु। एशियाई विकास बैंक कमजोर समुदायों, शहरी गरीबों और प्रवासी श्रमिकों के लिए किफायती आवास इकाइयों के निर्माण और क्षेत्रीय योजनाओं की तैयारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

13 दिसंबर, 2021 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत संचयी प्रगति

- *कार्यक्रम में शामिल करने हेतु राज्य में 960 शहरों का चयन किया गया है।*
- *7,19,853 आवासों में से 6,23,798 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 4,58,146 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

उत्तर प्रदेश

आवास और शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश की स्थापना शहरी क्षेत्रों के नियोजित विकास को सुनिश्चित करने और किफायती आवास प्रदान करने के लिए एक सक्षम परिवेश तैयार करने के लिए की गई है।

सभी हितधारकों की भागीदारी के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से सबके लिए कम लागत एवं अच्छी गुणवत्ता वाले किफायती आवास निर्माण की चुनौती का समाधान करने और रहने योग्य मलिन बस्ती मुक्त शहरों को सुनिश्चित करने के लिए, शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवास विकास के लिए कई नीतियां और कार्यक्रम पेश किए गए हैं:

- राज्य में आवास की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से 1995 में राज्य आवास नीति तैयार की गई थी। इस नीति को वर्ष 2009 में संशोधित किया गया था।
